राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

हर खबर की खबर

नई दिल्ली, पटना एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





03 | स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अभियान...

जनता के दरबार में जिलाधिकारी ने सुनी... | 07

वर्ष : 14 | अंक : 127 | पटना, शनिवार, 15 अगस्त, 2026 | विक्रम संवत् 2083 | पेज : 14 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### अवकाश की सूचना

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त दिन शनिवार को प्रातः किरण का दफ्तर बंद रहेगा। अतएव पाठकों को अखबार का अगला अंक 17 अगस्त दिन सोमवार को मिलेगा। प्रातः किरण परिवार की ओर से आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

### टीएचडीसी सुरंग में फंसे 22 लोगों में से 19 को बाहर निकाला, सात लोगों की मौत

चमोली। उत्तराखण्ड में चमोली जिले के पीपलकोटी स्थित टीएचडीसी सुरंग में फंसने से सात लोगों की मौत हो गई है। जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि सुरंग में कुल 22 लोगों के फंसे होने की सूचना थी, जिनमें से रातभर चले राहत एवं बचाव अभियान में अब तक 19 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं शेष तीन लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान लगातार जारी है। घटना के बाद राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग के लिए सुरंग के अंदर गए छह बचावकर्मी भी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि घटना में अभी तक सात लोगों की मृत्यु की सूचना है।

### आईआरसीटीसी मामले में लालू परिवार पर आरोप तय करने का फैसला फिर टला, अब 27 अगस्त को सुनवाई

नई दिल्ली। आईआरसीटीसी घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू परिवार के खिलाफ आरोप तय करने पर राऊज एवेन्यू कोर्ट का फैसला एक बार फिर टल गया है। अदालत अब 27 अगस्त को इस मामले में फैसला सुनाएगी। इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने राजद सुप्रीमो लालू यादव, तेजस्वी यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती, हेमा यादव, तेज प्रताप यादव और अन्य के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इससे पहले 31 जुलाई को भी इसी मामले में आरोप तय करने को लेकर फैसला टाल दिया गया था। उस दिन अदालत को लालू परिवार पर आरोप तय करने के संबंध में फैसला देना था।

# तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक : सम्राट

## सीएम की अपील- हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं

**मुख्य बिंदु :-**

- हवेली खड़गपुर के अम्बेदकर चौक से पटेल चौक तक मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा
- जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया
- तिरंगे के साथ लोगों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति का दिया संदेश दिया



प्रात : किरण

पटना। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर में अम्बेदकर चौक से पटेल चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में बिहार सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षद, स्कूली छात्र-छात्राएं, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति और नागरिकों में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने लोगों से इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता की जय के जयघोष, राष्ट्रभक्ति की धुन और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा हवेली खड़गपुर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और गौरव की भावना व्यक्त की।

**सीएम ने बाबा साहेब एवं सरदार पटेल को किया नमनः** मुख्यमंत्री ने यात्रा के दौरान नन्दलाल बसु चौक पर महान कलाकार स्व नन्दलाल बसु, अम्बेदकर चौक पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेदकर तथा पटेल चौक पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यवासियों को दी बधाई

- सीएम बोलें - आपसी भाईचारा, मेल-जोल, सद्भाव, सहिष्णुता का वातावरण बनाये रखें

पटना। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राज्यवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को नमन करते हुये कहा कि राष्ट्रभक्तों के साहस, त्याग एवं बलिदान के फलस्वरूप ही 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आजाद हुआ। हम उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहूति दी। उनके उच्च आदर्श आज भी हम सबों के लिये प्रेरणा के स्रोत हैं। मुख्यमंत्री ने राज्य एवं देशवासियों से अपील की है कि वे आपसी भाईचारा, मेल-जोल, सद्भाव, सहिष्णुता का वातावरण बनाये रखें। देश की आजादी को अक्षुण्ण रखने के लिये आज के दिन हम सब यह संकल्प लें कि हम अपनी एकता और अखण्डता को बनाये रखेंगे और देश को प्रगति, समृद्धि एवं विकास की नई ऊंचाई पर पहुंचायेंगे। देश का नाम दुनिया में रौशन करते रहेंगे।

## भारत विभाजन की विभीषिका को याद रखना जरूरी

पटना। भारत विभाजन की विभीषिका को याद रखना जरूरी है। राष्ट्र रहेगा, तभी हम सब रहेंगे और राष्ट्र प्रथम की भावना सदैव सर्वोपरि होनी चाहिए। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवसह्न के अवसर पर अधिवेशन भवन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वर्ष 1947 के भारत विभाजन में प्राण गंवाने वाले लाखों लोगों एवं विस्थापित परिवारों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को नमन किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखा गया और विभाजन की त्रासदी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म देखी गई। विभाजन की पीड़ा हमें सामाजिक एकता, आपसी भाईचारे, सद्भाव और परस्पर विश्वास को मजबूत करने की सीख देती है। हमारी विविधता और सांस्कृतिक विरासत ही हमारी शक्ति है। विभाजन पीड़ितों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम सब मिलकर राष्ट्र की एकता, अखंडता और समृद्धि को मजबूत करें।

**स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में बोलीं, राष्ट्रपति**

# विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा देश : मुर्मु

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है और अंत्योदय की भावना के अनुरूप विकास का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार और देशवासियों का संकल्प है। उन्होंने कहा कि समृद्ध विरासत और स्वतंत्रता संग्राम के आदर्शों को अपनाते हुए भारत आधुनिक विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि वयं राष्ट्रे जागृयाम का वैदिक संदेश सभी को राष्ट्र के प्रति सदैव जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले सभी महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। मुर्मु ने कहा कि 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन उन लाखों देशवासियों को याद किया जाता है, जो विभाजन की हिंसा में मारे



गए या विस्थापन की त्रासदी झेलने को मजबूर हुए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के समय 550 से अधिक रियासतों को नवस्वाधीन भारत में शामिल करना भी बड़ी चुनौती थी, जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में पूरा किया गया। देश में तेज और समावेशी विकास हुआ उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक से अधिक समय में देश ने तेज और समावेशी विकास किया है। 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालने, प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत करीब 59 करोड़ लोगों को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने और 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 60 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक की निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुर्मु ने डिजिटल बुनियादी ढांचे, राजमार्गों, जलमार्गों, रेलवे और हवाई संपर्क के विस्तार को विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया।

**भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से बढ़ रही आगेः** उन्होंने कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है। आत्मनिर्भर भारत अभियान ने आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय सुरक्षा का आधार मजबूत किया है। साथ ही भारत नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत की विदेश नीति राष्ट्रीय हित, शांति, सहयोग, संवाद और वसुधैव कुटुंबकम् के आदर्शों पर आधारित है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को भावी पीढ़ियों के प्रति जिम्मेदारी बताते हुए एक पेड़ मां के नाम और लाइफ जैसे अभियानों के माध्यम से व्यक्तिगत एवं सामूहिक प्रयासों का आह्वान किया।

# विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करें : मोदी

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर बंटवारे के पीड़ितों और उससे बचे लोगों को याद किया। उन्होंने देश के बंटवारे से हुए भारी मानवीय दुख को याद करते हुए उन लोगों की तारीफ की जिन्होंने उस सदमे से उबरकर अपनी ज़िंदगी को फिर से संवारा। श्री मोदी ने आज इस मौके पर कहा कि बंटवारे ने कई जिंदगियां तहस-नहस कर दीं, परिवारों को उखाड़ फेंका, अपनों को अलग कर दिया और बंटवारे के दोनों तरफ के लोगों को भारी दुख पहुंचाया।



उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज हम विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मना रहे हैं। हम उन सभी लोगों के साहस को याद करते हैं जो बंटवारे से प्रभावित हुए थे। श्री मोदी ने कहा, यह इतिहास का वह पल था जिसने कई जिंदगियां तहस-नहस कर दीं परिवार उजड़ गए, अपने बिछड़ गए और लोगों ने भारी दुख सहा। श्री मोदी ने कहा कि बंटवारे का दर्द सहने वाले लोगों का सफर इंसानी हिम्मत और जज्बे की मिसाल बना हुआ है। उन्होंने कहा, उनकी ज़िंदगी का सफर हमें इंसानी जज्बे की ताकत की याद दिलाता है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर देश के सांप्रदायिक सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा, यह दिन हमारे देश में सद्भाव और भाईचारे को बनाए रखने और मिलकर विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करने के हमारे संकल्प को और मजबूत करे।



आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हरेश यादव
उप प्रमुख दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
रामकृष्ण सिंह उर्फ काका
मुखिया सह, विधायक अनुमंडल प्रतिनिधि, दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अरुण कुमार भारती
भाजपा मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री सदस्य, दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
चंद्रशेखर सिंह उर्फ बबलू सिंह
भाजपा मंडल अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष, दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अजय यादव
पंचायत समिति सदस्य, दारौंदा सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
जितेंद्र सिंह
मुखिया प्रतिनिधि, पंचायत रामगढ़ा प्रखंड दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
वीरेंद्र शर्मा
पूर्व जिला पार्षद, दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
सरोज कुमार गोस्वामी
समाजसेवी, कांग्रेस नेता डायरेक्टर अशोक ऑटोमोबाइल, एकमा सारण

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
मनोज कुमार सिंह
जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष, दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
बबीता देवी पति अरुण सिंह
मुखिया, ग्राम पंचायत राज जलालपुर, प्रखंड दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
धर्मेंद्र कुमार यादव उर्फ छुन्नी बाबू
जिला पार्षद 29 दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
पप्पू राम
पंचायत समिति सदस्य, रुकुंदीपुर, दरौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अशोक कुमार सिंह
जिला मंत्री भोजपुरी पुनर्जागरण मंच, दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
संतोष सिंह
पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पिनथुखुर्द, दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
अमित कुमार सिंह उर्फ भीम सिंह
पंचायत समिति सदस्य बगौरा, प्रखंड दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई
विजय प्रसाद वर्मा
राजनीतिक सलाहकार समिति, जेडीयू, बिहार

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. आनंद
प्रदेश अध्यक्ष बिहार विद्यालय, अध्यापक, संघ बिहार

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हेमन्त कुमार तिवारी
जनसेवक, भावी मुखिया प्रत्याशी, पंचायत मडसरा, दारौंदा, सीवान

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मणिभूषण सिंह
व्यापार मंडल अध्यक्ष सह पैक्स अध्यक्ष, दारौंदा, सीवान।

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
उमाशंकर सिंह
भाजपा जिला मंत्री, सीवान

स्काई सेंटर की तरफ से वाल्मीकिनगर सहित पूरे देशवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. आई.बी. कुमार
जनरल फिजिशियन
स्काई सेंटर, मेन रोड, वाल्मीकिनगर, बगहा 2, बिहार

सुरजी नर्सिंग होम की तरफ से वाल्मीकिनगर सहित पूरे देशवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
डॉ. राजू प्रसाद
जनरल फिजिशियन एंड सर्जन
सुरजी नर्सिंग होम, मेन रोड टंकी बाजार वाल्मीकिनगर, बगहा 2, बिहार

वाल्मीकिनगर सहित पूरे देशवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार शर्मा
प्रधानाध्यापक
राजकीय उत्क्रमिक मध्य विधालय, दरुआबारी, प्रखंड-बगहा-2, प. चंपारण, बिहार

चंपापुर गनौली पंचायत सहित पूरे प्रखंड वासियों को 80 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रियंका देवी
मुखिया
ग्राम पंचायत राज- चंपापुर गनौली, प्रखंड- बगहा-2, प. चंपारण, बिहार

वाल्मीकिनगर सहित पूरे देशवासियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मो. रिजवान
(प्रधानाध्यापक)
राजकीय उत्क्रमिक विद्यालय, बटेशरा प्रखंड-बगहा 2, प. चंपारण, बिहार

सुरजी आजादी के 80 वें पावन पर्व पर हिलसा प्रखंडवासियों एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
देवकांत कुमार
कार्यक्रम पदाधिकारी
VB-GRAMG, प्रखंड- हिलसा, जिला-नालंदा, बिहार

आजादी के 80 वें पावन पर्व पर तुमकड़िया पंचायत सहित बैरिया प्रखंडवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं
शौकत अली
मुखिया
ग्राम पंचायत राज- तुमकड़िया, प्रखंड-बैरिया, पश्चिम चंपारण

बैठनिया भानाचक पंचायत सहित पूरे मझौलिया प्रखंडवासियों को 80 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अखिलेश कुमार यादव
वार्ड सदस्य प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत राज-बैठनिया भानाचक, प्रखंड-मझौलिया, जिला-पश्चिमी चंपारण, बिहार

आजादी के 80 वें पावन पर्व पर पुरैना पंचायत सहित सिकटा प्रखंडवासियों एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं
अबरे आलम
मुखिया
पुरैना पंचायत सह उपाध्यक्ष, मुखिया संघ, प्रखंड-सिकटा, पश्चिम चंपारण

आजादी के 80 वें पावन पर्व पर बलथर पंचायत सहित सिकटा प्रखंडवासियों एवं समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं मंगलमय शुभकामनाएं
सुनील कुमार उर्फ पप्पू सिंह
मुखिया
बलथर पंचायत सह अध्यक्ष, मुखिया संघ, प्रखंड- सिकटा, पश्चिम चंपारण

मढ़ौरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज तेजपुरवां के सभी सम्मानित मतदाताओ, आम नागरिकों सहित प्रखन एवं जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुदामो देवी
बीडीसी
मिथिलेश कुमार सिंह
बीडीसी प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत राज तेजपुरवां, मढ़ौरा, सारण

मढ़ौरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज भावलपुर के सभी सम्मानित मतदाताओ, आम नागरिकों सहित प्रखड एवं जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
मनोरंजन सिंह उर्फ भोलू सिंह
मुखिया प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत राज भावलपुर, मढ़ौरा, सारण

नगरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज तकिया के सभी सम्मानित मतदाताओ, सहित प्रखंड के आम नागरिकों, वार्ड प्रतिनिधियों, संघ के सदस्यों पदाधिकारियों कर्मियों एवं जिलावासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं एवं बधाई
सियाराम मिश्रा
प्रधानाध्यापक
बालक मध्य विद्यालय, कोइलवर

आजादी के 80 वें पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
शहाब याहिया
कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत, कोईलवर

आजादी के 80 वें पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अर्पिता
स.लोक स्वच्छता एवं अ. प्र. पदाधिकारी
नगर पंचायत, कोईलवर

आजादी के 80 वें पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
धनंजय यादव
पार्षद, वार्ड- 02
नगर पंचायत, कोईलवर

आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
संजय शर्मा
निदेशक
सोनभद्रा पब्लिक स्कूल, कोइलवर

आजादी के 80 वें पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सरताज आलम उर्फ सोनू खान
मुख्य पार्षद
नगर पंचायत, कोईलवर

आजादी के 80 वें पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पिंकी देवी
मुखिया
कायमनगर ग्राम पंचायत, प्रखंड -कोईलवर

आजादी के 80 वें पावन पर्व पर समस्त देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
रितु देवी
पार्षद, वार्ड- 02
पूर्व जिलाध्यक्ष वार्ड सदस्य महासंघ भोजपुर सह, सदस्य ग्राम पंचयात (वार्ड -02) गोपालपुर, प्रखंड कोईलवर, भोजपुर

# स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अभियान बसेरा-02 के तहत भूमिहीन परिवारों को मिलेगा प्रमाण-पत्र

- राजस्व मंत्री ने कहा- 15 अगस्त को 30 हजार भूमिहीन परिवारों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र देना है लक्ष्य
- बिहार के सभी जिलों में लगेंगे विशेष शिविर, जिला प्रशासन को व्यक्तिगत निगरानी के निर्देश
- विभागीय सचिव ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर पुख्ता तैयारी के दिए निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार सरकार अभियान बसेरा-02 के तहत राज्य के 30 हजार सुयोग्य भूमिहीन परिवारों को भूमि बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र प्रदान करेगी। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा 15 अगस्त को सभी जिलों में विशेष अभियान चलाकर चयनित लाभुक परिवारों के बीच बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र का वितरण किया जाएगा। इस संबंध में विभाग के सचिव जय सिंह ने सभी प्रमंडलीय आयुक्त एवं जिला समाहर्ता को पत्र लिखकर निर्देशित किया है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी सुयोग्य भूमिहीन परिवार आवास के लिए आवश्यक भूमि से वंचित न रहे। अभियान बसेरा-02 इसी संकल्प को जमीन पर उतारने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में भूमिहीन परिवारों को भूमि का अधिकार प्रदान करना सरकार की जनकल्याणकारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को राज्य के सभी जिलों में आयोजित राजकीय झंडोत्तोलन समारोह के बाद विशेष शिविर लगाकर चयनित लाभुकों को बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधित जिलों के प्रभारी मंत्री, मंत्रीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित कर उनके माध्यम से लाभुकों को प्रमाण-पत्र प्रदान कराया जाएगा। राजस्व मंत्री डॉ. जायसवाल ने कहा कि विभाग द्वारा सभी लाभुकों के डिजिटल हस्ताक्षरित बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र पहले से ही अपलोड एवं सत्यापित किए जा रहे हैं। प्रमाण-पत्रों का मुद्रण कर वितरण के लिए पूरी तैयारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि समारोह के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि लाभुकों को समारोह स्थल तक लाने और उनके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे व्यक्तिगत रूप से पूरे कार्यक्रम की निगरानी करें और जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर समारोह को भव्य, पारदर्शी एवं सफल बनाएं। बंदोबस्ती प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी अनिवार्य रूप से कराई जाएगी, ताकि अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का समुचित दस्तावेजीकरण हो सके। राजस्व मंत्री ने कहा कि अभियान बसेरा-02 के माध्यम से सरकार भूमिहीन परिवारों को उनका अधिकार दिलाने के साथ-साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन और बेहतर भविष्य की मजबूत आधारशिला उपलब्ध करा रही है। 15 अगस्त को 30 हजार परिवारों को भूमि का अधिकार मिलना बिहार के गरीब एवं भूमिहीन परिवारों के लिए स्वतंत्रता दिवस का एक विशेष उपहार होगा।

# पिछले वर्ष के मुकाबले हत्या, डकैती, दंगा जैसे अपराधों में आई कमी

- गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। राज्यभर में पारंपरिक अपराधों में बड़ी संख्या में कमी आई है। पिछले वर्ष की तुलना में हत्या के मामलों में 10.1 प्रतिशत, डकैती में 31.32 प्रतिशत और दंगा में 18.97 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। ऐसे सभी अपराधों में बड़ी संख्या में कमी दर्ज की गई है। यह जानकारी गृह विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने सूचना भवन के सभागार में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक उन्माद से जुड़े मामलों में खुफिया जानकारी एकत्र करने से लेकर सूचना संग्रह कर त्वरित कार्रवाई करने की वजह से सांप्रदायिक तनाव की घटनाओं में काफी कमी आई है। 2025-26 में संप्रदायिक घटनाओं से संबंधित 263 मामले में अभियोजन की स्वीकृति दी गई और सभी जिलों को आरोप-पत्र समर्पित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। सचिव ने कहा कि राज्य में नक्सल विरोधी अभियानों के कारण वर्तमान में सभी जिले नक्सल मुक्त हो चुके हैं। सचिव ने कहा कि अपराधियों की गिरफ्तारी और सजा दिलाने की कार्रवाई निरंतर जारी है। इस वर्ष मई में 64 हजार 733 कांडों में सजा सुनाई गई, जिसमें 86 हजार 760 अभियुक्तों को सजा मिली। इसमें दो को मृत्युदंड, 553 को आजीवन कारावास, 297 को 10 वर्ष से अधिक की सजा तथा 794 को 10 वर्ष से कम एवं 2 वर्ष से अधिक की सजा सुनाई गई है। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष दोषियों को सजा दिलाने की दर में 25-30 फीसदी की बढ़ोतरी होने की संभावना है।

इस मौके पर डीजीपी विनय कुमार ने कहा कि राज्यभर में 90 के दशक में सालाना 6 से साढ़े 6 हजार हत्याएं होती थी, जो अभी घटकर 2 हजार से 2400 तक पहुंच गई हैं।

उन्होंने कहा कि पुलिस दीदी को जल्द ही 1500 स्कूटी मिलने जा रही है। आगामी दो से तीन महीने में पुलिसकर्मियों को 3100 मोटरसाइकिल भी मुहैया करा दी जाएगी। इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राष्ट्रपति के स्तर से दिए जाने वाले तीन तरह के विशेष पदकों वीरता पदक, अतिविशिष्ट सेवा पदक और सराहनीय सेवा पदक में बिहार के 18 पुलिस कर्मियों को प्रदान किया गया है। इसमें सबसे ज्यादा संख्या सिपाही एवं हवलदार रैंक के कर्मी की है। एक इंस्पेक्टर रैंक के पदाधिकारी को वीरता पदक मिला है। इसके अलावा 15 अगस्त को राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में 7 पुलिसवालों को 51 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

डीजीपी ने साइबर अपराध को बड़ी चुनौती बताते हुए कहा कि बिहार उन चुनिंदा राज्यों में शामिल हैं, जहां सभी जिलों में साइबर थाना कार्यरत है। सालाना औसतन 7 हजार से अधिक एफआईआर दर्ज हो रही है। वहीं ठगी गई कुल राशि का 16 फीसदी रिकवरी करके पीड़ितों को लौटाए जा रहे हैं। इसमें बिहार देश के अग्रणी राज्यों में है।

### पुलिसबल की संख्या बढ़कर 1.21 लाख हुई

डीजीपी ने कहा कि राज्य में पुलिसबल की संख्या बढ़कर 1 लाख 21 हजार हो गई है। आने वाले समय में इसमें और इजाफा होगा। 19 हजार 800 सिपाहियों ने योगदान किया है, जिनका प्रशिक्षण 17 अगस्त से शुरू होने जा रहा है। इस वर्ष अब तक 22 हजार से अधिक सिपाहियों की नियुक्ति की जा चुकी है। अभी 4630 चालक सिपाही समेत 26 हजार के नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। पिछले डेढ़ वर्ष में 50 हजार से अधिक सिपाही की नियुक्ति हो चुकी है, जो कुल पुलिस बल का 40 फीसदी है।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे साइबर प्रहार अभियान के तहत इस वर्ष जुलाई तक 193 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस वर्ष राज्य के साइबर थानों में अब तक 2942 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 522 अपराधियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इस प्रेस वार्ता के दौरान एडीजी (मुख्यालय) सुनील कुमार, एडीजी (विधि-व्यवस्था) के सुहिता अनुपम और गृह के विशेष सचिव क्षत्रनील सिंह भी मौजूद थी।

# बिहार को आत्मनिर्भर और विकसित राज्य के रूप में स्थापित करना सरकार की प्राथकिमता : उमेश

- जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस की दी बधाई एवं शुभकामनाएं

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले अमर स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके अदम्य साहस, त्याग और बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आजादी की वर्षगांठ के इस पावन अवसर पर हम सभी को स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने, देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने तथा विकसित राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के महापुरुषों के विचारों और आदर्शों को आत्मसात कर उन्हें नीतियों एवं योजनाओं के माध्यम से धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने का बिहार से बेहतर उदाहरण कहीं और देखने को नहीं मिलता। नीतीश कुमार के नेतृत्व में वर्ष 2005 के बाद बिहार ने विकास और सुशासन की नई यात्रा प्रारंभ की। उनकी हर नीति एवं कार्यक्रम में गांधी, डॉ आंबेडकर, जेपी, डॉ लोहिया और कपूरी ठाकुर के विचारों एवं आदर्शों की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि इसी विकास की निरंतरता को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार विकसित बिहार के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक लिया भाग

# राजकीय मूक-बधिर बालिका मध्य विद्यालय में हर घर तिरंगा जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित




- राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, महत्व एवं सम्मान की भावना से विद्यार्थियों को कराया गया अवगत

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा राजकीय मूक-बधिर बालिका मध्य विद्यालय, गायघाट, पटना में हर घर तिरंगा आधारित जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना तथा राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की सबसे छोटी छात्रा शुमैला फिरदौस रहीं, जिन्हें विभाग का प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास, पुनर्वास एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण केंद्र, पटना के निदेशक प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार प्रवीण ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रेरक गीत हमको मन की शक्ति देना, मन विजय करें प्रस्तुत कर विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना के उपनिदेशक सह कार्यालय प्रमुख लौकिक पारख ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से भारत की प्रगति में योगदान देने और राष्ट्र निर्माण के प्रति कृतसंकल्पित रहने की अपील की। वरिष्ठ लेखाधिकारी (सीबीसी, पटना ) सीमा कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खूब मेहनत करने तथा भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, पटना के सहायक निदेशक शशांक सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों, विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता से विद्यालय परिसर में तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हर घर तिरंगा आधारित प्रेरणादायक वीडियो तथा भारतीय तिरंगे की विकास यात्रा से संबंधित लघु फिल्म दिखाई गई। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के इतिहास, महत्व और उसके प्रति सम्मान की भावना से अवगत कराया गया। हर घर तिरंगा अभियान के प्रति बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री के आह्वान पर चलाए जा रहे इस अभियान के प्रति अपनी सहभागिता और खुशी व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों ने आकर्षक चित्र बनाए।

विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए लूडो, कैरम, चित्रकला एवं नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक नवल किशोर झा ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों का प्रभावी संचालन करते हुए विद्यार्थियों और अतिथियों को कार्यक्रम से जोड़े रखा। इस अवसर पर विभाग के हर्ष सिन्हा, गुरजीत कुमार सिन्हा तथा राकेश कुमार भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग किया।



# अमर शहीद अकलू तुरहा के शहादत दिवस पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**प्रात : किरण संवाददाता**

अमर शहीद अकलू तुरहा के शहादत दिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अमर शहीद के त्याग, बलिदान और देशभक्ति को नमन करते हुए कहा कि देश की आजादी असंख्य वीरों और नौजवानों के त्याग एवं कुर्बानियों के बाद प्राप्त हुई है।हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई। उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। अमर शहीद अकलू तुरहा जैसे वीर सपूतों का जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके संघर्ष और बलिदान से युवा पीढ़ी को राष्ट्रहित, कर्तव्यनिष्ठा और देशप्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए। शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना होगा।




















































# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा आगामी सोलर डिस्पोजल मेला की तैयारी

प्रातः किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिले में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन की प्रगति एवं आगामी रूफटॉप सोलर डिस्पोजल मेला की तैयारियों को लेकर आज विद्युत आपूर्ति अंचल, मुजफ्फरपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी कुमार गौरव ने की।बैठक में जिले में योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन, सोलर सिस्टम की स्थापना, बैंक ऋण, सब्सिडी, यूएलएल की प्रगति तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बैंकर्स, रूफटॉप सोलर वेंडर्स तथा सभी विद्युत कार्यपालक अभियंता एवं सहायक विद्युत अभियंता उपस्थित रहे। बैठक में प्रस्तुत अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, 13 अगस्त 2026 तक मुजफ्फरपुर जिले में कुल 5,931 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 1,800 सोलर इंस्टॉलेशन पूर्ण हो चुके हैं। जिले में कुल स्थापित सौर क्षमता 6.45 मेगावाट है तथा 1,103 लाख की सब्सिडी जारी की जा चुकी है।यूएलएल के अंतर्गत जिले का लक्ष्य 7,968 निर्धारित किया गया है। वर्तमान में 22 मानवबल तैनात हैं तथा 329 स्ट्रक्चर एवं 256 पैनल का स्टॉक उपलब्ध है। इस सप्ताह 207 स्ट्रक्चर एवं 154 पैनल इंस्टॉल किए गए हैं। अब तक कुल 676 स्ट्रक्चर एवं 359 पैनल इंस्टॉल किए जा चुके हैं।बैठक में बैंक एवं वेंडर स्तर पर लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया। लंबित मामलों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आगामी शुक्रवार को रूफटॉप सोलर डिस्पोजल मेला आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। मेले के लिए लगभग 1,809 लाभुकों को लक्षित किया गया है। मेले का मुख्य उद्देश्य बैंक, वेंडर एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए लंबित आवेदनों, ऋण स्वीकृति एवं वितरण तथा सोलर इंस्टॉलेशन से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेले की सफल तैयारी एवं आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, बैंकर्स एवं वेंडर्स को आपसी समन्वय के साथ आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

# हवेली खड़गपुर में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

प्रातः किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने हवेली खड़गपुर में भव्य तिरंगा यात्रा में न लिया। यात्रा में हजारों की संख्या में समर्थक, भाजपा कार्यकर्ता, आम नागरिक, स्कूलों के छात्र-छात्राएं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग शामिल हुए। पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से वातावरण देशभक्ति के रंग में रंगा रहा। मुख्यमंत्री का निर्धारित आगमन सुबह 9:00 बजे था, लेकिन कुछ कारणों से वे लगभग 9:45 बजे हवेली खड़गपुर पहुंचे। आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने हाथों में तिरंगा लेकर अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और वहीं से पैदल तिरंगा यात्रा की शुरुआत की। तिरंगा यात्रा अंबेडकर चौक, सब्जी मार्केट, थाना मोड़, पुरानी चौक और पटेल चौक होते हुए निकली। इसके बाद मुख्यमंत्री वाहन से कच्ची मोड़, पेट्रोल टंकी, तारापुर मोड़, अंबेडकर चौक होते हुए आरएसके मैदान स्थित हेलीपैड पहुंचे और वहां से हेलीकॉप्टर द्वारा पटना के लिए रवाना हो गए। कार्यक्रम को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। जिलाधिकारी (डीएम), पुलिस अधीक्षक (एसपी), डीएसपी, एसडीएम, विभिन्न थानों के थाना प्रभारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी एवं सुरक्षा बल पूरे रूट पर तैनात रहे। सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर पूरे हवेली खड़गपुर शहर को तिरंगों और देशभक्ति की सजावट से सजाया गया था। प्रमुख चौक-चौराहों और मार्गों पर आकर्षक सजावट की गई थी, जिससे पूरा शहर राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा लहराते हुए यात्रा में भाग लिया और मुख्यमंत्री का जगह-

# डेयरी के दूषित जल से प्रभावित कृषि भूमि का मुद्दा गरमाया, 18 को आयुक्त करेंगे बैठक

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कांटी प्रखंड स्थित सुधा डेयरी प्लांट से निकल रहे केमिकलयुक्त दूषित जल से उपजाऊ कृषि भूमि के प्रभावित होने की शिकायत को प्रशासन ने संज्ञान लिया है। इस समस्या के स्थायी समाधान को लेकर तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त गिरिवर दयाल सिंह की अध्यक्षता में 18 अगस्त को उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। आयुक्त कार्यालय की विकास प्रशाखा से 13 अगस्त को जारी पत्र में बताया गया है कि बिहार विधानसभा के उप सचिव के पत्र के आलोक में यह बैठक बुलाई गई है। पत्र के अनुसार, 27 जुलाई को बिहार विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों एवं सुधा डेयरी के प्रबंध निदेशक समेत अन्य अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक हुई थी। इसमें सुधा डेयरी, मुजफ्फरपुर से निकलने वाले दूषित जल के कारण उपजाऊ कृषि भूमि के प्रभावित होने की समस्या पर विचार-विमर्श किया गया था। उक्त बैठक में समस्या के निष्पादन के लिए तिरहुत प्रमंडल के आयुक्त की अध्यक्षता में अलग से बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसी के तहत 18 अगस्त को दोपहर 12 बजे आयुक्त कार्यालय के कक्ष में बैठक होगी। बैठक में वैशाली के सांसद, कांटी एवं मुजफ्फरपुर के विधायक, जिला पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता राजस्व, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी, एनएचएआई के परियोजना निदेशक, रेलवे प्रशासन, तिमूल तथा सुधा डेयरी के प्रबंध निदेशक सहित संबंधित अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। अब लोगों की नजर इस बैठक पर टिकी है कि सुधा डेयरी से निकल रहे दूषित जल की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन की ओर से क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं और प्रभावित कृषि भूमि को प्रदूषण से बचाने के लिए क्या स्थायी व्यवस्था की जाती है।

# एचआईवी,एड्स से बचाव के लिए इंटेंसिफाईड कैम्प की हुई शुरूआत

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिला में एचआईवी–एड्स से बचाव एवं नियंत्रण के लिए युवाओं और आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से इंटेसिफाईड कैंपेन प्रारंभ किया गया है। यह अभियान 12 अगस्त से शुरू हुआ है जो 12अक्टूबर तक संचालित होगा। अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ सी के दास ने बताया कि अभियान के दौरान एचआईवी के संक्रमण के बारे में बताया जायेगा। साथ ही इसके रोकथाम एवं नियंत्रण के विषय में जागरूकता लायी जायेगी। गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच के दौरान एचआइवी एवं सिफलिस की जानकारी देना है। एचआईवी एड्स के संबंध में जनजागरूकता लाने के लिए राज्य, जिला, प्रखंड एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न सरकारी विभागों एवं प्रशासनिक इकाईयों के सहयोग से जागरूकता एवं एचआईवी जांच को बढ़ावा देना है।इस अभियान में शिक्षा विभाग, जीविका ग्रामीण विकास, पंचायती राज, सूचना एवं जनसंपर्क, नेहरू युवा केंद्र, राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। बताया कि स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा डोर–टू–डोर जाकर एड्स के संक्रमण के कारणों व बचाव पर जानकारी दी जायेगी। साथ ही 150 सरकारी एवं निजी स्कूलों में निबंध लेखन, पेटिंग प्रतियोगिता क्विज प्रतियोगिता, स्पीच आदि का आयोजन किया जायेगा।

# उत्तर बिहार में 15 से 19 अगस्त तक गरज के साथ बारिश के आसार, सिवान में भारी बारिश की संभावना

मुजफ्फरपुर। डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा के मध्यावधि पूर्वानुमान के अनुसार 15 से 19 अगस्त तक उत्तर बिहार के कई जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। गोपालगंज, सारण, सिवान, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण में पूर्वानुमान अवधि के दौरान अनेक स्थानों पर वर्षा के आसार हैं। वहीं समस्तीपुर, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर, मधुबनी और दरभंगा सहित अन्य जिलों में 15 से 18 अगस्त के बीच एक-दो दिन गरज के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान अधिकांश समय आकाश में हल्के बादल छाए रहने अथवा आसमान के प्रायः साफ रहने की संभावना है। सिवान जिले में 15 से 17 अगस्त के बीच कुछ स्थानों पर भारी वर्षा भी हो सकती है। अधिकतम तापमान 33 से 37 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 26 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। कृषि वैज्ञानिकों ने कम वर्षा की स्थिति में धान की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए समय पर निराई-गुड़ाई करने की सलाह दी है। इसके बाद 20 से 30 किलोग्राम नाइट्रोजन प्रति हेक्टेयर की दर से उपरिवेशन किया जा सकता है। किसानों को तना छेदक और पत्ती लपेटक कीटों की नियमित निगरानी करने तथा प्रकोप दिखाई देने पर आवश्यक नियंत्रण उपाय अपनाने को कहा गया है। मक्के की खड़ी फसल में तना छेदक कीट की निगरानी करने की सलाह दी गई है। कीट की सूंडियां कोमल पत्तियों एवं मध्य कलिका को नुकसान पहुंचाकर तने में सुरंग बनाती हैं, जिससे मध्य कलिका मुरझाकर सूख जाती है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर अनुशंसित कीटनाशी का कृषि वैज्ञानिकों की सलाह के अनुसार प्रयोग करने को कहा गया है। पपीता और टमाटर की खेती का अनुकूल समय मौसम बुलेटिन में अगस्त मध्य से पपीते की बीज बोआई शुरू करने को अनुकूल बताया गया है। उत्तर बिहार के लिए पूसा ड्वार्फ, पूसा नन्हा, पूसा डेलीसियस, सीओ-1, अर्का सूर्या और रेड लेडी जैसी किस्मों की अनुशंसा की गई है। वहीं शरदकालीन टमाटर की फसल के लिए भी इस समय बोआई करने की सलाह दी गई है। सामान्य किस्मों में अर्का विकास, अर्का अभेद, अर्का अलोक, पूसा उपहार, पूसा रूबी तथा काशी शरद आदि और संकर किस्मों में अर्का सम्राट, अर्का अपेक्षा, पूसा दिव्या, अर्का रक्षक एवं अर्का अनन्या प्रमुख हैं।

# खड़गपुर में तिरंगों का सैलाब, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने की तिरंगा यात्रा की अगुआई

● 1000 फिट की तिरंगा भी यात्रा में शामिल

प्रातः किरण संवाददाता



हवेली खड़गपुर(मुंगेर)। स्वतंत्रता दिवस से एक दिन पहले गुरुवार को मुंगेर के हवेली खड़गपुर में देशभक्ति का भव्य नजारा देखने को मिला। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने गृह विधानसभा क्षेत्र तारापुर के खड़गपुर पहुंचकर विशाल तिरंगा यात्रा की अगुआई की। उनके साथ मुंगेर के प्रभारी मंत्री और स्थानीय विधायक भी मौजूद रहे। यात्रा में हजारों की संख्या में लोग और स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर शामिल हुए। तिरंगा यात्रा की शुरूआत अंबेडकर चौक से हुई। मुख्यमंत्री ने यहां स्थापित डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और हाथों में तिरंगा लेकर यात्रा की अगुआई की। यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए पटेल चौक पहुंची, जहां मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण किया। इसके बाद तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। पूरे यात्रा मार्ग को राष्ट्रीय ध्वज से सजाया गया था। हाथों में तिरंगा लिए लोग और स्कूली बच्चे देशभक्ति के रंग में रंगे नजर आए। यात्रा के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से पूरा खड़गपुर गूंजता रहा। मुख्यमंत्री के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने तिरंगा यात्रा को खड़गपुर के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया। लोगों का कहना था कि छोटे शहर में इतनी विशाल और भव्य तिरंगा यात्रा पहली बार देखने को मिली। सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें अपने बीच तिरंगा यात्रा की अगुआई करते देखना लोगों के लिए गर्व और खुशी का पल रहा। कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए थे। मुख्यमंत्री की मौजूदगी और हजारों लोगों की भागीदारी ने खड़गपुर की तिरंगा यात्रा को यादगार बना दिया।

# मखाना की निर्यात मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने पर आरपीसीएयू में ब्रेनस्टॉर्मिंग वर्कशॉप आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। बिहार के प्रमुख कृषि उत्पाद मखाना की निर्यात क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा में शुक्रवार को ह्लबिहार से मखाना की निर्यात मूल्य श्रृंखला को मजबूत करना विषय पर ब्रेनस्टॉर्मिंग सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पंचतंत्र हॉल, आरपीसीएयू परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन, वंदे मातरम और विश्वविद्यालय गीत के साथ हुई। अतिथियों का स्वागत के बाद निदेशक शोध डॉ. ए.के. सिंह ने स्वागत भाषण दिया। डीन पीजीसीए डॉ. मयंक राय ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि मखाना बिहार की पहचान है और अब इसे ग्लोबल ब्रांड बनाने का समय आ गया है। हमें लैब से लेकर लैंड और अंततः लाइवलीहुड तक की पूरी श्रृंखला पर काम करना होगा। किसानों को उत्पादन के साथ-साथ प्रोसेसिंग, पैकेजिंग, गुणवत्ता मानक और निर्यात प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण देना जरूरी है। अटेंड,नावार्ड, और एमएसएमई के सहयोग से हम मखाना उत्पादकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ेंगे। हमारा लक्ष्य अगले 2-3 वर्षों में बिहार के मखाना निर्यात को तीन गुना करना है। उन्होंने कहा कि मखाना के क्षेत्र में पूरी दुनिया की डिमांड के मैपिंग किये जाने की जरूरत है। विशेषकर बिहार के उत्पाद की बौद्ध देशों में निर्यात की अच्छी संभावनाएं हैं क्योंकि बिहार बुद्ध की धरती है और बौद्ध देशों के लोग भावनात्मक रूप से बिहार से जुड़े हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री गौतम कुमार सिंह, मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड ने कहा कि मखाना किसानों और उद्यमियों को वित्तीय सहायता, क्लस्टर विकास और मूल्य संवर्धन के लिए हर संभव मदद देगा। एफपीओ के माध्यम से किसानों को संगठित कर निर्यात योग्य उत्पाद तैयार करने पर जोर देना होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए श्री राकेश कुमार चौधरी, निदेशक लघु एवं मध्यम उद्योग, ने कहा कि सूक्ष्म और लघु उद्यमों को आधुनिक प्रोसेसिंग यूनिट और पैकेजिंग तकनीक उपलब्ध कराकर ही हम मखाना की वैल्यू चेन को मजबूत कर सकते हैं। उन्होंने कहा डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय मखाना सहित बिहार के अन्य उत्पादों के निर्यात को लेकर काफी कार्य कर रहा है। उनका विभाग विश्वविद्यालय को हर तरह का सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की चर्चा देश के लगभग हर मंत्रालय में होती है और इसलिए सभी लोग विश्वविद्यालय के साथ कार्य करने को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि उनका विभाग मखाना निर्यात सहित अन्य क्षेत्रों में भी उद्यमियों को तकनीकी और वित्तीय सहयोग देगा।अपेडा के प्रतिनिधि ने अपने संबोधन में कहा कि अपेडा निर्यात के लिए आवश्यक प्रमाणीकरण, बाजार लिंकेज और अंतरराष्ट्रीय मेले में भागीदारी में सहयोग करेगा। मखाना के लिए नए बाजारों की पहचान हमारी प्राथमिकता है।कार्यशाला के तकनीकी सत्र में डॉ. पुष्पा सिंह ने संदर्भ प्रस्तुत किया और डॉ. रितंभरा सिंह* ने मखाना की उत्पादन, प्रसंस्करण और निर्यात संभावनाओं पर विस्तृत प्रस्तुति दी। इसके बाद खुली चर्चा और ब्रेनस्टॉर्मिंग सत्र में वैज्ञानिकों, अधिकारियों और उद्यमियों ने निर्यात की बाधाओं और समाधान पर विचार-विमर्श किया।

# आधी शताब्दी के बाद पियर डाकघर को मिलने वाला है अपना भवन



प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के बंदरा प्रखंड अंतर्गत पियर उप डाकघर को लगभग आधी शताब्दी के बाद अपना भवन नसीब होने वाला है।नव निर्मित मकान का रंग-रोगन किया जा चुका है।भवन को फाइनल टच दिया जा रहा है। इस महीने के अंत तक नव निर्मित भवन डाकघर को हैंड ओवर किए जाने की संभावना है। पियर गांव में इस उप डाकघर की स्थापना आजादी के तुरंत बाद की गई थी। इसके लिए जमीन दान में दी गई।उक्त जमीन पर ग्रामीणों के सहयोग से डाकघर का खपरैल भवन का निर्माण किया गया था। तब उस मकान में डाकघर के कार्यालय के साथ-साथ पोस्टमास्टर एवं डाकिया के लिए अलग-अलग क्वार्टर बनाए गये थे। उसी क्वार्टर में में पोस्टमास्टर और डाकिया का आवास था। मरम्मत के अभाव में आज से लगभग 45-50 साल पहले डाकघर का भवन जर्जर होकर ध्वस्त हो गया।तब से यह डाकघर किराए के मकान में संचालित होने लगा। कतिपय कारणों से तीन-तीन बार किराए का मकान भी बदलना पड़ा। डाक विभाग ने इस डाकघर के लिए एक आकर्षक मकान तैयार करा दिया। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों में प्रसन्नता देखी जा रही है।

# बारबेक्यू नेशन ने बहरामपुर में खोला 20वां आउटलेट

प्रातः किरण संवाददाता

बहरामपुर। कैजुअल डाइनिंग चेनों में से एक बारबेक्यू नेशन ने मुर्शिदाबाद के बहरामपुर स्थित शहीद सूर्य सेन रोड, गोराबाजार के मोहन मॉल में अपने नए आउटलेट के शुभारंभ के साथ पश्चिम बंगाल में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। यह नया रेस्तरां 97 मेहमानों के बैठने की क्षमता रखता है और इसे पारिवारिक समारोहों, कॉर्पोरेट लंच और अन्य अवसरों के लिए एक प्रमुख डाइनिंग स्थल के रूप में तैयार किया गया है। यह आउटलेट जीवंत और समकालीन इंटीरियर से सुसज्जित है और ब्रांड का सिग्नेचर अनलिमिटेड बुफे पेश करता है। बुफे में स्टार्टर्स, मेन कोर्स, डेसर्ट और लाइव काउंटरों में शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजनों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है। मेनू में स्थानीय और भारतीय पसंदीदा व्यंजन शामिल हैं जैसे मटर की टिक्की, पनीर खड़ा मसाला टिक्का, चिकन हॉट इन बेसिल सॉस, फिश फिंगर, कोलकाता चिकन बिरयानी, चिकन कोफ्ता करी और दम का मुर्ग आदि।

# टोइंग ने किया फूड डिलीवरी नेटवर्क का विस्तार अब भारत के 57 शहरों में सेवाएं उपलब्ध

प्रातः किरण संवाददाता

खड़गपुर। किफायती फूड डिलीवरी ऐप टोइंग ने अपने परिचालन का विस्तार खड़गपुर तक कर दिया है, जिससे इसके लांच के महज 11 महीनों के भीतर भारत भर के 57 शहरों में इसकी उपस्थिति दर्ज हो गई है। यह प्लेटफॉर्म, जिसने 2025 के उत्तरार्ध में पुणे से अपना परिचालन शुरू किया था, खाद्य और पेय पदार्थों के लिए हर दिन न्यूनतम कीमतों की गारंटी देता है, जो रेस्तरां मेनू की कीमतों से मेल खाती हैं या उनसे भी कम होती हैं। इसके अलावा, यह ऑर्डर्स पर शून्य प्लेटफॉर्म शुल्क और कोई पैकेजिंग शुल्क नहीं लेता है। उपयोगकर्ता 99 रुपये से कम में बिरयानी, बर्गर और बाउल जैसे व्यंजनों का ऑर्डर दे सकते हैं। टोइंग के मुख्य व्यवसाय अधिकारी सिद्धार्थ भाकू ने कहा कि जेन जी उपभोक्ताओं और कॉलेज के छात्रों की बड़ी आबादी के चलते खड़गपुर कंपनी के किफायती मॉडल के लिए एक आदर्श बाजार है। कंपनी ने हाल ही में जमशेदपुर, कटक, उदयपुर और अमृतसर में भी अपनी सेवाएं शुरू की हैं।

# आभूषण चोरी मामले का हुआ उद्भेदन, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । अहियापुर थाना क्षेत्र में 7 अगस्त की रात हुई करीब 35 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषणों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को भी पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से चोरी किए गए करीब 35 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, अन्य कीमती सामान और सात मोबाइल बरामद किए गए हैं। सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने बताया कि 8 अगस्त को मीना देवी के लिखित आवेदन पर अहियापुर थाना में कांड दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया था कि 6/7 अगस्त की रात अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर नकद राशि और कीमती आभूषण चोरी कर लिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम का गठन किया गया था। विशेष टीम ने तकनीकी और मानवीय सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी शुरू की। इसी क्रम में 13 अगस्त को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मोनु कुमार उर्फ आशीष और सोनु कुमार उर्फ आदित्य, दोनों अहियापुर थाना क्षेत्र के रहने वाले, को गिरफ्तार किया। घटना में शामिल एक विधि-विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि चोरी की इस घटना में इनके साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे। सिटी एसपी ने बताया कि आरोपियों के पास से सोने का गला सेट, दो मंगलसूत्र, सोने की चेन, मांगटीका, नथिया, कान के झुमके, दो जितिया, दो जोड़ी टॉप्स और नथुनी बरामद की गई है। इसके अलावा चांदी की तीन जोड़ी पायल, बिछिया, चांदी की चेन, पांच मोती की माला और सात मोबाइल भी मिले हैं। बरामद सोने-चांदी के आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपए आंकी गई है।

# ब्यूटी पार्लर की आड़ में देह व्यापार का खुलासा,11 महिला समेत कुल 12 गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में ब्यूटी पार्लर की आड़ में चल रहे देह व्यापार के एक बहुत बड़े और घिनौने नेटवर्क का पदार्फाश हुआ है। घटना की शुरूआत पानापुर करियात थाना क्षेत्र से हुई, जहाँ रहने वाली एक नाबालिग लड़की अचानक घर से गायब हो गई थी। नाबालिग के अचानक गायब होने से परेशान परिजनों ने 12 जुलाई को ही पानापुर करियात थाने में बेटी की गुमशुदगी का लिखित आवेदन दिया था। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस तुरंत हरकत में आई और प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए मुजफ्फरपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर डीएसपी वेस्ट वन - 1 सुचित्रा कुमारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। यह विशेष टीम तकनीकी सर्विलांस और मानवीय सूचनाओं के आधार पर लगातार बच्ची की तलाश में जुटी हुई थी। जांच के दौरान गठित विशेष पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सबसे पहले संदेही संजय साह को धर दबोचा। पुलिस की कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपी ने अपना गुनाह कबूल किया और उसकी निशानदेही पर काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र स्थित एक ब्यूटी पार्लर में छापेमारी की गई। वहां से पुलिस ने गायब हुई नाबालिग को सकुशल रेस्क्यू कर लिया। इसी छापेमारी के दौरान पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली, जब उसी पार्लर से तुर्की थाना क्षेत्र से लापता हुई एक अन्य नाबालिग लड़की को भी रेस्क्यू किया गया। मौके से पुलिस ने देह व्यापार संचालित करने वाली दो महिला संचालकों को गिरफ्तार कर लिया।रेस्क्यू की गई दोनों नाबालिग बच्चियों से जब महिला पुलिस अधिकारियों ने पूछताछ की, तो उन्होंने ब्यूटी पार्लर की आड़ में चल रहे जिस्मफरोशी के धंधे की रोंगटे खड़े कर देने वाली सच्चाई उजागर की। पीड़िता ने बताया कि उसे जबरन अलग-अलग ब्यूटी पार्लरों में भेजकर उसके शरीर का सौदा कराया जाता था। पीड़िता की निशानदेही पर पुलिस की विशेष टीम ने नगर थाना क्षेत्र और शहर के अन्य हिस्सों में स्थित कई ब्यूटी पार्लरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना
सं॰ - सोनपुर 2026-27-
(113, 115-118)

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी॰)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते है। ई–निविदा की अंतिम तिथि 07.09.2026 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

कार्य का नाम : 113. वसेई/रेलपथ/थानाबिहपुर के अधीन 27 एवं वसेई/रेलपथ/कुरसेला के अधीन 08 समपार फाटकों पर स्टैंडर्ड हाइट गेज लगाने का प्रावधान, अनुमानित लागत (रु. में) : ₹05,42,45,483.37, बयाने की राशि (रु. में) : ₹10,84,900/–

कार्य का नाम : 115. वमइ/2/सोनपुर के अधीन समपार फेंसिग, दरवाजे, खिड़कियों पाइप से पानी की आपूर्ति एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं में सुधार कार्य। अनुमानित लागत (रु. में) : ₹1,96,90,314.21, बयाने की राशि (रु. में) : ₹3,93,800/–

कार्य का नाम : 116. वसेइ/रेलपथ/गडहरा के अधीन 10 समपार फाटकों वसेइ/रेलपथ/खगड़िया के अधीन 19 समपार फाटकों एवं वसेइ/रेलपथ/सोनपुर के अधीन 02 समपार फाटकों पर एवं वसेइ/रेलपथ/दिघवारा के अधीन 01 समपार फाटक पर स्टैंडर्ड हाइट गेज लगाने का प्रावधान। अनुमानित लागत (रु. में) : ₹4,95,95,870.51, बयाने की राशि (रु. में) : ₹9,91,900/–

कार्य का नाम : 117. सोनपुर में वमइ/2/सोनपुर के अधीन एसकेवी वेल्ड पोर्शन की आपूर्ति। अनुमानित लागत (रु. में) : ₹2,11,72,237.31, बयाने की राशि (रु. में) : ₹4,23,500/–

कार्य का नाम : 118. सोनपुर मंडल : मानसून आरक्षित भंडारण हेतु बॉकुडिह/पाकुर अथवा साहेबगंज लूप के अंतर्गत अन्य क्वैरी स्टोन डस्ट की आपूर्ति एवं किसी भी आकार – प्रकार के वैगन में लोडिंग का कार्य। अनुमानित लागत (रु. में) : ₹51,09,960/– बयाने की राशि (रु. में) : ₹1,02,200/–

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाईट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार – किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/
पूमरे/सोनपुर

पीआर/0741/एसईई/यां./टी/26–27/56

# बेनीबाद थानाध्यक्ष का स्थानांतरण धीरेन्द्र कुमार सिंह को मिली कमान

प्रातः किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। बेनीबाद थाना के थानाध्यक्ष पुलिस अवर निरीक्षक गौतम कुमार का स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से अहियापुर थाना की अनुसंधान इकाई में कर दिया गया है। यह कार्रवाई पुलिस उप-महानिरीक्षक, तिरहुत क्षेत्र, मुजफ्फरपुर के अनुमोदन के बाद की गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पूर्वी-01 की ओर से समर्पित प्रतिवेदन में थानाध्यक्ष गौतम कुमार के अपराध नियंत्रण तथा पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर प्रभावी नियंत्रण संबंधी कार्य को अपेक्षित रूप से संतोषजनक नहीं पाए जाने का उल्लेख किया गया था। इसके अलावा उन्होंने पारिवारिक एवं निजी कारणों का हवाला देते हुए थानाध्यक्ष के पद से हटाए जाने के लिए अभ्यावेदन भी दिया था। इन तथ्यों के आलोक में उन्हें बेनीबाद थाना के थानाध्यक्ष पद से हटाकर अहियापुर थाना की अनुसंधान इकाई में पदस्थापित किया गया है। वहीं, कार्यकुशलता, कार्यहित, लोकहित एवं रिक्ति के आधार पर पुलिस अवर निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार सिंह को बेनीबाद थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। इससे पहले वे गायघाट थाना की अनुसंधान इकाई में पदस्थापित थे। उनके नए पदस्थापन के साथ बेनीबाद थाना में थानाध्यक्ष का पदभार संभालने की जिम्मेदारी उन्हें दी गई है।

# विशेष अभियान में 342 अभियुक्त गिरफ्तार, 190 भेजे गए जेल

मुजफ्फरपुर। जिले में वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए गए विशेष समकालीन अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के दौरान जिले के सभी अनुमंडलों में विभिन्न कांडों में वांछित कुल 342 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इनमें से 190 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। अभियान के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने फकुली एवं ब्रह्मपुरा थाना का निरीक्षण किया तथा पुलिस पदाधिकारियों को अपराध नियंत्रण और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुमंडलवार कार्रवाई में नगर-01 से 27, नगर-02 से 41, पूर्वी-01 से 72, पूर्वी-02 से 63, पश्चिमी-01 से 53, पश्चिमी-02 से 34 तथा सरैया अनुमंडल से 52 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए।प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों में अपहरण के एक, बलात्कार/पॉक्सो के दो, शस्त्र अधिनियम के एक, हत्या के प्रयास के सात, एनडीपीएस एक्ट के एक, मद्यनिषेध के 11, चोरी के छह, विविध मामलों के 14, कुर्की वारंटी के दो तथा 145 एनबीडब्ल्यू वारंटी शामिल हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में वांछित एवं फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए इस तरह का विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# कुत्ते को डंडे से भगाने पर मचा बवाल, दो पक्षों में खूनी झड़प, महिला समेत पांच घायल

प्रातः किरण संवाददाता

धरहरा (मुंगेर)। थाना क्षेत्र के दशरथी गांव में गुरुवार की रात कुत्ते को डंडे से मारने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक पक्ष के विशाल कुमार, पप्पू बिंद, रीता देवी और विकास कुमार तथा दूसरे पक्ष की मोना देवी शामिल हैं। घायल विशाल कुमार ने बताया कि वह रात में भैंस दुहने के लिए घर से बथान जा रहा था। इसी दौरान पिंकू बिंद का कुत्ता इधर-उधर घूम रहा था और उसे काटने के लिए दौड़ पड़ा। कुत्ते से बचने और उसे भगाने के लिए विशाल ने डंडे से उसे मार दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरहरा लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मुंगेर रेफर कर दिया। मामले को लेकर धरहरा थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# शराब माफिया के साथ डांस करने वाला एएसआई निलंबित

मुजफ्फरपुर। जिले के औराई थाना (डायल-112) में पदस्थापित पुलिस सहायक अवर निरीक्षक विपिन सिंह को चिन्हित शराब माफिया दिलचंद राय के साथ डांस करते हुए वायरल वीडियो सामने आने के बाद निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसडीपीओ पूर्वी वन से जांच कराई गई। जांच में पुष्टि हुई कि वीडियो में एएसआई के साथ दिख रहा व्यक्ति औराई थाना क्षेत्र का चिन्हित शराब माफिया दिलचंद राय है, जिसके खिलाफ शराब बरामदगी से जुड़े तीन मामलों में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है।

सम्पादकीय

## हमारा स्वतंत्रता दिवस : एक राष्ट्रीय आत्ममंथन!



प्रोफेसर मुश्ताक अहमद

हर वर्ष 15 अगस्त आता है तो भारत के वातावरण में एक अजीब-सी अनुभूति पैदा हो जाती है। देश की सरकारी इमारतों पर तिरंगा लहराता है, स्कूलों और कॉलेजों में राष्ट्रगान गूँजता है, भाषण होते हैं, मिठाइयाँ बाँटी जाती हैं और हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह सब आवश्यक भी है और हमारे राष्ट्रीय जीवन की एक सुंदर परंपरा भी। लेकिन स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं है, यह आत्ममंथन का दिन भी है। यह सवाल करने का दिन है कि 15 अगस्त 1947 को हमने जिस भारत का सपना देखा था, उस सपने का कितना हिस्सा वास्तविकता बन सका? हमने किन क्षेत्रों में असाधारण सफलताएँ हासिल कीं और कहाँ हमारी गति रुक गई? कहाँ हमने इतिहास की माँगों को समझा और कहाँ अपनी ही बनाई हुई दीवारों में कैद हो गए? हमें स्वतंत्रता ऐसे समय मिली जब देश विभाजन के घाव से लहूलुहान था। लाखों लोग बेघर हुए, हजारों परिवार उजड़ गए और सांप्रदायिक हिंसा ने मानवता को शर्मसार कर दिया। इसके बावजूद हमारे प्रथम नेताओं ने नफरत के बजाय लोकतंत्र, संविधान, धर्मनिरपेक्षता, समानता और मानव गरिमा को भारत के भविष्य की आधारशिला बनाया। यह कोई साधारण उपलब्धि नहीं थी। आज जब हम स्वतंत्रता के 79 वर्ष पूरे कर रहे हैं तो सबसे पहले इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि भारत ने बहुत कुछ हासिल किया है। स्वतंत्रता के समय दुनिया के अनेक विशेषज्ञों को विश्वास नहीं था कि इतने विशाल, विविध, गरीब और बहुभाषी देश में लोकतंत्र सफल हो सकेगा। लेकिन भारत ने दुनिया को आश्चर्यचकित किया। आम चुनावों की निरंतरता, सत्ता का शांतिपूर्ण हस्तांतरण, संसदीय व्यवस्था, स्वतंत्र न्यायपालिका, संवैधानिक संस्थाओं और जनता की भागीदारी ने भारत को दुनिया के बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक विशिष्ट स्थान दिलाया। हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि शायद यही है कि इतने मतभेदों के बावजूद भारत एक राजनीतिक इकाई के रूप में कायम रहा। भाषा, धर्म, जाति, क्षेत्र और संस्कृति के असंख्य अंतर के बावजूद भारतीय पहचान ने अपनी जगह बनाई। यह भी हमारी उपलब्धि है कि स्वतंत्रता के बाद भारत ने अपने लिए एक लिखित संविधान बनाया, जिसने नागरिकों को मौलिक अधिकार दिए और राज्य को कानून तथा संविधान के प्रति जवाबदेह बनाया। डॉ. आंबेडकर और संविधान सभा के अन्य सदस्यों ने जिस भारत की कल्पना की थी, उसमें नागरिक का सम्मान उसकी जाति, धर्म, भाषा या आर्थिक स्थिति से निर्धारित नहीं होना था। लेकिन सवाल यह है कि क्या हमने संविधान को केवल किताब में सुरक्षित रखा या उसे अपने सामूहिक जीवन का नैतिक आधार भी बनाया? यह सवाल आज पहले से अधिक महत्वपूर्ण है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की। अंतरिक्ष अनुसंधान से लेकर परमाणु ऊर्जा तक, चिकित्सा से लेकर सूचना प्रौद्योगिकी तक, भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने दुनिया में अपनी क्षमता सिद्ध की है। आज भारत ने अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर ली है। डिजिटल क्रांति ने आम आदमी के जीवन को बदल दिया है। बैंकिंग, संचार, भुगतान व्यवस्था और सरकारी सेवाओं में तकनीक का उपयोग बढ़ा है। भारत की युवा आबादी दुनिया की बड़ी कार्यशक्ति में परिवर्तित हो रही है। कृषि के क्षेत्र में भी हरित क्रांति ने देश को खाद्य संकट के भय से बाहर निकाला। उद्योग, औषधि निर्माण, आईटी, स्टार्टअप और बुनियादी ढाँचे के क्षेत्र में भी देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है। लेकिन विकास का वास्तविक पैमाना केवल यह नहीं है कि हमारे पास कितने उपग्रह हैं, कितने बड़े शहर हैं या हमारी अर्थव्यवस्था कितनी बड़ी है। असली सवाल यह है कि आम भारतीय का जीवन कितना बेहतर हुआ है? यदि एक ओर अत्याधुनिक अस्पताल हैं और दूसरी ओर गरीब को सामान्य उपचार के लिए भी कर्ज लेना पड़ता है; यदि एक ओर विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थान हैं और दूसरी ओर लाखों बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित हैं, तो हमें अपनी उपलब्धियों के साथ-साथ अपनी वंचनाओं का भी हिसाब रखना होगा। शिक्षा के क्षेत्र में भारत ने स्वतंत्रता के बाद बहुत लंबी यात्रा तय की है।

## स्वतन्त्रता का दिवस सुहाना विकृतियों से मुक्त बने भारत

कांतिलाल मांडोत

पन्द्रह अगस्त केवल ध्वजारोहण करने, राष्ट्रगान गाने और स्वतंत्रता सेनानियों को स्मरण करने का दिन नहीं है। यह आत्ममंथन का अवसर भी है कि जिस स्वतंत्रता के लिए असंख्य देशभक्तों ने अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उस स्वतंत्रता को हमने कितना सार्थक बनाया है और विकसित भारत के निर्माण के लिए हमें अभी कितना आगे जाना है। वर्ष 1947 में देश राजनीतिक पराधीनता से मुक्त हुआ था, लेकिन स्वतंत्रता का वास्तविक अर्थ तभी पूरा होगा, जब भारत सामाजिक विकृतियों, आर्थिक विषमता, अशिक्षा, भ्रष्टाचार, जातिवाद, संकीर्णता, बेरोजगारी, हिंसा और नैतिक पतन जैसी चुनौतियों से भी मुक्त हो। गुलामी की पीड़ा को वही समझ सकता है जिसने पराधीनता का जीवन देखा हो। हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने केवल सत्ता परिवर्तन के लिए संघर्ष नहीं किया था। उनके सामने एक ऐसे भारत का सपना था, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति सम्मान के साथ जीवन जी सके, न्याय सबको मिले, अवसर सबके लिए उपलब्ध हों और राष्ट्र अपनी पहचान तथा आत्मसम्मान के साथ विश्व में खड़ा हो। इसलिए स्वतंत्रता दिवस पर हमें केवल अतीत का गौरवगान नहीं करना चाहिए, बल्कि वर्तमान की उपलब्धियों और कमियों का निष्पक्ष मूल्यांकन भी करना चाहिए। स्वतंत्रता के बाद भारत ने अनेक क्षेत्रों में ऐसी उपलब्धियां हासिल की हैं, जिन पर प्रत्येक भारतीय को गर्व होना चाहिए। जिस देश को आजादी के समय गरीबी, अशिक्षा, खाद्यान्न संकट, कमजोर औद्योगिक आधार और सीमित संसाधनों जैसी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ा था, वही भारत आज विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। कृषि के क्षेत्र में हरित क्रांति ने देश को खाद्यान्न के लिए बाहरी निर्भरता से बाहर निकाला। सिंचाई, उर्वरक, कृषि अनुसंधान और आधुनिक तकनीक ने भारतीय कृषि को नई शक्ति दी। आज भारत कृषि उत्पादन के साथ-साथ डेयरी, मत्स्य और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। औद्योगिक विकास ने भी स्वतंत्र भारत की तस्वीर बदली है। आज देश में इस्पात, ऑटोमोबाइल, दवा, इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार, ऊर्जा, रक्षा उत्पादन और अनेक आधुनिक उद्योगों का व्यापक विस्तार हुआ है। बड़े-बड़े बांध, बिजली परियोजनाएं, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे नेटवर्क, बंदरगाह, हवाई अड्डे और महानगरों की आधुनिक परिवहन व्यवस्था देश की विकास यात्रा के प्रमाण हैं। कभी जिन वस्तुओं और तकनीकों के लिए भारत को दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ता था, उनमें से अनेक का निर्माण आज देश में हो रहा है। भारत की अंतरिक्ष यात्रा तो स्वतंत्रता के बाद की सबसे प्रेरणादायक उपलब्धियों में से एक है। सीमित संसाधनों के साथ शुरू हुआ भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम आज उपग्रह प्रक्षेपण, दूरसंचार, मौसम पूवार्नुमान, आपदा प्रबंधन, कृषि निगरानी और वैज्ञानिक अनुसंधान से लेकर चंद्रमा तथा मंगल तक पहुंच चुका है। चंद्रयान अभियानों ने भारत की वैज्ञानिक क्षमता को विश्व के सामने स्थापित किया। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र के निकट सफल सॉफ्ट लैंडिंग ने भारत की वैज्ञानिक प्रतिभा का नया परिचय दिया। आदित्य-एल1 जैसे मिशन भारत की बढ़ती अंतरिक्ष क्षमता का प्रमाण हैं। अब भारत केवल अंतरिक्ष में पहुंचने वाला देश नहीं है, बल्कि अंतरिक्ष विज्ञान में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाला राष्ट्र है। विज्ञान और तकनीक के साथ डिजिटल क्षेत्र में भी भारत ने असाधारण परिवर्तन देखा है। मोबाइल संचार, इंटरनेट, डिजिटल भुगतान और डिजिटल सार्वजनिक सेवाओं ने सामान्य नागरिक के जीवन को प्रभावित किया है। गांवों तक इंटरनेट और बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। डिजिटल भुगतान ने आर्थिक लेन-देन की संस्कृति बदल दी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स और आधुनिक विनिर्माण जैसे नए क्षेत्रों में भारत अपनी क्षमता बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह परिवर्तन बताता है कि भारत केवल परंपरा का देश नहीं, बल्कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक को अपनाने वाला राष्ट्र भी है।

# अगस्त क्रांति आंदोलन के जांबाज शहीद अमीर सिंह

**आज ही के दिन 15अगस्त,1947 को भारत आजाद हुआ था। भारतीय राष्ट्रीय आजादी आंदोलन के संघर्ष में लाखों देशभक्तों ने अपनी कुबार्नी दी थी । देश आजाद हुआ लेकिन अनेक ऐसे शहीद विस्मृतियों के गर्त में धकेल दिए गये । मैं आज अपने इस आलेख में ऐसे ही एक वीर सपूत की चर्चा करने जा रहा हूं । 1942 केअंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन के इस जांबाज शहीद का नाम है- अमीर सिंह । वे 11 अगस्त 1942 को सकरा सब रजिस्ट्री कार्यलय में तिरंगा फहराने की कोशिश करते हुए अंग्रेजी हुकूमत की फौज की गोली से मौके पर ही शहीद हो गये थे । मुजफ्फरपुर जिले के वर्तमान बंदरा प्रखंड का एक गांव है नूनफारा । इस गांव का एक टोला है, बदहा टोला। आजादी से पहले यहां बाहरी जमींदारों की जमींदारी हुआ करती थी। तब की यही परम्परा थी कि गरीब के घर पैदा हुए बच्चे का नाम माता -पिता अमीर लिख देते थे । वे तीन भाईयों में मझले थे । बड़े भाई का नाम धनवीर और छोटे का रामबृक्ष था । दो बहनें भी थीं- कपिया और बढनिया । तब गरीब परिवारों के बच्चों का कुछ ऐसा ही नाम रख दिया जाता था अमीर सिंह पैदा भले ही गरीब घर में हुए लेकिन दब्बू नहीं, विद्रोही स्वाभ के थे ।**





ब्रह्मानन्द ठाकुर
लेखक

आज सारा देश 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़े उत्साह से मना रहा है । आज ही के दिन 15अगस्त,1947 को भारत आजाद हुआ था। भारतीय राष्ट्रीय आजादी आंदोलन के संघर्ष में लाखों देशभक्तों ने अपनी कुबार्नी दी थी । देश आजाद हुआ लेकिन अनेक ऐसे शहीद विस्मृतियों के गर्त में धकेल दिए गये । मैं आज अपने इस आलेख में ऐसे ही एक वीर सपूत की चर्चा करने जा रहा हूं । 1942 केअंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन के इस जांबाज शहीद का नाम है- अमीर सिंह । वे 11 अगस्त 1942 को सकरा सब रजिस्ट्री कार्यलय में तिरंगा फहराने की कोशिश करते हुए अंग्रेजी हुकूमत की फौज की गोली से मौके पर ही शहीद हो गये थे । मुजफ्फरपुर जिले के वर्तमान बंदरा प्रखंड का एक गांव है नूनफारा । इस गांव का एक टोला है, बदहा टोला। आजादी से पहले यहां बाहरी जमींदारों की जमींदारी हुआ करती थी। तब की यही परम्परा थी कि गरीब के घर पैदा हुए बच्चे का नाम माता -पिता अमीर लिख देते थे । वे तीन भाईयों में मझले थे । बड़े भाई का नाम धनवीर और छोटे का रामबृक्ष था । दो बहनें भी थीं- कपिया और बढनिया । तब गरीब परिवारों के बच्चों का कुछ ऐसा ही नाम रख दिया जाता था अमीर सिंह पैदा भले ही गरीब घर में हुए लेकिन दब्बू नहीं, विद्रोही स्वाभ के थे । किशोरावस्था आते-आते उनका यह विद्रोही स्वभाव धीरे धीरे मुखर होने लगा । वे शोषित पीड़ित किसान मजदूर के हमदर्द बन गये। जमींदार और उसके स्थानीय कारिंदों के हर अनाचार, अत्याचार, शोषण और बेगार का विरोध करना ही उनका उद्देश्य हो गया वे गरीबों पर अत्याचार बर्दास्त नहीं करते थे । आखिर इसका परिणाम तो मिलना ही था । जमींदारों के कान खडे हुए । तय हुआ कि इस उदंड और जमींदार विरोधी युवक को सबक सिखाया जाए । जमींदारों ने उनके विरुद्ध अपने आका अंग्रेजों के कान भरना शुरू कर दिया । तब इस इलाके में अंग्रेज की अनेक कोठियां हुआ करती थीं । इन्हीं गोरे साहबों के बल पर तो जमींदारों का भी अत्याचार चलता था। दोनों एक दूसरे के पृष्ठपोषक थे। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ इलाके के किसान -मजदूरों को भड़काने का आरोप लगा कर अमीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया । उन्हें हजारीबाग जेल भेज दिया गया । अनेक सुराजी पहले से ही वहां जेल की सजा काट रहे थे । अमीर सिंह पर उनका प्रभाव पड़ा । गांव में अंग्रेजो और जमींदारों का मिलाजुला अत्याचार देख कर उनके मन में आजादी का जो अंकुर फूटा था वह जेल में बंद स्वतंत्रता सेनानियों के सान्निध्य से पल्लवित -पुष्पित होने लगा । जेल में ही उन्होने स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़ने का निश्चय कर लिया । कुछ समय बाद पर्याप्त सबूत के अभाव में उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया । जेल से जब छूटे तो देश भक्ति का जो रंग उन पर चढा था वह और चटक हो गया था । बाहर आते ही वे सुराजियों के साथ आंदोलनकारी गतिविधियों में भाग लेने लगे । इसी बीच जयमाला देवी से उनका विवाह हुआ । उनका यह दाम्पत्य सूत्र बंधन भी उन्हें अपने लक्ष्य से डिगा नहीं पाया । उन्होंने अपनी गतिविधियां जारी रखीं । 1942 में अंग्रेजो के विरुद्ध व्यापक जनक्रांति फूट पड़ी थी । 9अगस्त 1942 को महात्मा गांधी समेत देश के अधिकांश बड़े नेता गिरफ्तार कर लिए गये थे । गांधी जी द्वारा ह्यकरो या मरोह्ण का नारा दिया जा चुका था । नेता विहीन आंदोलनकारियों की समझ में जो आया वही किया । सशस्त्र क्रांति के समर्थक जो सत्याग्रह आंदोलन में विश्वास नहीं करते थे, वे भी इस आंदोलन में कूद पड़े, तोड़-फोड़ शुरू हो गया । संचार व्यवस्था भंग की गयी , रेल-तार उखाड़े जाने लगे । ब्रिटिश हुकूमत ने बड़ी निर्ममता से इस आंदोलन को कुचलने का काम किया । इस दौरान बिहार के 15 हजार आंदोलनकारियों को जेलों में बंद किया गया । 8 हजार 7 सौ 83 को सजा मिली और 134 देशभक्त शहीद हो गये थे । अमीर सिंह की शहादत का भी वही दौर था । 11 अगस्त 1942 का दिन । स्वतंत्रता सेनानियों की उत्साही जमात रेल की पटरियां उखाड़ने, संचार व्यवस्था ठप करने के लिए तार काटने के बाद नारा लगाते हुए सकरा थाने पर तिरंगा फहराने के लिए बढ रही थी । वहां झंडा फहरा दिया । फिर भीड़ वहां से कुछ सौ मीटर दूर रजिस्ट्री कार्यालय में झंडा फहराने के लिए बढने लगी कि सकरा थाने के तत्कालीन दारोगा दीपनारायण सिंह की चेतावनी भरी जोरदार आवाज गूंजी ह्यसभी भाग जाओ , गोरखा फौज आ गयी है, अब गोली चलेगी।ह्ण जांबाज स्वतंत्रता सेनानियों की भीड़ उस चेतावनी को अनसुनी करती आगे बढ़ती रही। कुछ ही मिनटों में वे लोग रजिस्ट्री कार्यालय में पहुंच गये । गोरखा फौज पहुंच चुकी थी । गोलियों की तड़तड़ाहट से वातावरण थर्रा उठा था । लोग भागने लगे । आखिर जान तो सबको प्यारी होती है न ! इसी दौरान एक गोली अमीर सिंह को लगी और वे मौके पर शहीद हो गये । खबर आग की तरह फैल गयी । जयमाला देवी को जब इस घटना में अपने पति के शहीद होने की सूचना मिली तो उसने खाना-पीना छोड़ दिया । एक साल बाद वह भी इस दुनिया से चल बसी ।इनकी शहादत के 52 वर्षों के बाद 1994 में जब बंदरा प्रखंड का उद्घाटन हो रहा था तब तत्कालीन विधायक सह मंत्री रमई राम ने मुख्य सड़क (जहां से अमीर सिंह के गांव बदहा टोला के लिए एक सडक जाती है) वहां अमीर सिंह द्वार का निर्माण कराया था । कुल मिलाकर उस गांव में मात्र यही एक उनकी निशानी है । पूर्व विधानपार्षद देवेशचंद्र ठाकुर ने अपने कोश से सकरा रजिस्ट्री कार्यालय परिसर में कुछ साल पहले अमीर सिंह की एक प्रतिमा स्थापित की है। उनके शहादत दिवस पर यहां कोई विशेष कार्यक्रम आयोजित नहीं होता है ।हां, कुछ उत्साही युवक हर साल 11 अगस्त को वहां पहुंच कर इस अमर शहीद को श्रद्धांजलि अवश्य अर्पित करते हैं।

# लोकतंत्र की संसद या सियासत का अखाड़ा?

**यह उस विश्वास की कहानी है, जिसमें एक आम नागरिक यह मानता है कि उसकी आवाज संसद तक पहुँचेगी, उस पर चर्चा होगी और उसके जीवन से जुड़े प्रश्नों का समाधान लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से निकलेगा। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ केवल मतदान केंद्र तक जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार या दल के पक्ष में बटन दबाना नहीं है। लोकतंत्र उससे कहीं व्यापक व्यवस्था है। यह नागरिक और राज्य के बीच विश्वास का संबंध है। यह उस उम्मीद का नाम है कि सत्ता जनता के प्रति जवाबदेह होगी, विपक्ष जनता की आवाज को मजबूती देगा, संसद राष्ट्रीय प्रश्नों पर विचार करेगी, मीडिया सत्ता और विपक्ष दोनों से सवाल पूछेगा तथा नागरिक अपनी स्वतंत्र सोच के साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी करेगा। लेकिन आज इस विश्वास के सामने कई गंभीर सवाल खड़े हैं। संसद में होने वाला लगातार गतिरोध, आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत टिप्पणियां, नारेबाजी और कार्यवाही का बाधित होना केवल राजनीतिक दलों के बीच संघर्ष नहीं है। इसका सीधा असर लोकतंत्र की उस छवि पर पड़ता है, जो देश की नई पीढ़ी अपने सामने बनाती है। जब कोई युवा संसद की कार्यवाही देखता है और उसे बहस से अधिक हंगामा दिखाई देता है, जब उसे तर्क से अधिक आरोप सुनाई देते हैं, जब उसे नीति पर चर्चा से अधिक राजनीतिक प्रदर्शन नजर आता है,**






जितेन्द्र कुमार सिन्हा
(लेखक)

भारत की लोकतांत्रिक यात्रा केवल चुनावों की कहानी नहीं है। यह उस विश्वास की कहानी है, जिसमें एक आम नागरिक यह मानता है कि उसकी आवाज संसद तक पहुँचेगी, उस पर चर्चा होगी और उसके जीवन से जुड़े प्रश्नों का समाधान लोकतांत्रिक संस्थाओं के माध्यम से निकलेगा। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ केवल मतदान केंद्र तक जाकर अपनी पसंद के उम्मीदवार या दल के पक्ष में बटन दबाना नहीं है। लोकतंत्र उससे कहीं व्यापक व्यवस्था है। यह नागरिक और राज्य के बीच विश्वास का संबंध है। यह उस उम्मीद का नाम है कि सत्ता जनता के प्रति जवाबदेह होगी, विपक्ष जनता की आवाज को मजबूती देगा, संसद राष्ट्रीय प्रश्नों पर विचार करेगी, मीडिया सत्ता और विपक्ष दोनों से सवाल पूछेगा तथा नागरिक अपनी स्वतंत्र सोच के साथ लोकतांत्रिक व्यवस्था में भागीदारी करेगा। लेकिन आज इस विश्वास के सामने कई गंभीर सवाल खड़े हैं। संसद में होने वाला लगातार गतिरोध, आरोप-प्रत्यारोप, व्यक्तिगत टिप्पणियां, नारेबाजी और कार्यवाही का बाधित होना केवल राजनीतिक दलों के बीच संघर्ष नहीं है। इसका सीधा असर लोकतंत्र की उस छवि पर पड़ता है, जो देश की नई पीढ़ी अपने सामने बनाती है। जब कोई युवा संसद की कार्यवाही देखता है और उसे बहस से अधिक हंगामा दिखाई देता है, जब उसे तर्क से अधिक आरोप सुनाई देते हैं, जब उसे नीति पर चर्चा से अधिक राजनीतिक प्रदर्शन नजर आता है, तब उसके मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या राजनीति वास्तव में समाज को दिशा देने का माध्यम है? संसद में कार्य का स्तर यदि अपेक्षित क्षमता के मुकाबले बहुत कम रह जाए, तो यह केवल सांसदों के काम का आंकड़ा नहीं होता है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जनता के विश्वास का प्रश्न बन जाता है। यदि सदन में चर्चा और कानून निर्माण के लिए उपलब्ध समय का बड़ा हिस्सा गतिरोध में चला जाए, तो उसका नुकसान किसी एक दल या नेता को नहीं, बल्कि पूरे देश को होता है। क्योंकि संसद में बर्बाद हुआ समय वापस नहीं आता। वह समय किसानों की समस्या पर चर्चा का हो सकता था। वह बेरोजगार युवाओं की चिंता पर चर्चा का हो सकता था। वह महंगाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, सीमा सुरक्षा, व्यापार, उद्योग, छोटे व्यवसाय, महिलाओं की सुरक्षा, सामाजिक न्याय और देश के भविष्य की योजनाओं पर विचार का समय हो सकता था। लेकिन जब सदन का मंच राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन का अखाड़ा बनता दिखाई देता है, तब लोकतंत्र के मूल उद्देश्य पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। बहुमत सरकार बनाने के लिए आवश्यक है, लेकिन लोकतंत्र चलाने के लिए संवाद आवश्यक है। चुनाव यह तय करते हैं कि सत्ता किसके हाथ में होगी, संसद यह तय करती है कि सत्ता किस प्रकार जवाबदेह रहेगी। एक स्वस्थ लोकतंत्र में सरकार का मजबूत होना आवश्यक है। देश को निर्णय लेने वाली सरकार चाहिए। नीतियां बननी चाहिए, योजनाएं लागू होनी चाहिए और कठिन परिस्थितियों में सरकार को निर्णय लेने की क्षमता होनी चाहिए। लेकिन मजबूत सरकार का अर्थ यह नहीं है कि विपक्ष की आवाज महत्वहीन हो जाए। उसी प्रकार विपक्ष का आक्रामक होना भी लोकतंत्र की आवश्यकता है। विपक्ष यदि सरकार से सवाल नहीं पूछेगा, नीतियों की आलोचना नहीं करेगा, गलतियों को उजागर नहीं करेगा और वैकल्पिक रास्ते प्रस्तुत नहीं करेगा, तो लोकतंत्र अधूरा रह जाएगा। सरकार को चुनौती देना लोकतंत्र है। संसद को ठप कर देना लोकतंत्र की मजबूती नहीं है। सरकार से जवाब मांगना लोकतंत्र है। हर विषय को राजनीतिक टकराव में बदल देना लोकतंत्र को कमजोर करता है। सत्ता की आलोचना लोकतंत्र का अधिकार है। लेकिन आलोचना के नाम पर व्यक्तिगत आक्षेप लोकतांत्रिक विमर्श की गरिमा को कम करते हैं। इसी तरह सरकार का विपक्ष पर हमला लोकतांत्रिक बहस नहीं है, यदि वह तथ्य और नीति के बजाय व्यक्तिगत आरोपों में बदल जाए। लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में नहीं है कि सभी लोग एक विचार पर सहमत हो। लोकतंत्र की खूबसूरती इस बात में है कि असहमति के बावजूद सभी एक-दूसरे के अस्तित्व और अधिकार का सम्मान करें। भारत की पहली लोकसभा लोकतंत्र की प्रयोगशाला थी। देश नया-नया स्वतंत्र हुआ था। सामने विभाजन की पीड़ा थी, गरीबी थी, अशिक्षा थी, रियासतों का एकीकरण था, आर्थिक चुनौतियां थीं और लोकतांत्रिक संस्थाओं को स्थापित करने की विशाल जिम्मेदारी थी। संसद में विचारधाराओं का तीखा संघर्ष था। सरकार और विपक्ष के बीच मतभेद थे। नीतियों पर गंभीर बहस होती थी। सरकार के बड़े नेताओं को विपक्ष के सवालों का सामना करना पड़ता था। लेकिन उस दौर की संसदीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण बात थी, विचारों की लड़ाई को व्यक्तिगत दुश्मनी में बदलने से बचाने का प्रयास। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद संसद को राष्ट्र की सर्वोच्च बहस का मंच माना जाता था। यह बात आज विशेष रूप से याद आती है। आज राजनीतिक दलों के पास संसाधन पहले से कहीं अधिक हैं। संचार के साधन पहले से कहीं अधिक हैं। मीडिया चैनलों की संख्या अधिक है। सोशल मीडिया ने प्रत्येक नेता को सीधे करोड़ों लोगों तक पहुंचने का माध्यम दे दिया है। राजनीतिक दलों की संगठनात्मक क्षमता बढ़ी है। चुनावी प्रबंधन अधिक आधुनिक हुआ है। लेकिन सवाल यह है कि क्या संसदीय संवाद उसी अनुपात में मजबूत हुआ है? तकनीक बढ़ी है, लेकिन संवाद घटा है, तो यह विरोधाभास चिंता पैदा करता है।

# वंदे मातरम : राष्ट्रभावना, इतिहास और भावार्थ को समझने की सार्थक पहल

अभय आर्या

राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर चर्चित लेखक मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा संपादित और दिल्ली के पैनग्राम पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित वंदे मातरम बुकलेट का प्रकाशन विशेष महत्व रखता है। भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को पटना में इस बुकलेट का लोकार्पण किया गया। राष्ट्रगीत के 150 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा को केंद्र में रखकर तैयार की गई यह बुकलेट इतिहास, राष्ट्रभावना और सांस्कृतिक चेतना को एक साथ प्रस्तुत करती है। वंदे मातरम को सामान्यतः एक राष्ट्रगीत के रूप में जाना जाता है, लेकिन इसके पीछे निहित भाव और ऐतिहासिक संदर्भ को समझना उतना ही महत्वपूर्ण है। बुकलेट की विशेषता यह है कि इसमें राष्ट्रगीत के अर्थ, ऐतिहासिक महत्व और भावार्थ को विस्तार से प्रस्तुत किया गया है। इससे पाठक गीत की पंक्तियों के भाव और उनके व्यापक राष्ट्रीय संदर्भ को सहजता से समझ सकते हैं। ह्यवंदे मातरम्ह्ण भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय चेतना को स्वर देने वाले महत्वपूर्ण गीतों में रहा है। बुकलेट इस ऐतिहासिक विरासत की ओर पाठकों का ध्यान आकर्षित करती है। 9 अगस्त, भारत छोड़ो आंदोलन दिवस के अवसर पर इसका लोकार्पण भी इसे स्वतंत्रता संघर्ष की स्मृतियों से स्वाभाविक रूप से जोड़ता है। बुकलेट का एक उल्लेखनीय पक्ष यह है कि इसमें वंदे मातरम के साथ राष्ट्रगान जन गण मन और बिहार गीत को भी शामिल किया गया है। इससे पुस्तक का दायरा केवल राष्ट्रगीत की व्याख्या तक सीमित नहीं रहता, बल्कि राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सांस्कृतिक पहचान के महत्वपूर्ण प्रतीकों को एक साथ समझने का अवसर मिलता है। आज जब इतिहास और राष्ट्रीय प्रतीकों को समझने के लिए संक्षिप्त एवं प्रामाणिक सामग्री की आवश्यकता महसूस होती है, ऐसे में यह बुकलेट विद्यार्थियों, युवाओं और सामान्य पाठकों के लिए उपयोगी साबित हो सकती है। सरल प्रस्तुति के माध्यम से राष्ट्रगीत के अर्थ और उसकी ऐतिहासिक यात्रा को पाठकों तक पहुंचाने का प्रयास इसकी उपयोगिता बढ़ाता है। वंदे मातरम की 150 वर्षों की यात्रा केवल एक गीत की यात्रा नहीं, बल्कि भारतीय राष्ट्रचेतना और स्वतंत्रता आंदोलन की स्मृतियों से जुड़ी एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक यात्रा है। मुरली मनोहर श्रीवास्तव द्वारा संपादित यह बुकलेट इस विरासत को समझने का एक संक्षिप्त और सार्थक माध्यम प्रस्तुत करती है। वंदे मातरम, ह्यजन गण मनह्ण और बिहार गीत को एक साथ शामिल किए जाने से इसका सांस्कृतिक महत्व और बढ़ जाता है। राष्ट्रगीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और भावार्थ को समझने के इच्छुक पाठकों के लिए यह बुकलेट एक उपयोगी संग्रह के रूप में देखी जा सकती है।



## संक्षिप्त खबरें

### सारण एसएसपी द्वारा लाइन डे का आयोजन किया गया

छपरा सदर। शुक्रवार को सारण एस एस पी विनीत कुमार द्वारा हास्तिका कक्ष एवं अनुरोध कक्ष का संचालन किया गया। इस अवसर पर वरीय पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित पुलिसकर्मियों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याओं को तथा विभिन्न मांगों को गंभीरतापूर्वक सुना। सुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों पर त्वरित एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### हर घर तिरंगा अभियान के प्रचार प्रसार अभियान चलाया गया

मकेर / मध्य विद्यालय चंदीला में मकेर बीडीओ ने हर घर तिरंगा अभियान के प्रचार प्रसार का आगाज किया इस अभियान में विद्यालय के शिक्षकों एवम बच्चों ने देश भक्ति के प्रेरित भक्ति गीतों एवम झांकियां दिखाया साथ ही बीडीओ शिवांगी सिंह के साथ जागरूकता रैली निकाली गयी जिसमे तिरंगा लहराते हुए नारों से गुंजयमान हो रहा था । इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्वामी नाथ प्रसाद गुप्ता ,धर्मेन्द्र कुमार शर्मा ,प्रवीण कुमार सिंह ,चंदा कुमारी, शबनम बानो बिमला यादव मनीषा यादव सहित बच्चे उपस्थित थे ।

### स्वतंत्रता दिवस समारोह 2026 : सारण में भव्य आयोजन, उपमुख्यमंत्री करेंगे ध्वजारोहण

छपरा ।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सारण जिला प्रशासन द्वारा 15 अगस्त 2026 को भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया जाएगा। मुख्य समारोह का आयोजन प्रातः 09:00 बजे राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा में होगा, जहां बिहार के माननीय उपमुख्यमंत्री सह सारण जिला के प्रभारी मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जिलेवासियों से इस राष्ट्रीय पर्व में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान विभिन्न सरकारी कार्यालयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह का कार्यक्रम 08:30 बजे पूर्वाह्न -जिला गोपनीय शाखा में जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया जायगा। 09:00 बजे पूर्वाह्न - राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा में मुख्य समारोह एवं माननीय उपमुख्यमंत्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा ध्वजारोहण करेंगें ।10:10 बजे पूर्वाह्न -आयुक्त कार्यालय परिसर, छपरा में आयुक्त, सारण प्रमंडल द्वारा ध्वजारोहण,10:25 बजे पूर्वाह्न -सारण समाहरणालय परिसर में जिलाधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया जायगा। जबकि 01:00 बजे अपराह्न - राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा में फुटबॉल एवं क्रिकेट मैच का आयोजन होगा ।वहीं 04:00 बजे अपराह्न -प्रेक्षा गृह, छपरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। जिला प्रशासन ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। सुरक्षा, यातायात, पेयजल, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, छात्र-छात्राओं एवं जिले के गणमान्य व्यक्तियों को समारोह आमंत्रित किया गया है।

### सारण जिलाधिकारी एवं एसएसपी की उपस्थिति में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस का आयोजन

छपरा सदर। शुक्रवार को सारण जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव एवं एस एस पी विनीत कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा-कक्ष में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 सहित अन्य दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभाजन की त्रासदी में दिवंगत लोगों के सम्मान में मौन रखकर उन्हें स्मरण एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सद्भाव का संदेश दिया गया।

### परसा अवर निबंधक कार्यालय में पेपर लेस रजिस्ट्री

परसा। बिहार सरकार के निर्देश पर परसा अवर निबंधन कार्यालय में शुक्रवार को पेपरलेस भूमि रजिस्ट्री का शुभारंभ कर दिया गया। अवर निबंधक पदाधिकारी राखी कुमारी ने कंप्यूटर क्लिक कर इस नई व्यवस्था की शुरूआत की।पेपरलेस सिस्टम के तहत कार्यालय में पहली रजिस्ट्री परसा नगर पंचायत क्षेत्र के चेतन परसा निवासी मो. कर्मुल्लाह की पत्नी मुन्नी खातून के नाम से की गई। मौके पर अधिकारियों ने इसे राज्य सरकार की डिजिटल पहल की दिशा में बड़ा कदम बताया।अवर निबंधक पदाधिकारी राखी कुमारी ने बताया कि सरकार के निर्देश पर परसा में पेपरलेस रजिस्ट्री की शुरूआत की गई है। इस नई व्यवस्था में भूमि बेचने और खरीदने वाले खुद पोर्टल पर सारी जानकारी अपलोड करेंगे। साथ ही सभी हस्ताक्षर भी डिजिटल रूप से होंगे।

# जनता के दरबार में जिलाधिकारी ने सुनी 48 फरियादियों की समस्याएं

**सबका सम्मान, जीवन आसान की भावना के साथ आमलोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई का निर्देश**

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। आमलोगों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जनता के दरबार में जिलाधिकारीह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने जनता दरबार में पहुंचे 48 लोगों की समस्याओं को बारी-बारी से सुना और उनके निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में बड़ी संख्या में आम नागरिक अपनी समस्याएं एवं शिकायतें लेकर पहुंचे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक फरियादी की बात गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को मामलों की जांच कर समयबद्ध एवं नियमानुकूल कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में प्राप्त अधिकांश शिकायतें राजस्व एवं भूमि सुधार, आपदा तथा भू-अर्जन से संबंधित थीं। जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता एवं गंभीरता के साथ कार्रवाई करते हुए शिकायतों का यथासंभव शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही को प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक योग्य एवं उचित शिकायत का नियमानुसार समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को केवल औपचारिकता के रूप में न लें, बल्कि प्रत्येक मामले की गंभीरता से जांच कर गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि जनता के दरबार में जिलाधिकारीह कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, ताकि आमलोगों को सीधे जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याएं रखने और उनके समाधान की प्रक्रिया को गति देने का अवसर मिल सके।

# लोक शिकायत के 14 मामलों की सुनवाई 06 मामलों में अंतिम आदेश

**शेष 08 मामलों में पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली सुनवाई में उपस्थित होने का निर्देश**



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के तहत द्वितीय अपील से संबंधित मामलों की सुनवाई की। इस दौरान उन्होंने लोक शिकायत के कुल 14 मामलों की सुनवाई करते हुए संबंधित मामलों के निस्तारण की कार्रवाई की। सुनवाई के दौरान 06 मामलों में अंतिम रूप से आदेश पारित किया गया। वहीं, शेष 08 मामलों में संबंधित लोक प्राधिकारी को पूर्ण प्रतिवेदन के साथ अगली निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लोक शिकायतों के निवारण में किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। शिकायतों का ससमय, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निवारण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 का सफल क्रियान्वयन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी लोक प्राधिकार एवं संबंधित पदाधिकारी शिकायतों के प्रति सजग, संवेदनशील तथा सक्रिय रहें और आम नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि लोक शिकायतों के निवारण में तत्परता के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई भी आवश्यक है, ताकि आम नागरिकों को अपने अधिकारों एवं समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

## स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर कौशिकी संस्था के द्वारा तुलसी पौधा का पौधरोपण व वितरण



छपरा कार्यालय। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में ह्यतुलसी दीदीह्व के नाम से चर्चित प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता और सारण अकादमी स्कूल की शिक्षिका डॉ. अंजली सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर एक सराहनीय पहल की है। बालिका शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रणी सामाजिक संस्था कौशिकी रूरल डेवलपमेंट सोसायटी के सहयोग से एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सारण अकादमी स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को तुलसी के पौधे भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अंजली सिंह ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने और हर घर में औषधीय पौधों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्वों पर पौधरोपण और उनका संरक्षण ही प्रकृति के प्रति हमारी सच्ची देशभक्ति है। कौशिकी संस्था के प्रतिनिधियों और स्कूल परिवार ने इस हरित पहल की भूरि- भूरि प्रशंसा की तथा पर्यावरण रक्षा का संकल्प लिया। उक्त विद्यालयके प्राचार्य अमोद कुमार सिंह सहित लगभग 20 से अधिक शिक्षक और शिक्षिकाओं को तुलसी पौधा भेंट किया गया है। जबकि इस अवसर पर संरक्षक धर्मेंद्र रस्तोगी और वरीय सदस्य पुष्पा सिंह उपस्थि रही।

# राजेन्द्र कॉलेज द्वारा निकाली गई तिरंगा रैली

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर ।हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को राजेन्द्र कॉलेज, छपरा द्वारा एन.एस.एस. के तत्वावधान में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार, प्राध्यापकगण, एन. एस.एस. पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। रैली के लिए एकत्रित छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि तिरंगे की शान को सदैव बनाए रखें व राष्ट्रगौरव की भावना से पूर्ण रहें। अपने व्यक्तित्व का विकास करें और समाज की सेवा करें। भारत माता की जयह्व, ह्यवन्दे मातरम इत्यादि नारों के साथ रैली महाविद्यालय से रवाना होकर बजरंग रोड, काशी बाजार होते हुए मेन रोड से महाविद्यालय वापस होकर राजेन्द्र उद्यान परिसर में देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जी की प्रतिमा के समक्ष रैली एक सभा के रूप में परिवर्तित हो गई। जहाँ पर शिक्षकों एवं एन.एस.एस. के वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने नए छात्र-छात्राओं को तिरंगा यात्रा, घर-घर तिरंगा एवं एन.एस.एस. इत्यादि के बारे में मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य के अलावा वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. अशोक कुमार सिन्हा, प्रो. पूनम, प्रो. आलोक वर्मा, डॉ. अनुपम कुमार, डॉ. श्याम शरण, प्रशाखा पदाधिकारी श्री हरिहर मोहन, सूरज राम, महेंद्र राम, रासेयो के वरिष्ठ स्वयंसेवक सचिन चौरसिया, शिवम कुमार, राकेश कुमार, स्वाति कुमारी, रजनी कुमारी, प्राची कुमारी, सोनू कुमार, रूचि कुमारी, खुशी कुमारी, अनिशा कुमारी, प्राची कुमारी सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापक, शिक्षकेतर कर्मी एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संयोजन एन.एस.एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. ऋचा मिश्रा, डॉ. बी. एस. साहू द्वारा किया गया तथा पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अनुपम कुमार सिंह का विशेष सहयोग रहा।




## तिरंगा यात्रा का हुआ सफल आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

चपरा कार्यालय। जयप्रकाश महिला महाविद्यालय, छपरा में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस के पूर्वह्व हर घर तिरंगाह्व अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा यात्रा का सफल आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों एवं महाविद्यालय के छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। हाथों में ध्वज लेकर युवाओं के बीच भारतीय ध्वज संहिता, 2002 को साझा कर जागरूकता उत्पन्न किया गया। ध्वज फहराते समय निर्धारित नियम, प्रोटोकॉल का पालन करना ,छात्राओं में राष्ट्रीय एकता अखंडता और देश के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जागृत करने का प्रयास किया गया । यात्रा के दौरान छात्राओं एवं स्वयंसेवकों द्वारा तिरंगे झंडे को हाथों में थामे देश भक्ति का प्रदर्शन किया गया ।तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए प्राचार्य डॉक्टर किरण कुमारी ने कहा किह्व हर घर तिरंगा ह्ल घर पर झंडा लगाने का अभियान नहीं है बल्कि यह हमें अपने देश ,स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर देता है ' हमें तिरंगे का सदैव सम्मान करना चाहिए और उसके गौरव को बचाकर रखना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ बिंदी कुमारी ने छात्राओं को हर घर तिरंगा अभियान के उद्देश्य और राष्ट्रीय ध्वज के महत्व की जानकारी दी तथा अभियान बनाने में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। यात्रा में उपस्थित शिक्षक, शिक्षकेतर एवं छात्राओं ने देश के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करने और अपने घरों तथा आसपास के क्षेत्रों में तिरंगा फहराकर हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# सारण पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले संगठित गिरोह का किया पदार्फाश, 07 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। सारण के मशरख थाना पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले संगठित गिरोह का पदार्फाश करते हुए 07 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताते चले कि 13 अगस्त को मशरख थाना को एक फर्द बयान प्राप्त हुआ जिसमें पीड़ित द्वारा बताया गया कि 12 अगस्त 2026 की रात्रि में जब वह दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से अपने घर लखनपुर जा रहे थे इसी क्रम में महादेवा ब्रह्म स्थान, बंगरा के समीप से कुछ व्यक्तियों द्वारा पीछा किया गया। करणकुदरिया स्थित जे०के० सिंह के चिमनी के पास मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्तियों द्वारा मोटरसाइकिल से धक्का देकर गिरा दिया गया तथा चाकू का भय दिखाकर मोटरसाइकिल एवं मोबाइल लूटने का प्रयास किया गया। घटना के दौरान पीड़ित द्वारा शोर मचाने पर स्थानीय व्यक्ति के सहयोग से मोटरसाइकिल सवार तीन अभियुक्तों को पकड़ लिया गया, जबकि दूसरी मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से फरार हो गये। घटना की सूचना प्राप्त होने पर मशरख थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुँचकर मोटरसाइकिल-02 एवं मोबाइल-06 जप्त कर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। नाम पता पूछने पर उक्त सभी द्वारा अपना नाम 1. रितेश सिंह, पिता-रूनु सिंह उर्फ रेणु सिंह 2. विकास सिंह, पिता-अखिलेश सिंह, दोनों साकिन गंगौली 3. आयुष कुमार, पिता-मनोरंजन कुमार सिंह, साकिन मशरख यदू मोड़, तीनों थाना-मशरख, जिला-सारण बताया। पूछताछ के क्रम में उक्त सभी के द्वारा बताया गया कि वे अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर संगठित रूप से मोटरसाइकिल, मोबाइल एवं रुपये पैसे आदि की लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर छापेमारी कर 04 अन्य अभियुक्तों को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में उक्त सभी के द्वारा यह भी रवीकार किया गया कि अकेले आने-जाने वाले व्यक्तियों की रेकी कर उन्हें निशाना बनाते थे तथा घटना को अंजाम देने के लिए आपस में समन्वय स्थापित करते हैं। बरामद दोनों मोटरसाइकिल एवं मोबाइल के संबंध में कागजात की मांग करने पर मुक्त द्वारा कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मशरख थाना क्षेत्र के गंगौली निवासी रेणु सिंह के पुत्र रितेश कुमार,अखिलेश सिंह के पुत्र विकाश कुमार,लालबदन सिंह के पुत्र अमित सिंह,राजबहादुर सिंह के पुत्र करण कुमार,जयराम कुशवाहा के पुत्र पवन कुशवाहा,नंद किशोर महतो के पुत्र राहुल कुमार सभी मशरख थाना क्षेत्र के गंगौली निवासी तथा मशरख थाना के यदुमोड़ निवासी मनोरंजन कुमार सिंह का पुत्र आयुष कुमार सिंह बताए जाते है।

## छात्र-छात्राओं ने शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली तिरंगा रैली

प्रात : किरण संवाददाता




एकमा (सारण)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सारण जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार के हंसराजपुर स्थित मध्य विद्यालय व प्राथमिक विद्यालय राजापुर के तत्वावधान में शुक्रवार को तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। शिक्षक-शिक्षिकाओं के नेतृत्व में एकमा बाजार और पोषक क्षेत्र में निकली तिरंगा रैली में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए लोगों को हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जागरूक किया। विद्यालय परिसर से निकली रैली में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाएं भी शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आनंद सिंह, उपेन्द्र कुमार यादव, नगर उपाध्यक्ष रानू मांझी, संजीव सिंह, गाजी हसन, कुमार समरेश, चंदन कुमारी, माया शर्मा, रीता कुमारी, अफरोजी खातून एवं वर्षा गुप्ता के अलावा प्राथमिक विद्यालय राजापुर के लखन लाल प्रसाद, अंजना मिश्रा सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मध्य विद्यालय परिवार हंसराजपुर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देश की एकता और अखंडता तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व के प्रति जागरूक किया। रैली के माध्यम से लोगों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर तिरंगा फहराने और राष्ट्र के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने की अपील की गई।

## पीएचईडी व अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री से मिलकर पूर्व मुखिया ने उठाई जल निकासी की समस्या



छपरा/मांझी (सारण)। बिहार के सारण जिले के मांझी प्रखंड की जैतपुर पंचायत के पूर्व मुखिया जय प्रकाश सिंह ने पटना में पीएचईडी मंत्री संजय सिंह तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंत्री मो. जमा खान से मुलाकात कर पंचायत की जल निकासी सहित विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने मंत्रियों को बताया कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण पंचायत के किसानों को हर वर्ष भारी नुकसान उठाना पड़ता है। कभी बाढ़ के कारण तैयार फसलें पानी में डूबकर नष्ट हो जाती हैं तो कभी सूखे की स्थिति में फसलें मुरझाकर बर्बाद हो जाती हैं। पूर्व मुखिया ने बताया कि जैतपुर गांव होकर करीब एक दर्जन गांवों का पानी गुजरता है, लेकिन निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से खेतों में लंबे समय तक जलजमाव बना रहता है। इससे खरीफ और रबी दोनों फसलें प्रभावित होती हैं तथा किसानों की आर्थिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उन्होंने जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कराने के साथ अन्य स्थानीय समस्याओं के समाधान की भी मांग की। मंत्रियों ने पूर्व मुखिया की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से आवश्यक कार्रवाई कराने और जल निकासी की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में पहल करने का आश्वासन दिया।

# भाजपा ने आयोजित किया विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय । भारतीय जनता पार्टी सारण के तत्वावधान में शुक्रवार को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में फोरलेन स्थित अटल सभागार भाजपा कार्यालय छपरा में जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ,छपरा विधायक छोटी कुमारी जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष क्रमशः अशोक कुमार सिंह वेद प्रकाश उपाध्याय रामदयाल शर्मा के संयुक्त तत्वाधान में किया गया इस अवसर पर कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है श्री सिंह ने कहा कि 1947 के भारत-पाकिस्तान विभाजन के दौरान विस्थापित हुए लाखों लोगों के अकल्पनीय दर्द संघर्ष और बलिदान की याद दिलाती है तथा देश की एकता और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने का संदेश देती है विधायक छोटी कुमारी ने कहा कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर 1947 के ऐतिहासिक विभाजन के वक्त हुए विस्थापन और हिंसा के दौरान जान गवाने वाले और प्रभावित होने वाले हर एक व्यक्ति के प्रती गहड़ी संवेदना व्यक्त की जाती है जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने कहा कि यह दिवस हमें यह सीख देता है कि हम समाज में नफरत भेदभाव और विभाजनकारी ताकतों के जहर को समाप्त कर तथा आपसी भाईचारा एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखें स्मृति दिवस के उपरांत कार्यकताओं ने एक मोहन जुलूस भी निकाला कार्यक्रम का संचालन पूर्व एमएलसी प्रत्याशी डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक डॉ सी एन गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदयाल शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह, महामंत्री विवेक कुमार सिंह, श्रीनिवास सिंह, प्रधान प्रवक्ता अधिवक्ता प्रकाश रंजन नीकू ,राजीव कुमार सिंह ,कृष्णा राम ,शत्रुघन भक्त , जीतू कुशवाहा, सत्या सिंह बलवंत सिंह धर्मेंद्र चौहान अभय सिंह कंचन कुशवाहा निभा शर्मा प्रोफेसर कमल किशोर सिंह भरत मांझी प्रदीप सौरभ आदि उपस्थित थे।

## दलित के घर पर गिरा तार का पेड़,नगर पंचायत बेखबर,यातायात पूर्ण रूप से बाधित

परसा ।नगर पंचायत के वार्ड 7 शंकरडीह अनुसूचित जाति टोला में गत बुधवार दोपहर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सुतिहार-महेशिया पथ पर स्थित सुनील राम के घर पर 60 फिट लंबा तार का पेड़ अचानक गिर गया। गनीमत रही कि घर में मौजूद सभी लोग बाल-बाल बच गए, लेकिन घर पूरी तरह ध्वस्त हो गया ।पशुराम दास,रवि बासफोर,राजू बसफोड़,उषा देवी,सुनीता देवी,मिथलेश राम,सुरेश नट,रौशन नट ने बताया कि बुधवार को दोपहर में अचानक तेज आवाज के साथ तार का विशाल पेड़ घर पर आ गिरा। पेड़ गिरते ही घर की एल्बेसटर, दीवार और अंदर रखा सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के समय घर में अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े ।ग्रामीणों ने कहा कि वार्ड सात के वार्ड पार्षद लाल बाबू खलीफा की मौत हो जाने के कारण तीन दिनों से घर पर तार का पेड़ गिरा पड़ा है ।यदि दलित का नेता जिंदा होता तो अब तक समस्या का समाधान हो जाता ।ग्रामीणों ने नगर पंचायत के पदाधिकारी और जा प्रतिनिधियों पर जात पात का आरोप लगाया ।ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस की वाहन आई और रस्ता बंद देख वापस लौट गई ।लेकिन पेड़ को हटाने की दिशा में पहल नहीं किया ।वही गृहस्वामी सुनील राम और उनकी माता इंदु देवी ने बताया कि पेड़ गिरने से घर पूरी तरह टूट गया है। घर का सारा सामान दबकर नष्ट हो गया है। अब पूरा परिवार बेघर हो गया है और किसी तरह गुजर-बसर कर रहा है। बच्चे खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं ।पीड़ितों ने बताया कि पेड़ गिरने से सुतिहार-महेशिया पथ पर यातायात भी बाधित हो गया है। रास्ते में पेड़ और तार गिरे होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है ।परिवार ने नगर पंचायत पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि घटना की सूचना देने के बाद भी अब तक पथ और घर से तार को नहीं हटाया गया है। पीड़ित सुनील राम ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नया घर बनवाकर दिया जाए, ताकि उन्हें रहने की जगह मिल सके ।फिलहाल पीड़ित परिवार प्रशासनिक मदद की बाट जोह रहा है ।यातायात बाधित होने से यात्रियों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# इसुआपुर पंडित टोली में जल जमाव से परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपुर । प्रखंड के इसुआपुर गांव के पंडित टोली में जल जमाव होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। थोड़ी सी भी बारिश होने पर पंडित टोली में जाने वाली सड़क पर जल जमाव हो जाता है। पानी की निकासी के लिए सड़क किनारे नाला या अन्य कोई साधन नहीं होने से लंबे समय तक कीचड़ मिश्रित पानी जमें रहने से सड़ांध उत्पन्न हो जाता है। खासकर महिलाओं तथा बच्चों को काफी परेशानी होती है। पानी के सड़ांध से बीमारी फैलने का डर बना रहता है। वहीं आवागमन सामान्य होने के लिए पानी के सूखने का इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीण गोरख चौबे, रामदेव चौबे, शैलेश चौबे, नंदकिशोर चौबे, शीला चौबे, रामजी चौबे, मानिक मिश्र, संतोष चौबे, कृष्णा चौबे, रवि चतुर्वेदी, प्रियांशु चौबे, यश चौबे, हरेंद्र चौबे, लकी कुमार व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से चले आ रहे इस समस्या से पंचायत समिति सदस्य, मुखिया तथा जिला पार्षद को अवगत कराया गया है। बावजूद आश्वासन के सिवा आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

## सारण एसएसपी के निर्देशन में जगदम कॉलेज में छात्र-छात्राओं को मानव तस्करी एवं साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

छपरा सदर। शुक्रवार को सारण एस एस पी विनीत कुमार द्वारा मुफ्फसिल थाना अंतर्गत जगदम कॉलेज में छात्र-छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, नशा, महिला एवं बाल सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा विभिन्न प्रकार के अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना रहा। इस दौरान श्री कुमार द्वारा छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए साइबर ठगी एवं ऑनलाइन अपराध से सतर्क रहने, सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, किसी भी अनजान लिंक / ओटीपी/पासवर्ड को साझा नहीं करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही, छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने, कानून का पालन करने तथा समाज में सकारात्मक एवं जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे स्वयं जागरूक रहें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी साइबर अपराध एवं अन्य सामाजिक अपराधों के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए, जिनका पुलिस पदाधिकारियों द्वारा आवश्यक जानकारी एवं समाधान के साथ उत्तर दिया गया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष, मुफ्फसिल थाना, अन्य पुलिस पदाधिकारी, जगदम कॉलेज के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# विगत 24 घंटे में 52 अभियुक्त किये गये गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। सारण एस एस पी विनीत कुमार द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में असामाजिक तत्वों, अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी एवं शराब के सेवन,बिक्री,भंडारण, निर्माण और परिवहन आदि पर पूर्ण रूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए गुरुवार को विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल-52 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें वारंट में 15, शराब कारोबारी में 10,हत्या के प्रयास में 7, शराब सेवन में 7, लूट में 2, चोरी में 2,अपहरण में 1,पुलिस पर हमला में 3,पोक्सो एक्ट में 1, रंगदारी में 1एवं अन्य कांडो के 3 अभियुक्त शामिल है। वही अपराध नियंत्रण एवं यातायात सुरक्षा के दृष्टिकोण से कुल-06 वाहनों से 6,000/- रूपए जुमार्ना राशि वसूली गई। साथ ही जिला अंतर्गत देशी शराब-67.4 लीटर बरामद किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### तीसरी सोमवारी पर जलाभिषेक के लिए कांवरियों का जत्था पहलेजा के लिए रवाना

मुजफ्फरपुर।सावन की तीसरी सोमवारी पर 17 अगस्त को बाबा गरीबनाथ का जलाभिषेक करने के लिए आज शुक्रवार को कांवरियों का जत्था पहलेजा घाट के लिए रवाना हो गये। सुबह से ही बाबा गरीबनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। कांवरियों ने बाबा का दर्शन-पूजन किया और हाबावा गरीबनाथ की जयह के जयघोष के साथ गंगाजल लेने पहलेजा घाट की ओर प्रस्थान कर गये इस बार तीसरी सोमवारी पर सामान्य कांवरियों के साथ डाक कांवरियों की भी बड़ी संख्या रहने की उम्मीद जताई जा रही है। मंदिर प्रशासन के अनुमान के मुताबिक करीब 7 लाख कांवरिये बाबा गरीबनाथ पर जलाभिषेक कर सकते हैं। कांवरिए शाम तक पहलेजा घाट पहुंचेंगे। वहां स्नान और पूजा-अर्चना के बाद गंगाजल लेकर मुजफ्फरपुर के लिए पैदल रवाना होंगे। रास्ते में सोनपुर स्थित बाबा हरिहरनाथ मंदिर में जल चढ़ाने के बाद वैशाली के रास्ते मुजफ्फरपुर पहुंचेंगे। रविवार, 16 अगस्त की शाम तक कांवरियों के मुजफ्फरपुर पहुंचने की उम्मीद है। रात 12 बजे से तीसरी सोमवारी का जलाभिषेक शुरू होगा।

### प्रमुख व बीडीओ पर लगाया मनमानी का आरोप

मुजफ्फरपुर। बोचहा प्रखंड के रामपुर जयपाल की पंचायत समिति सदस्य लीला देवी के प्रखंड प्रमुख साजन पासवान और बीडीओ पर पंचायत समिति की बैठक में मनमानी करने का आरोप लगाया है। इसको लेकर पंचायत समिति सदस्य ने बीपीआरओ से इसकी लिखित शिकायत की है। जिसमें उन्होंने कहा है की 13अगस्त को पंचायत समिति की बैठक बुलाई गई थी। जिसमें अंचल व प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ जनप्रतिनिधि ने सामूहिक बहिष्कार कर दिया था। जिसके बाद बीडीओ के द्वारा नियम के विरुद्ध जाकर फिर 14अगस्त को बैठक बुलाई गई है जो की नियमानुकूल नहीं है। वहीं प्रखंड प्रमुख व बीडीओ पर आरोप लगाते हुए कहा की दोनों बैठक के प्रस्ताव को बैठक में नहीं लिखा कर बाद में अपने चैम्बर में लिखते है। जिसमें अपने मन से प्रस्ताव लिखा जाता है।

### दनियावां में भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली तिरंगा यात्रा

दनियावां। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को दनियावां में भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष रवि प्रकाश के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा में दनियावां थानाध्यक्ष खुशबू खातून, शाहजहांपुर थानाध्यक्ष बमबम कुमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे लगाते हुए क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान लोगों से राष्ट्र की एकता, अखंडता और देश के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। भाजपा नेताओं ने कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की स्वतंत्रता, गौरव और बलिदान का प्रतीक है। ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को और मजबूत करते हैं। तिरंगा यात्रा में दिलीप कुमार मोदी, पप्पू चक्रवर्ती, शियाराम शर्मा, नवीन कुमार, नवल प्रसाद सहित भाजपा के स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### खैरा में निकली 120 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा

सहार भोजपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति के तत्वावधान में खैरा में 120 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा की शुरुआत करवासी काली मंदिर से हुई, जो पेट्रोल पंप खैरा तक पहुंची। नंद साइंस सेंटर और स्टार कोचिंग सेंटर के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। भारत माता की जय और शहीद सपूत अमर रहें के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। छात्राओं ने भारत माता और झांसी की रानी की वेशभूषा में झांकी प्रस्तुत कर देशभक्ति का संदेश दिया। समिति ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना और युवाओं में देशभक्ति की भावना जागृत करना है। कार्यक्रम में पैक्स अध्यक्ष अविनाश राय, सरपंच निकेश सिंह, अध्यक्ष चंदन कुमार चांद, सचिव सुजीत सिंह, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार समेत शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक, हर घर तिरंगा अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं:मुख्यमंत्री

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत हवेली खड़गपुर के अम्बेदकर चौक से पटेल चौक तक मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निकली तिरंगा यात्रा में जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों और आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भारत माता की जय के जयघोष और तिरंगे के साथ लोगों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति का संदेश दिया। मुख्यमंत्री ने स्व० नन्दलाल बसु, बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेदकर और सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।मुंगेर / पटना। हर घर तिरंगा अभियान-2026 के तहत मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में आज मुंगेर जिले के हवेली खड़गपुर में अम्बेदकर चौक से पटेल



चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में बिहार सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण, विधान पार्षद, स्कूली छात्र-छात्राएं, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी ने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान देश के प्रति सम्मान, राष्ट्रभक्ति और नागरिकों में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने लोगों से इस अभियान को जन-जन का अभियान बनाने का आह्वान किया। तिरंगा यात्रा के दौरान हाभारत माता की जयह के जयघोष, राष्ट्रभक्ति की धुन और ढोल-नगाड़ों की गूंज से पूरा हवेली खड़गपुर राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग नजर आया। बड़ी संख्या में लोगों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और गौरव की भावना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने यात्रा के दौरान नन्दलाल बसु चौक पर महान कलाकार स्व० नन्दलाल बसु, अम्बेदकर चौक पर बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेदकर तथा पटेल चौक पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गन्ना उद्योग सह मुंगेर जिला के प्रभारी मंत्री श्री संजय कुमार, विधायक श्री नचिकेता, विधायक श्री कुमार प्रणय, विधान पार्षद श्री लाल मोहन गुप्ता, अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के सचिव श्री संजय कुमार सिंह, मुंगेर प्रमंडल के आयुक्त श्री प्रेम सिंह मीणा, मुंगेर प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राकेश कुमार, जिलाधिकारी श्री निखिल धनराज निप्पनिकर, पुलिस अधीक्षक श्री सैयद इमरान मसूद, अन्य वरीय अधिकारी, छात्र-छात्राएं, सामाजिक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# 37 महादलित टोलों में भी फहरेगा तिरंगा अधिकारियों ने तैयारियों का लिया जायजा

प्रातः किरण संवाददाता



सीवान/दरौंदा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को दरौंदा प्रखंड के विभिन्न 37 महादलित टोलों में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को प्रखंड प्रशासन के अधिकारियों ने विभिन्न स्थलों की तैयारियों का जायजा लिया। बीडीओ सिम्पी कुमारी, सीओ वेद प्रकाश नारायण एवं बीईओ सौरभ सुमन ने झंडोत्तोलन कार्यक्रम से जुड़ी तैयारियों की जानकारी ली और संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। प्रखंड मुख्यालय में सुबह 8:45 बजे से 11:30 बजे तक स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वतंत्रता सेनानियों की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने से होगी। इसके बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख द्वारा झंडोत्तोलन किया जाएगा। प्रखंड प्रशासन ने पंचायतवार महादलित टोलों में भी झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया है। संबंधित टोलों में झंडोत्तोलन के लिए टोले के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति अथवा महिला को शामिल कराया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार करसौत पंचायत के करसौत मौजे टोला में सुबह 10 बजे, पिनर्थू कला में 10:10 बजे तथा पिनर्थू खुर्द में 10:20 बजे झंडोत्तोलन होगा। पसिवड़ में 10:20 बजे, पकवलिया चमार टोली में 10:30 बजे और पकवलिया बलुआ में 10:50 बजे कार्यक्रम होगा। वहीं, देवर चमार टोली में 10:30 बजे तथा लोपर कॉलोनी में 10:40 बजे झंडोत्तोलन निर्धारित है। इसके अलावा सवान विग्रह, नवलपुर, कोथुआ सारंगपुर समेत प्रखंड के अन्य महादलित टोलों में भी निर्धारित समय पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन की जिम्मेदारी संबंधित पंचायत सचिव, कृषि समन्वयक, तकनीकी सहायक, ग्राम आवास पर्यवेक्षक समेत अन्य कर्मियों को सौंपी गई है। प्रशासन की ओर से सभी संबंधित कर्मियों को समय पर कार्यक्रम संपन्न कराने का निर्देश दिया गया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बक्सर निवासी बुजुर्ग की मौत

आरा/शाहपुर। आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव मोड़ के समीप शुक्रवार की दोपहर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार बक्सर निवासी बुजुर्ग को रौंद दिया। हादसे में उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना को लेकर आसपास की इलाके में काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। उधर, घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बिलौटी मोड़ के समीप शव को सड़क पर रख जाम कर दिया। जिसके कारण करीब दो घंटे तक सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लगी रही एवं आवागमन पूरी तरह ठप्प रहा। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटवाया। तब परिचालन शुरू हो सका। इसके पश्चात पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतक बक्सर जिले के मुरार थाना क्षेत्र के ओझा बरांव गांव निवासी 60 वर्षीय दिव्य प्रकाश दुबे उर्फ मुन्ना दुबे है। वह पेशे से खाद व्यापारी थे। इधर, मृतक के परिजनों ने बताया कि वह बाइक बाइक द्वारा अपने गांव से बिलौटी बाजार पैसा कलेक्शन करने आए थे। वापस लौटने के दौरान बिलौटी गांव मोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना एवं उनके परिजन को दी गयी। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी ईमा दुबे व एक पुत्र अंकित दुबे एवं एक पुत्री श्रेष्ठी कुमारी है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। उनकी पत्नी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# एस .बी . कॉलेज आरा की एनएसएस इकाई-1 द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। एस.बी. कॉलेज, आरा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई-1 के तत्वावधान में आज ह्यहर घर तिरंगाह्व अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने ह्यहर घर तिरंगाह्व, ह्यभारत माता की जयह्व तथा देशभक्ति से जुड़े नारों के माध्यम से आम लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित किया। रैली का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान तथा एकता और अखंडता की भावना को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना स्नातकोत्तर विभाग की तरफ से डॉ अंकिता मिश्रा एवं अन्य स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष और अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे। एन एस एस इकाई-1 की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रीना देवी ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ह्यहर घर तिरंगाह्व अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम और राष्ट्रीय गौरव की भावना को सुदृढ़ करने का अवसर है रैली के सफल आयोजन में एनएसएस स्वयंसेवक ओम पांडेय, आदित्य कुमार, आलोक कुमार, मनीष, स्वागता की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता के संकल्प के साथ किया गया।

# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पीरो में निकली तिरंगा यात्रा, गूंजे देशभक्ति के नारे

प्रातः किरण संवाददाता

पीरो( आरा )। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पीरो नगर परिषद की ओर से शुक्रवार को सभापति के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। हाथों में तिरंगा लेकर नगर के सैकड़ों लोग, छात्र-छात्राएं, वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद के कर्मी यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान पूरा नगर देशभक्ति के नारों से गूंज उठा। तिरंगा यात्रा नगर परिषद स्थित कन्या मध्य विद्यालय से शुरू हुई, जो लोहिया चौक होते हुए बिहिया रोड पहुंची। इसके बाद यात्रा नगर परिषद कार्यालय होते हुए पुनः कन्या मध्य विद्यालय पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान लोगों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम्‌ के नारे लगाकर देशभक्ति का संदेश दिया। तिरंगा यात्रा में उपसभापति प्रत्याशी रवि केशरी, नगर प्रबंधक संदीप कुमार सिंह, नगर योजना पर्यवेक्षक गौरव पांडेय, स्वच्छता पदाधिकारी रजनीकांत माया, अरुण सिंह, नारायण कुमार, तेजनारायण, बुधन राम, शहनवाज खां समेत नगर परिषद के सभी वार्ड पार्षद शामिल हुए। वार्ड पार्षदों में तौफिक खां, असगर खां, नेसार अहमद, महाबीर कुमार, धर्मेंद्र राम, पप्पू सिंह, मंतोष सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया। नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों, छात्र-छात्राओं और आम नागरिकों की बड़ी भागीदारी से यात्रा का माहौल पूरी तरह देशभक्तिमय बना रहा। तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और देशप्रेम का संदेश दिया। यात्रा में शामिल लोगों ने स्वतंत्रता दिवस को पूरे उत्साह और गौरव के साथ मनाने का संकल्प भी लिया।

# महिंद्रा ने लांच किया ब्लेजो आई-टीआरके

## अधिक लाभ और इंटेलिजेंट ट्रकिंग के नए मानक करेगा स्थापित

प्रातः किरण संवाददाता



पूर्णिया। महिंद्रा ट्रक एंड बस ने ऑल-न्यू ब्लेजो आई-टीआरके को लांच करने की घोषणा की। यह नए दौर का हैवी कमर्शियल ट्रक ट्रांसपोर्टर्स और फ्लीट मालिकों से एक ही मुख्य वादा करता है प्रॉफिट का रॉकेट। महज एक ट्रक से बढ़कर ब्लेजो आई-टीआरके को पूरे बिजनेस के समाधान के रूप में तैयार किया गया है। यह बेहतरीन माइलेज, पावरफुल इंजन, स्मार्ट कनेक्टेड तकनीक और उद्योग में सबसे बेहतरीन अपटाइम गारंटी का शानदार मेल है। यह ग्राहकों को कमाई बढ़ाने, काम की रफ्तार सुधारने, चलाने का खर्च घटाने और अपनी गाड़ियों पर बेहतर कंट्रोल रखने में मदद करता है। 10% तक बेहतर माइलेज देने वाला ब्लेजो आई-टीआरके ईंधन की हर बूंद से अधिकतम लाभ निकालने के लिए कई एडवांस तकनीकों का इस्तेमाल करता है। इनमें एआई-संचालित आईफ्यूलस्मार्ट ऑटो ड्राइव मोड, टर्बोमैक्स टर्बोचार्जर, ऑप्टिफ्यूल एयर कंप्रेसर और कई अन्य हार्डवेयर व सॉफ्टवेयर समाधान शामिल हैं। यह बचत 5 सालों में प्रति ट्रक 15 लाख रुपये तक के अतिरिक्त मुनाफे में बदल सकती है, जिससे ग्राहकों को अपना व्यवसाय तेजी से बढ़ाने में मदद मिलती है। ब्लेजो आई-टीआरके रेंज में महिंद्रा का भरोसेमंद और बेहतरीन 320 एचपी एमपावर इंजन दिया गया है। ड्राइवर के आराम को बढ़ाने के लिए इसमें कॉम्फीमैक्स सस्पेंडेड सीट, ईजीक्रूज क्रूज कंट्रोल, हैंड्स-फ्री और सुरक्षित बातचीत के लिए माइक के साथ ब्लूटूथ-सक्षम म्यूज़िक सिस्टम, और एक विशाल, प्रीमियम व एर्गोनॉमिक एसी केबिन दिया गया है।

# शिक्षा विभाग ने स्कूलों तक किताबें पहुंचाने के खर्च का मांगा हिसाब

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। बिहार के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में हुए खर्च का अब राज्य स्तर पर समेकित हिसाब तैयार किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने प्रखंड स्तर से लेकर विद्यालय स्तर तक किताबें पहुंचाने में हुए वास्तविक खर्च का विस्तृत ब्योरा मांगा है। इसके लिए बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक धर्मेंद्र कुमार ने सभी जिलों के जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (ईई एवं एसएसए) को पत्र भेजकर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। पत्र के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बिहार राज्य पाठ्य-पुस्तक प्रकाशन निगम लिमिटेड की ओर से प्रखंड स्तर पर उपलब्ध कराई गई निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों को विद्यालय स्तर तक वितरित किया गया है। अब इन पुस्तकों को प्रखंड से विद्यालय तक पहुंचाने के क्रम में किए गए अथवा होने वाले खर्च का पूरा विवरण राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया है।इस बार पाठ्य-पुस्तकों को एक साथ सेट में भेजने के बजाय अलग-अलग खेप में भेजा गया है। इससे विद्यालयों तक सभी किताबें पहुंचाने में अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले कक्षा एक से आठ तक की सभी पुस्तकों को एक ही सेट में भेजा जाता था, जिससे उन्हें विद्यार्थियों तक पहुंचाना अपेक्षाकृत आसान होता था। अलग-अलग किताबें भेजे जाने के कारण परिवहन और वितरण की प्रक्रिया में अतिरिक्त खर्च होने की बात सामने आई है।विभाग ने जिलों से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर पाठ्य-पुस्तकों के परिवहन एवं वितरण में हुए खर्च का अंतिम रूप से आकलन करने का निर्णय लिया है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्रखंड स्तर पर प्राप्त निःशुल्क पुस्तकों को विद्यालय तक पहुंचाने में वास्तविक रूप से कितना खर्च हुआ, उसका प्रमाणिक विवरण तैयार कर भेजें। राज्य कार्यालय में जिलों से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर पाठ्य-पुस्तक मद में हुए व्यय की समेकित रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद खर्च की गई राशि से संबंधित प्रतिवेदन को अंतिम रूप से अनुमोदित एवं समेकित किया जाएगा। विभाग ने अधिकारियों को समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि शैक्षणिक सत्र में किताबों के वितरण पर हुए खर्च का स्पष्ट वित्तीय ब्योरा तैयार हो सके।

# जमीन विवाद में मारपीट, दो महिलाओं समेत चार घायल



प्रातः किरण संवाददाता

सीवान/दरौंदा।थाना क्षेत्र के हरदियरा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। घायलों में हरदियरा निवासी धीरज कुमार, ओमप्रकाश साह, लीलावती देवी तथा दवन छपरा निवासी लीलावती देवी शामिल हैं। मारपीट की घटना के बाद सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरौंदा में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। घटना को लेकर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मारपीट मामले में दोनों पक्षों की ओर से प्राथमिकी, आठ नामजद

- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर दोनों पक्षों से पिता-पुत्री समेत पांच को किया गिरफ्तार
- नवादा थाना क्षेत्र के सिविल कोर्ट के बाहर गुरुवार की दोपहर की घटना

प्रातः किरण संवाददाता

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के सिविल कोर्ट के बाहर गुरुवार को दो पक्षों के बीच हुए मारपीट मामले में दर्ज कर ली गई है। एक पक्ष के जहानाबाद जिले के करौना थाना क्षेत्र के सेवनन गांव निवासी कंचन देवी के बयान पर पति सुमित सिंह एवं सास रीता देवी सहित चार लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। दिए गए आवेदन में उनके द्वारा बताया गया है कि उनके पति द्वारा सिविल कोर्ट में डाइवोर्स फाइल किया गया है। उसी डेट पर वह अपने पिता व बहन के साथ आरा सिविल कोर्ट में आई थी। बाहर निकलने पर उन लोगों के द्वारा मारपीट की गई और उनके पिता को धारदार हथियार से मारकर जख्मी कर दिया गया। प्राथमिकी दर्ज होने के उपरांत पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर पति सुमित सिंह एवं सास रीता देवी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरे पक्ष से बड़हरा थाना क्षेत्र के पैगा गांव निवासी स्व. संत सिंह की पत्नी रीता देवी के द्वारा अपनी बहू कंचन देवी, उसके पिता अंगद सिंह सहित चार लोगों को नामजद आरोपित बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दिए गए आवेदन उनके द्वारा बताया गया है कि वह आरा सिविल कोर्ट में तारीख पर हाजिरी देने आई थी। जब वे लोग बाहर निकली तो उन लोगों द्वारा गाली-गलौज करते हुए उनके एवं उनके बेटे के साथ मारपीट की गई। प्राथमिकी दर्ज उपरांत त्वरित कार्रवाई कर कंचन देवी, उनके पिता अंगद सिंह एवं बहन बबीता देवी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि गुरुवार की दोपहर थाना क्षेत्र के सिविल कोर्ट के बाहर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों पक्षों से दो लोग जख्मी हो गए थे।

# सीओ और आरओ को हटाने के लिए पत्र लिखेंगे सभी मुखिया व पंसस

मुजफ्फरपुर। बोचहा प्रखंड परिसर स्थित सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख साजन पासवान की अध्यक्षता में हुई। पूर्व में हंगामा की भेंट चढ़ी बैठक शुक्रवार को शांतिपूर्ण तरीके से शुरू हुई। बैठक शुरू होते ही जनप्रतिनिधियों ने अंचल के कार्यशैली पर सवाल उठाया। जिसमें शरफुद्दीनपुर के मुखिया अजय कुमार ने अंचल अधिकारी पर अपमान करने और अंचल कर्मी धीरज कुमार पर रिश्वत लेकर काम करने का आरोप लगाया। इसके बाद कफेन चौधरी के पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार ने व मैदापुर के मुखिया पंकज कुमार चौधरी ने आरओ जितेंद्र कुमार पर बिना रिश्वत लिए एक भी काम न करने का आरोप लगाया। वहीं बैठक से आरओ के गायब रहने पर सभी मुखिया व पंसस ने इसे सदन की अवहेलना बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिस पर नरकटिया के मुखिया रंजन कुमार ने दोनों अधिकारी को अंचल से हटाने का प्रस्ताव पास कराया। सभी जनप्रतिनिधि ने एक स्वर में कहा की इसके लिए सरकार को पत्र लिखेंगे कि हर हाल में दोनों अधिकारी को यहां से हटाया जाय। वहीं सभी जनप्रतिनिधि ने सीओ नूपुर कुमारी के व्यवहार को लेकर खेद जताया। पीएचडी के जूनियर इंजिनियर पर लोगों का फोन न उठाने का मुद्दा उठाया गया। गरहाँ के मुखिया बैजू प्रसाद यादव ने कहा कि उनके पंचायत के पांच कमरों के स्कूल को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बना दिया गया है। वहां भूमि चिन्हित कर लिया गया है। बीईओ ने उसके लिए सरकार को प्रस्ताव भेजनें का आश्वाशन दिया। वहीं कफेन के पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार ने स्कूलों में स्थानीय शिक्षक के द्वारा पठन पाठन को अवरुद्ध करने का मामला उठाया।

# श्री ओम हॉस्पिटल का हुआ उद्घाटन, नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराया इलाज




प्रातः किरण संवाददाता

फतुहा। मेन रोड, फतुहा स्थित श्री ओम हॉस्पिटल का उद्घाटन मुख्य पार्षद रूपा कुमारी एवं उपमुख्य पार्षद अंजनी कुमारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर श्री पैलेस, ठल्-30अ मेन रोड, को-ऑपरेटिव कॉलोनी के पास, फतुहा में श्री ओम हॉस्पिटल के सौजन्य से 100 प्रतिशत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया, जिसमें हड्डी, जोड़, मांसपेशी, नस, गठिया, कमर-पीठ एवं गर्दन दर्द, लकवा, मिर्गी, छाती, पेट एवं मूत्र रोग, आंखों एवं मोतियाबिंद, दांतों की बीमारी, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इटऊ मशीन से हड्डियों की जांच भी निःशुल्क की गई तथा 40 वर्ष की उम्र के बाद नियमित हड्डी जांच कराने की सलाह दी गई। पंजीकृत मरीजों को निःशुल्क दवा एवं चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। अतिथियों का स्वागत श्री ओम हॉस्पिटल के संस्थापक बिरेश चन्द्र सिन्हा ने किया। उद्घाटन समारोह में लोजपा रामविलास के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव, पार्षद दीपक कुमार सिंह, भाजपा नेत्री अनिता पाटनी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। वहीं, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में सैकड़ों लोगों की जांच कर चिकित्सकों ने उन्हें उचित सलाह एवं दवा उपलब्ध कराई।

# टाटा समूह का ब्रांड तनेरा ने सगुना खगौल रोड में लॉन्च किया गया नया स्टोर



दानापुर। नगर के अंतर्गत टाटा समूह का ब्रांड तनेरा ने सगुना मोड़ खगौल रोड, में लॉन्च किया यह नया स्टोर शहर में ब्रांड की उपस्थिति को और मजबूत करता है तथा ग्राहकों को अधिक सुविधा और बेहतर रिटेल अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। यहां भारत की समृद्ध वस्त्र विरासत, चुनिंदा कलेक्शंस और एक समर्पित वेडिंग फ्लोर एक ही छत के नीचे उपलब्ध हैं ग्राहकों से वर्षों से मिले सकारात्मक प्रतिसाद के बाद, ब्रांड ने शहर की बदलती पसंद और अवसर विशेष परिधानों की जरूरतों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए इस नए स्टोर का शुभारंभ किया है। भारत की विविध वस्त्र परंपराओं को सम्मान देने की तनेरा की प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, यह स्टोर ग्राहकों को देश के प्रसिद्ध बुनाई केंद्रों से तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला देखने का अवसर प्रदान करता है। स्टोर का प्रमुख आकर्षण इसका विशेष वेडिंग फ्लोर है, जिसे दुल्हनों, परिवारों और शादी की खरीदारी करने वाले ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। ब्राइडल साड़ियों और दूसो कलेक्शंस से लेकर हल्दी, मेहंदी, संगीत, रिसेप्शन और उत्सवों के लिए परिधानों तक, यह फ्लोर हस्तनिर्मित उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत करता है, जो शादी के हर खास पल को और यादगार बनाने के लिए तैयार की गई है।क्लासिक और समकालीन परिधानों के सहज मेल के साथ, इस स्टोर में शुद्ध और प्राकृतिक कपड़ों से तैयार की गई

# 26 अगस्त को पटना में खुलेगा द ब्लेस्ड वनस का 9वां सेंटर



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। स्पेशल बच्चों के सशक्तिकरण की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए द ब्लेस्ड वनस अपना 9वां सेंटर बिहार की राजधानी पटना में शुरू करने जा रहा है। पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित इस सेंटर का उद्घाटन बुधवार, 26 अगस्त 2026 को सुबह 11.15 बजे होगा। यहां ऑटिज्म, डाउन सिंड्रोम, एडीएचडी , सेरेब्रल पाल्सी और अन्य विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को विशेषज्ञों की देखरेख में थेरेपी, शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और काउंसलिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर द ब्लेस्ड वनस , उड्ढ्ीर & रींरूंल्ल के फाउंडर अमितेज प्रियदर्शी के साथ डायरेक्टर पूनम कुमारी, डायरेक्टर डॉ. श्वेता बोरा, डायरेक्टर क्षितिज साठे, मेंटर सेवानिवृत्त कअर अधिकारी अमिताभ वर्मा, एडवाइजरी बोर्ड मेंबर डॉ. मीनाक्षी वर्मा , डायरेक्टर मनोज प्रसाद और पटना ब्रांच हेड एवं ऑक्यूपेशनल थेरापिस्ट डॉ. आशीष राज की मौजूदगी रहेगी। इस दौरान द ब्लेस्ड वनस पटना के मेंटर, श्री अमिताभ वर्मा ने कहा कि बिहार के विशेष बच्चों और उनके अभिभावकों के संघर्ष को करीब से देखने के बाद पटना में यह सेंटर शुरू करने का प्रयास किया गया है, ताकि परिवारों को बेहतर मार्गदर्शन और मजबूत सहयोग मिल सके। वहीं, पटना सेंटर हेड आशीष राज ने बताया कि संस्था का उद्देश्य हर बच्चे की क्षमता को पहचानकर उसे आत्मनिर्भर बनाना और समाज में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए तैयार करना है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली निविदा सूचना**

**निविदा सूचना संख्या : आर०एस०—101—विण्डो—मोड—डीएनआर, दि० 12/08/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिंचाई, सी०पी०डब्लु०डी०, एम०ई०एस० अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन—लाइन खुली निविदा आमंत्रित करते हैं :—

**1. कार्य का नाम, लोकेशन के साथ :** दानापुर डीवीजन के तहत ARA/DNR/RGD और RNCC डिपो में LWS और NAC CC कोच में खिड़कियों से एल्यूमीनियम विण्डो बार और विण्डो सपोर्ट को एक साल के लिए बदलना। **2. अनुमानित निविदा राशि (रुपया में) :** 95,20,000/— (रूपये पन्चानवे लाख बीस हजार मात्र)। **3. अग्रधन राशि (रूपया में) :** 1,90,400/— (एक लाख नब्बे हजार चार सौ मात्र)। **4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा ऑनलाइन **www.ireps.gov.in** पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 03.09.2026 को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निर्धारित तिथि को 12:30 बजे निविदा खोली जायेगी। **5. वेब साइट नाम एवं निविदा, शुद्धि पत्र (अगर जारी हुआ) संबंधी सूचना :** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेब साईट CRIS website: **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**मंडल रेल प्रबन्धक (यांत्रिक)**
**पूर्व मध्य रेल/दानापुर**

**पीआर/0747/डीएनआर/यॉ०/टी/26—27/44**

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

## संक्षिप्त खबरें

### दरभंगा में होगा इंटरनेशनल प्लैनेटरी पीस कॉन्फ्रेंस

दरभंगा। सेकंड इंटरनेशनल प्लैनेटरी पीस कॉन्फ्रेंस 2026 (आईपीपीसी-2026) के ब्रोशर का औपचारिक विमोचन शुक्रवार को ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति आवास पर कुलपति सह कॉन्फ्रेंस चेयर प्रो. संजय कुमार चौधरी ने किया। सम्मेलन का आयोजन 25-26 नवंबर को तारामंडल, दरभंगा में होगा।इसका केंद्रीय विषय नो ग्लोबल पीस विदाउट ग्लोबल जस्टिस है। मौके पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार चौधरी, पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. मुनेश्वर यादव, डॉ. रघुवीर रंजन, दर्शन विभाग की डॉ. प्रियंका राय, अक्षय कुमार झा तथा वर्ल्ड नेचुरल डेमोक्रेसी के अध्यक्ष एवं लेखक डॉ. जावेद अब्दुल्लाह उपस्थित रहे। ब्रोशर विमोचन के बाद प्रो. चौधरी और डॉ. अब्दुल्लाह के बीच सम्मेलन के विषय एवं नेचुरल डेमोक्रेसी की अवधारणा पर विस्तृत चर्चा हुई। कुलपति ने न्याय, समानता और मानवीय गरिमा के संदर्भ में विषय की प्रासंगिकता रेखांकित की। चर्चा में शांति को पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सामाजिक नैतिकता से जोड़ने पर भी बल दिया गया। डॉ. अब्दुल्लाह ने कहा कि वर्तमान सभ्यता की दिशा पर पुनर्विचार आवश्यक है। सम्मेलन में युवाओं, जेन-जी, पर्यावरणीय गतिविधियों और पीस मार्च को जोड़ने की संभावनाओं पर भी विचार हुआ। आईपीपीसी-2026 के ब्रोशर का प्रथम विमोचन 6 अगस्त को यूनिवर्सिटी ऑफ लद्दाख में किया गया था।

### बीडीओ ने जूस पिलाकर खेग्रामस आंदोलनकारियों का तुड़वाया अनशन

विभूतिपुर/समस्तीपुर। खेत मजदूर एवं ग्रामीण मजदूर सभा की विभूतिपुर प्रखंड कमिटी के बैनर तले प्रखंड कार्यालय के समक्ष चल रहा दो दिवसीय सत्याग्रह अनशन आंदोलन आज समाप्त हो गया। आंदोलन के दूसरे दिन सत्याग्रह स्थल पर एक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण सिंह ने की।सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य ललन कुमार और प्रखंड सचिव अजय कुमार ने मजदूरों के अधिकारों की आवाज बुलंद की।वहीं बैजनाथ महतो, मेघन भगत, विरेन्द्र राम, नंद कुमार, अनिल कुमार, विपिन चौधरी, संजय कुमार, दिनेश प्रसाद सिंह, अमरजीत यादव, रंजीत कुमार, कपिल कुमार महतो और तेजनारायण सिंह सहित कई वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया।वहीं पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओं से मुलाकात की और अपनी मांगों का स्मार पत्र सौंपा। तत्पश्चात बीडीओं ने आंदोलन स्थल पर पहुंचकर उपवास रख रहे आंदोलनकारी बैजनाथ महतो,कपिल कुमार महतो, रामनारायण महतो, विरेन्द्र राम और मेघन भगत को जूस पिलाकर अनशन खत्म करवाया।

### तीन बार मेमो भेजने के 15 दिन बाद सिंधिया घाट स्टेशन पर जली लाइट

विभूतिपुर/समस्तीपुर। आखिरकार दैनिक यात्रियों का आक्रोश और लगातार किया गया प्रयास रंग लाया। पिछले 15 दिनों से घने अंधेरे में डूबे विभूतिपुर प्रखंड के एकमात्र रेलवे स्टेशन सिंघिया घाट पर बिजली व्यवस्था बहाल कर दी गई है। स्टेशन अधीक्षक द्वारा समस्तीपुर रेल मंडल मुख्यालय को तीन बार मेमो भेजे जाने और दैनिक यात्री संघ के कड़े विरोध के बाद रेल प्रशासन की नींद खुली और स्टेशन की लाइटें दोबारा चालू की गईं।विदित हो कि भीषण गर्मी के बीच 15 दिनों से बिजली ठप रहने के कारण रात में ट्रेनों की क्रॉसिंग के समय यात्रियों को भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा था। बीच वाली लाइन पर गाड़ी खड़ी होने के कारण यात्रियों को अंधेरे में साढ़े तीन फीट की ऊंचाई से नीचे कूदना पड़ता था, जिससे कई लोग चोटिल हो चुके थे।

### धरहरा में गूंजा देशभक्ति का जोश काली स्थान से निकली भव्य तिरंगा यात्रा

धरहरा (मुंगेर)। हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को धरहरा प्रखंड में देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। काली स्थान से शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में युवा, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी एवं ग्रामीण शामिल हुए। हाथों में तिरंगा और जुबां पर ह्वभारत माता की जयह्व तथा ह्ववंदे मातरमह्व के नारों से पूरा धरहरा देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व मुखिया पूर्वेंदु नारायण सिंह के संयोजकत्व में किया गया। तिरंगा यात्रा काली स्थान से शुरू होकर धरहरा बाजार होते हुए रेंजर कार्यालय पहुंची। यात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों की धुन पर युवा और छात्र-छात्राएं उत्साह से झूमते नजर आए। पूरे मार्ग में तिरंगे लहराते रहे और वातावरण राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंजता रहा। यात्रा में अंचलाधिकारी वीरेंद्र कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी नीरज कुमार सिंह, बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका रजनी कुमारी, जदयू के मुंगेर जिला उपाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह, धरहरा दक्षिणी पंचायत के सरपंच राकेश रंजन उर्फ कालीचरण, भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष करुणाकर सिंह सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# देश के विभाजन की विभीषिका को भुलाना संभव नहीं : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। मानव विस्थापन के नाम पर भारत का विभाजन विश्व के इतिहास में एक काला अध्याय है जिसमे 1947 के अखंड भारत के को मजहब की उन्मादी तलवार से चीरकर इस्लामिक अधिकृत क्षेत्र का निर्माण किया गया और रातों रात करोड़ो हिंदू अपने देश में शरणार्थी हो गए। इस विभीषिका के हिंसा में दस से बारह लाख लोग मारे गए तथा डेढ़ करोड़ से अधिक लोग शरणार्थी हो गए'14 अगस्त को मां भारती के दो टुकड़े किए गए थे। हम सभी देशवासियों का पुनीत कर्तव्य है की इस अवसर पर विभाजन की हिंसा में जान गंवाने वालो को याद करें तथा उनके प्रति अपना श्रद्धा सुमन अर्पित करें।भारतीय जनता पार्टी दरभंगा पूर्वी जिला के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष विनय कुमार पासवान की अध्यक्षता मे बिभाजन की बिभिषिका विषय पर आयोजित संगोष्ठी में स्थानीय सांसद डा गोपाल जी ठाकुर ने उपरोक्त विचार व्यक्त किए। सांसद डा ठाकुर ने विभाजन को देश के लिए एक कलंक और भारतीय इतिहास का सबसे काला अध्याय बताते हुए कहा कि देश के बंटवारे को कभी भुलाया नही जा सकता। नेहरू और जिन्ना के प्रधानमंत्री पद की लिप्सा ने हजारों वर्षों से एक साथ रहने वाले लोगों के बीच जिस प्रकार की मजहबी नफरत की भावना पैदा की उसके कारण लाखों लोगों की हत्या, करोड़ो लोगो का पलायन रास्ते के धूप, वर्षा की असहनीय तकलीफ, भूख और प्यास से तड़पते बच्चों की लाश को सभ्यता के विकास के बाद इस धरती का सबसे काला सच है जिस पर पर्दा तो डाला जा सकता है लेकिन भुलाना संभव नहीं । विभाजन के लिए सीधे तौर पर नेहरू की सत्ता लोलुपता तथा कांग्रेस की अवसरवादिता को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि समाजवादी नेता डा लोहिया ने अपनी किताब गिल्टी मैन ऑफ पार्टिशन में स्पष्ट लिखा है कि नेहरू और कांग्रेस के नेताओ की सत्ता की भूख ने इस बिभीषिका को आमंत्रित किया। सांसद ने संगोष्ठी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा की आजादी के 79 वे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विभीषिका दिवस के रूप में याद करना तथा स्मृति दिवस के रूप में मनाना लाखों मारे गए तथा करोड़ों पलायन एवं बिस्थापित हुए भारतवंशी के प्रति हर भारतीय की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित करना है तथा आनेवाली पीढ़ी को भविष्य के प्रति इन ताकतों से सचेत करना है। संगोष्ठी में जिला महामंत्री शत्रुघ्न सहनी विधानसभा संयोजक मणिकांत मिश्र , महावीर सिंह इंद्रेश झा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नीरज चौधरी राधेश्याम झा शिवाकांत सहनी राजकुमार साहनी सभी जिला संगठन तथा मंच मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने आम जनों की समस्याओं पर की सुनवाई

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा आयोजित जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कई आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र एवं उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शाह जुबेर रोड निवासी मीना देवी ने एससीएसटी थाना द्वारा इनके प्राथमिकी दर्जा नहीं किए जानेमन की शिकायत की गई। धुरिया मकवा असरगंज निवासी कपिलदेव प्रसाद सिंह ने वासगीत पर्चा दिलाने की मांग की। मकससपुर बाड़ा निवासी किश्वरी खातून ने अपने भाइयों पर मारपीट करने और घर से निकालने की शिकायत की। बरियारपुर रतनपुर वार्ड 6-7 निवासी सुनील कुमार, सहजानंद राय आदि ने वहां बने नए पोखर को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। जनता दरबार में इसके अलावे भी अन्य विभागों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए, जिनमें जमीन संबंधी, सामाजिक सुरक्षा, राशन कार्ड, अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें भी रहीं। जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध जांच कर समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्राप्त सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# स्वतंत्रता दिवस पर एसएसबी ने निकाली भव्य बाइक रैली



- 120 जवानो ने तिरंगे के साथ लिया हिस्सा, देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का दिया संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी। 80वें स्वतंत्रता दिवस एवं हर घर तिरंगा महोत्सव के अवसर पर सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), पटना की ओर से गुरुवार को भव्य बाइक रैली निकाली गई। रैली का आयोजन लोगों के बीच राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति की भावना को और मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया।रैली का शुभारंभ सीमांत मुख्यालय, एसएसबी पटना से हुआ। उपमहानिरीक्षक के. रंजीत के नेतृत्व में जवानों ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर बाइक रैली में भाग लिया। रैली सीमांत मुख्यालय से आशियाना रोड तक निकाली गई, जिसमें एसएसबी के करीब 120 बलकर्मियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।इस दौरान जवानो ने तिरंगे के साथ देशभक्ति का संदेश दिया। रैली के माध्यम से आम लोगों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व तथा राष्ट्रध्वज के सम्मान के प्रति जागरूक करने का भी प्रयास किया गया।एसएसबी अधिकारियों ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करना है। बाइक रैली में जवानों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने राजधानी की सड़कों पर देशभक्ति का माहौल बना दिया।

# सीएम साइंस कॉलेज में शिक्षक संघ का गठन,डॉ दिनेश बने अध्यक्ष, विश्वदीपक को मिली सचिव की कमान

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। सीएम साइंस कॉलेज, दरभंगा में महाविद्यालय के सभी स्थायी शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्थायी शिक्षकों के हितों, आपसी समन्वय, शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों में सहयोग तथा शिक्षकों की सामूहिक समस्याओं के समाधान के लिए शिक्षक संघ के गठन पर विचार-विमर्श करना था। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने शिक्षक संघ की आवश्यकता एवं उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय में एक शिक्षक संघ का गठन किया जाए, जो शिक्षकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विकास में सकारात्मक और रचनात्मक भूमिका निभाएगा। विचार-विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से शिक्षक संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। नवगठित शिक्षक संघ में अध्यक्ष के रूप में डॉ. दिनेश प्रसाद साह, उपाध्यक्ष के रूप में डॉ. खालिद अनवर, सचिव के रूप में डॉ. विश्व दीपक त्रिपाठी, संयुक्त सचिव के रूप में डॉ. सत्येन्द्र कुमार झा तथा कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. अभय सिंह को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. शाकिर अहमद, डॉ. पूजा अग्रहरि, डॉ. आदित्यनाथ मिश्र, डॉ. पंकज कुमार चौधरी एवं डॉ. ऋचा कुमारी का चयन किया गया। नवगठित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने प्रधानाचार्य प्रो. संजीव कुमार मिश्र से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रधानाचार्य ने नव निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए संघ के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए पूर्ण सहयोग देने का उन्हें आश्वासन दिया। मौके पर नवगठित शिक्षक संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों ने भी प्रधानाचार्य को आश्वस्त किया कि नवगठित संघ महाविद्यालय में स्वस्थ शैक्षणिक वातावरण, आपसी सहयोग एवं समन्वय को मजबूत करने तथा शिक्षकों और महाविद्यालय के हितों के लिए प्रभावी भूमिका निभाएगा।

# एमएलएसएम महाविद्यालय से निकाली गई हर घर तिरंगा यात्रा



दरभंगा। महाराज लक्ष्मीश्वर सिंह महाविद्यालय, दरभंगा में ह्वहर घर तिरंगा अभियानह्व के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों द्वारा आज भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम का नेतृत्व नरेंद्र कुमार नीरज एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुजीत कुमार साफी ने किया। यात्रा के दौरान प्रतिभागियों ने भारत माता की जय,वंदे मातरम्, महात्मा गांधी अमर रहें,राजा लक्ष्मीश्वर सिंह अमर रहें, जैसे राष्ट्रभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। तिरंगा यात्रा में महाविद्यालय के सम्मानित वरिष्ठ शिक्षक एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. नंदकिशोर झा, डॉ. विनय कुमार झा, डॉ अंजीत चौधरी, डॉ ज्वाला चंद्र चौधरी, एनसीसी सी टी ओ डॉ संगीता कुमारी, डॉ बीणा कुमारी, डॉ मनोज कुमार वर्मा, डॉ आशा कुमारी, डॉ वंदना कुमारी , के अलावे पवन कुमार मिश्रा, अनूप कुमार, कृष्ण कुमार, अकाउंटेंट राहुल कुमार, रंजन कुमार सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं व विभिन्न विभाग के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया तथा उपस्थित दर्ज करायी । यात्रा के माध्यम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति सम्मान और तिरंगे के प्रति गौरव की भावना जागृत करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शंभु कुमार यादव ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि ह्वस्वतंत्रता दिवस हमें देश की स्वतंत्रता के लिए किए गए संघर्ष और असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग का स्मरण कराता है। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, लोकतांत्रिक मूल्यों और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए।ह्व कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

### चौथी पुण्यतिथि पर याद किए गए पूर्व विधायक चंद्रावली ठाकुर



विभूतिपुर/समस्तीपुर। प्रखंड अंतर्गत कांग्रेस कार्यालय कल्याणपुर में प्रखंड अध्यक्ष कपिलेश्वर कुंवर की अध्यक्षता में पूर्व विधायक दिवंगत चंद्रवली ठाकुर का चौथा पुण्यतिथि मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। वक्ताओं ने उनके कार्य करने की क्षमता, जनता की सेवा करने की तरीका एवं उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए 2 मिनट का मौ धारण कर उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर चंद्रभूषण सिंह, संजीव कुमार ठाकुर, नंदकिशोर यादव, धर्मेश चौधरी, कैलाश राम, भोला प्रसाद अरुण,रंधीर ईसर, कमल किशोर ईसर, रमाशंकर ईसर, पवन कुमार सिंह, शत्रुघ्न पासवान,गौरी शंकर ईसर,छोटू कुंवर सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर भाजपा की बैठक में जोर



दरभंगा। भाजपा जिला दरभंगा पश्चिमी की संगठनात्मक बैठक जिलाध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठनात्मक संरचना, आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों तथा बूथ स्तर तक संगठन को और मजबूत एवं प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. पवन जायसवाल ने कहा कि भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित एवं अनुशासित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा आपसी समन्वय के साथ संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने मंडल कमेटियों के मोर्चा गठन को शीघ्र पूरा करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्वमन की बातह्व कार्यक्रम को सभी बूथों पर शत-प्रतिशत सफल बनाने पर जोर दिया। दरभंगा सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि कार्यकताओं के परिश्रम और समर्पण से भाजपा का संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की अपील की। बिहार संस्कृत शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मृत्युंजय झा ने भी संगठनात्मक गतिविधियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में मंडल एवं बूथ स्तर की सक्रियता, कार्यकताओं के बीच समन्वय और जनसंपर्क अभियान को प्रभावी बनाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री हरि सहनी, केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा,पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, डॉ अर्जुन सहनी,जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष अंकुर गुप्ता,जिला महामंत्री सुजीत मल्लिक, संतोष पोद्दार सहित जिला संगठन के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री,विभिन्न मोर्चों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जयनगर में खुला ड्रगमेडिक्स अंग्रेजी दवाखाना, 15 प्रतिशत तक की छूट

- अंग्रेजी दवाओं की विस्तृत रेंज के साथ आयुर्वेदिक उत्पाद भी उपलब्ध, शहर में होम डिलीवरी की सुविधा
- रॉयल होटल कैंपस परिसर में शुरू हुआ दवाखाना, ग्राहको को उद्घाटन के अवसर पर विशेष ऑफर

प्रात : किरण संवाददाता




जयनगर। शहरवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जयनगर शहर में ड्रगमेडिक्स अंग्रेजी दवाखाना का शुभारंभ किया गया है। रॉयल होटल कैंपस परिसर में स्थित इस दवाखाने में ग्राहकों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए विभिन्न प्रकार की अंग्रेजी दवाओं के साथ स्वास्थ्य एवं आयुर्वेदिक उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दवाखाने में सामान्य बीमारियों से संबंधित दवाओं के अलावा रेस्पिरेटरी केयर, दर्द निवारक दवाएं, इम्युनिटी से जुड़े उत्पाद तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी सामग्री उपलब्ध है। दवाओं एवं स्वास्थ्य उत्पादो को अलग-अलग श्रेणियों में व्यवस्थित किया गया है, जिससे ग्राहकों को अपनी जरूरत की सामग्री आसानी से मिल सके।जयनगर शहर क्षेत्र में ग्राहकों के लिए होम डिलीवरी की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे बुजुर्गों, बीमार लोगों एवं घर से बाहर निकलने में असमर्थ ग्राहकों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। ग्राहक अपनी आवश्यकता के अनुसार दवाओं के लिए दवाखाने से संपर्क कर सकते हैं।दवाखाने के शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए 15 प्रतिशत तक की विशेष छूट का ऑफर भी दिया जा रहा है। संचालक के अनुसार अंग्रेजी दवाओं के साथ आयुर्वेदिक एवं स्वास्थ्य संबंधी उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। ड्रगमेडिक्स का उद्देश्य ग्राहकों को दवा उपलब्ध कराने के साथ सुविधाजनक सेवा और बेहतर स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। दवाखाना रॉयल होटल कैंपस परिसर, जयनगर में स्थित है।

पशुपालन निदेशालय, बिहार सरकार द्वारा जनहित में जारी

बिहार सरकार

बिहार पशु प्रजनन विनियमन अधिनियम, 2025

बेहतर नस्ल ★ अधिक उत्पादन ★ सुरक्षित भविष्य

पशुपालकों एवं कृत्रिम गर्भाधान (AI) से जुड़े सभी व्यक्तियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

बिहार सरकार द्वारा ''बिहार पशु प्रजनन विनियमन अधिनियम, अगस्त 2025'' से लागू किया गया है। इसका उद्देश्य राज्य में गुणवत्तापूर्ण पशु प्रजनन सेवाएँ सुनिश्चित करना तथा पशुधन की नस्ल एवं उत्पादकता में सुधार करना है।



मुख्य प्रावधान

- केवल पंजीकृत Artificial Insemination Technician (AIT) ही AI सेवा प्रदान करेंगे।
- केवल प्रमाणित एवं अधिकृत सीमेन/ सेक्स–सॉर्टेड सीमेन का ही उपयोग एवं वितरण किया जाएगा।
- सीमेन बैंक, AI सेवा प्रदाता, AI प्रशिक्षण संस्थान एवं IVF-ET प्रयोगशालाओं का पंजीकरण अनिवार्य होगा।
- अपंजीकृत अथवा अवैध रूप से पशु प्रजनन संबंधी गतिविधियाँ करना दण्डनीय अपराध होगा।

पशुपालकों से अपील

- कृत्रिम गर्भाधान केवल अधिकृत तकनीशियन से ही कराएँ।
- AI कराने से पहले तकनीशियन का पंजीकरण/पहचान अवश्य देखें।
- अधिक दूध उत्पादन, स्वस्थ बछड़े तथा बेहतर नस्ल के लिए प्रमाणित सीमेन का ही उपयोग कराएँ।

AI तकनीशियन, निजी संस्थान एवं सीमेन विक्रेताओं हेतु

पंजीकरण

यदि आप कृत्रिम गर्भाधान सेवा, सीमेन वितरण, सीमेन बैंक, प्रशिक्षण संस्थान अथवा अन्य पशु प्रजनन गतिविधियों से जुड़े हैं, तो अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक पंजीकरण एवं अनुज्ञप्ति प्राप्त करें।

नोट: अधिनियम का उल्लंघन करने पर जुर्माना एवं अन्य दण्डात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें

अपने जिला के जिला पशुपालन पदाधिकारी या बिहार लाइवस्टॉक डेवलपमेंट एजेंसी, बिहार, पटना ईमेल: pdblda.pat@gmail.com

सशक्त नस्ल – समृद्ध पशुपालक – विकसित बिहार

पशुपालन निदेशालय
डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार सरकार

PR No.- 009974 (Animal)D. 2026-27

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शनिवार, 15 अगस्त, 2026



# विकसित भारत जी राम जी के प्रावधानों के बारे में जानकारी देने हेतु पंच सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। शुक्रवार को गांधी सभागार, रमना बेतिया में विकसित भारत जी राम जी के प्रावधानों के बारे में जानकारी देने हेतु पंच सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें पूरे जिले के सभी पंचायत के मुखिया,/उप मुखिया, सभी प्रखंडों के प्रमुख/उप प्रमुख एवं पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद के अध्यक्ष/ उपाध्यक्ष एवं जिला परिषद के सभी सदस्य, विधायक गण, सांसद एवं विकसित भारत जी राम जी के अंतर्गत नियुक्त कार्यक्रम पदाधिकारी, पंचायत रोजगार सेवक एवं अन्य कर्मी, जो विकास आयुक्त, निर्देशक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान से किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। सर्वप्रथम गणमान्य अतिथियों का स्वागत पौधा से किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए निर्देशक पुरुषोत्तम त्रिवेदी द्वारा बताया गया कि विकसित भारत जी राम जी जो मनरेगा का स्थान लिया है उसके संबंध में जानकारी देने के लिए जनप्रतिनिधियों को सभी प्रावधानों से अवगत कराने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है। इसके साथ-साथ उन्होंने बताया कि जैसा कि नाम से स्पष्ट है विकसित भारत का लक्ष्य पूरा करने हेतु, रोजगार की गारंटी सुनिश्चित करने हेतु तथा आजीविका के साधन विकसित करने हेतु यह अधिनियम अपने बदले स्वरूप में लाया गया है। अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए निदेशक द्वारा बताया गया कि अब एक परिवार को बर्ष में 125 दिन का रोजगार की गारंटी स्थापित किया गया है। इसके साथ-साथ मजदूरी दर 300 रखा गया है। कृषि कार्य के दौरान 60 दिन का घोषित बंदी का प्रावधान है।भुगतान की प्रक्रिया पारदर्शी रखी गई है। इसके साथ-साथ योजना में पारदर्शिता एवं निगरानी के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन द्वारा बताया गया की विबी जी राम जी एक व्यापक योजना है जो ग्रामीण क्षेत्रों में विकास का नया आयाम स्थापित करेगा। ग्राम पंचायत के माध्यम से क्रियान्वित यह योजना अपने नए रूप में प्रतिफल देगा। मुख्य अतिथि के रूप में शामिल सांसद, बेतिया डॉक्टर संजय जायसवाल ने बताया कि जब यह विधायक के अस्तित्व में आने की बात हो रही थी उस समय चर्चा में मैं शामिल था और संसद में इसके प्रावधानों को लागू करने पर व्यापक बहस में भी मैं शामिल हुआ। इसके प्रावधान विकसित भारत की अवधारणा को लागू करने के लिए बनाए गए हैं इसके साथ-साथ जल संरक्षण और जल संचयन जैसे आवश्यक तत्व को प्राथमिकता दिया गया है। उन्होंने सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया कि विकसित भारत जी राम जी को प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों का आह्वान किया कि विकसित भारत जी राम जी एक व्यापक योजना है इसे पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित किया जाए और विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता की जाए। बेतिया की विधायक एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी द्वारा बताया गया कि रोजगार के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में वृद्धि पर भी हम सबों को ध्यान देना चाहिए।जी राम जी में स्कूल के अवसंरचना के विकास का प्रावधान किया गया है। अतः शिक्षा के केंद्र में आवश्यकता अनुसार कार्य को प्राथमिकता दिया जाना चाहिए।

# तिरंगा केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान, बलिदान और एकता का प्रतीक:गरिमा

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान हर घर तिरंगा का उत्साह शुक्रवार को बेतिया में चरम पर दिखा। नगर निगम बेतिया की महापौर गरिमा देवी सिकारिया के नेतृत्व में सैकड़ों महिला-पुरुषों ने हाथों में तिरंगा लेकर भव्य जागरूकता मार्च निकाला।चंपारण सत्याग्रह के यादगार स्मारक हजारीमल धर्मशाला परिसर से निकलकर नगर निगम क्षेत्र में वार्ड 17, 14 और 18 के विभिन्न मुहल्लों से होकर नगर निगम का जत्था शहीद स्मारक में पहुंचा। महापौर गरिमा देवी सिकारिया के नेतृत्व में निकली यात्रा में सिटी मैनेजर अभिषेक कुमार और सहायक अभियंता कृष्णा कुमार सहित दर्जनों कर्मी और सैकड़ों आम लोग शामिल रहे। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि तिरंगा यात्रा अभियान को लेकर शुक्रवार को सुबह-सुबह ही नगर निगम परिसर से शुरू हुए इस जुलूस में देशभक्ति के नारों से पूरा शहर गूंज उठा। भारत माता की जय और हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा के उद्घोष के साथ यह मार्च शहर के हृदय स्थल लाल बाजार और मीना बाजार के व्यस्त मार्गों से होते हुए गुजरा। बाजार में मौजूद दुकानदारों और आम नागरिकों ने भी इस यात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया और कई लोग स्वतः ही जुलूस में शामिल हो गए। तिरंगा यात्रा का समापन शहीदों की स्मृति को समर्पित ह्लशहीद स्मारकह्व पार्क पर किया गया। जहां शहीदों को नमन करने के बाद महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल तीन रंगों का कपड़ा नहीं, बल्कि हमारे स्वाभिमान, बलिदान और एकता का प्रतीक है। प्रधानमंत्री जी का सपना है कि स्वतंत्रता दिवस पर देश के हर घर पर तिरंगा लहराए, ताकि नई पीढ़ी अपने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग को याद रखे। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील किया कि अपने घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यालयों पर शान से तिरंगा फहराएं और इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाएं। इस दौरान नगर निगम के अधिकारी, वार्ड पार्षद और बड़ी संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता दिवस पर एसएसबी ने आयोजित की मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

बगहा। स्वतंत्रता दिवस-2026 के अवसर पर 65वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की ओर से सीमावर्ती क्षेत्र में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कमांडेंट नंदन सिंह मेहरा के मार्गदर्शन में समवाय त्रिवेणी एवं सीमा चौकी मटियरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में सीमावर्ती क्षेत्र के युवाओं, ग्रामीणों और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। विद्यार्थियों के लिए दौड़ को जूनियर और सीनियर वर्ग में विभाजित किया गया। महिला जूनियर वर्ग में सबाना ने प्रथम, किसकिता ने द्वितीय और निशानिनी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं महिला सीनियर वर्ग में अर्पिता कुमारी प्रथम, लक्ष्मी कुमारी द्वितीय और ईशा कुमारी तृतीय रहीं। पुरुष जूनियर वर्ग में आदर्श कुमार ने प्रथम, अक्कर ने द्वितीय और करण कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग-ए में संजय कुमार प्रथम, संदीप कुमार एवं कृष्ण कुमार द्वितीय तथा रिशु कुमार तृतीय रहे। सीनियर वर्ग-बी में राज कुमार ने प्रथम, सुजीत उरांव ने द्वितीय और कुंदन पासवान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### 20 दिव्यांग लाभुकों का हुआ चयन 10 को मिली बैटरी चालित ट्राइसाइकिल

बेतिया ।चनपटिया प्रखंड मुख्यालय कार्यालय से चनपटिया परिसर में गुरुवार को दिव्यांगजनों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बैटरी चालित ट्राइसाइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सांसद डॉ. संजय जायसवाल तथा बीडीओ प्रणव कुमार गिरि ने 10 लाभुकों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदान कर हरी झंडी दिखाकर उन्हें रवाना किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रणव कुमार गिरी समेत अन्य कर्मी तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। ट्राइसाइकिल मिलने के बाद लाभुकों के चेहरे पर खुशी की लहर नजर आई। लाभुकों ने कहा कि अब उन्हें आने-जाने के लिए दूसरों पर निर्भरता कम होगी और दैनिक कार्यों के साथ रोजगार, बाजार व सरकारी कार्यालयों तक पहुंचने में भी सहूलियत मिलेगी ।बीडीओ ने बताया बचे शेष लाभूकों को आते ही उन्हें ट्राइसाइकिल मुहैया करा दी जाएंगी कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनके आवागमन को सुगम करने की दिशा में इस तरह की योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। बैटरी चालित ट्राइसाइकिल से लाभुकों को शिक्षा, रोजगार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा कड़ी

बगहा। स्वतंत्रता दिवस को लेकर भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज के आसपास एसएसबी और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने चौकसी बढ़ा दी है। भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाले गंडक बराज के फाटक नंबर-1 स्थित एसएसबी पोस्ट पर जवानों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। बतादें, स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर सीमा क्षेत्र से होने वाली हर गतिविधि पर सुरक्षा बलों की पैनी नजर है। गंडक बराज से भारत और नेपाल के बीच आवागमन करने वाले लोगों की जांच की जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही वाहनों और सामान की भी आवश्यकतानुसार जांच की जा रही है। गंडक नदी और बराज क्षेत्र की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसबी जवान लगातार गश्त कर रहे हैं। सीमा से जुड़े रास्तों, बराज के आसपास के क्षेत्रों और प्रमुख प्रवेश-बिंदुओं पर निगरानी बढ़ाई गई है। सुरक्षा बलों द्वारा स्थानीय लोगों से भी किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को देने की अपील की गई है। सुरक्षा अधिकारियों का कहना है कि स्वतंत्रता दिवस को लेकर सीमा क्षेत्र में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि को लेकर विशेष सावधानी बरती जा रही है और सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी।

# नगर पंचायत बोर्ड बैठक में विकास कार्यों पर लगी मुहर

प्रात : किरण संवाददाता



सुगौली,पू.चः नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन नसरीन अली की अध्यक्षता में शुक्रवार को सामान्य बोर्ड की बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई। साथ में नगर कार्यपालक पदाधिकारी धमेंद्र कुमार,उप चेयरमैन सरीता देवी,सांसद प्रतिनिधि प्रदीप सर्राफ,कृषि समन्वयक इम्तेयाज अहमद मौजूद रहें। बैठक में नगर क्षेत्र के विकास,ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण,जलजमाव की समस्या तथा लंबित योजनाओं को गति देने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पारित प्रस्तावों से नगर के विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। बैठक में पूर्व की बैठकों में लिए गए निर्णयों की संपुष्टि करते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में अधूरे पड़े सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा नगर के ऐतिहासिक शिवालय मंदिर के सुंदरीकरण,रंग-रोगन और आवश्यक रखरखाव के लिए विशेष प्रस्ताव पारित किया गया। नगर पंचायत क्षेत्र के पोखरों एवं तालाबों के जीर्णोद्धार को लेकर भी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। पूर्व में स्वीकृत राशि से कराए जा रहे कार्यों के साथ शेष तालाबों के संरक्षण,सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार की दिशा में भी योजना तैयार करने पर सहमति बनी। वहीं नगर की जर्जर एवं अत्यंत महत्वपूर्ण सड़कों को चिह्नित कर उनके नवनिर्माण की मंजूरी के लिए प्रस्ताव आगे बढ़ाया गया। जलजमाव की समस्या को लेकर बैठक में नगर क्षेत्र में जलजमाव की समस्या का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। प्रतिनिधि ने माना कि जलजमाव को लेकर आम लोगों की शिकायतें जायज हैं। बोर्ड के सदस्यों ने एकमत होकर जलजमाव की समस्या के तत्काल समाधान पर जोर दिया। संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया गया कि नगर के किसी भी हिस्से में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में अध्यक्ष,उपाध्यक्ष सहित सभी वार्ड पार्षद एवं संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मौके पर वार्ड पार्षद श्याम शर्मा,राजकुमार सर्राफ,रोविन पासवान,अकरम रजा सहित अन्य वार्ड पार्षद मौजूद रहें।

# मोतिहारी की प्रतिभाशाली तलवारबाज पुष्पांजलि कुमारी का साई वाराणसी केंद्र के लिए हुआ चयन

प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) द्वारा संचालित खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर (तलवारबाजी), मोतिहारी, पूर्वी चंपारण की खिलाड़ी पुष्पांजलि कुमारी का चयन राष्ट्रीय उत्कृष्ट केंद्र (ठउडए), सिगरा, वाराणसी में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण के लिए हुआ है। पुष्पांजलि कुमारी ने 22 से 24 जुलाई 2026 तक वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय चयन ट्रायल में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर यह सफलता हासिल की है। भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) द्वारा अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण, आधुनिक खेल उपकरण, भोजन-आवासन तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पुष्पांजलि कुमारी पिछले 3 वर्षों से खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर, मोतिहारी में प्रशिक्षक (कोच) राजन कुमार के कुशल मार्गदर्शन में अभ्यास कर रही हैं। उनकी इस स्वर्णिम उपलब्धि से खेल प्रेमी और स्थानीय खिलाड़ियों में खुशी की लहर है। पुष्पांजलि कुमारी की इस शानदार सफलता पर जिला खेल पदाधिकारी, अंकित कुमार के साथ अरविंद पांडेय उच्च वर्गीय लिपिक, रमेश कुमार एवं खेलो इंडिया स्माल सेंटर के सभी खिलाड़ियों ने बधाई दी।

# नहर की जाली में फंसी नीलगाय का सफल रेस्क्यू

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। मुख्य पूर्वी नहर से हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन के लिए निकलने वाली नहर में जंगल से भटककर गिरी एक नीलगाय को ग्रामीणों के सहयोग से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। चरघरिया के समीप नहर में कचरा छानने के लिए लगी जाली में नीलगाय फंस गई थी। वह डूबते-उतराते हुए जिंदगी बचाने के लिए संघर्ष कर रही थी। आसपास के ग्रामीणों की नजर पड़ने के बाद तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। ग्रामीणों ने वनकर्मियों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद नीलगाय को जाली से बाहर निकाला। नहर में गिरने के दौरान उसके दोनों पैरों में चोट लग गई थी। रेस्क्यू के बाद वन विभाग के वाहन से घायल नीलगाय को रेंज कार्यालय लाया गया, जहां पशु चिकित्सक द्वारा उसका उपचार किया गया। रेंजर सत्यम कुमार ने बताया कि नहर में गिरने के कारण नीलगाय के दोनों पैरों में चोट आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति बेहतर हुई। चिकित्सकीय देखरेख के बाद नीलगाय को उसके प्राकृतिक आवास में वापस छोड़ने का निर्णय लिया गया।वन विभाग की टीम ने उपचार के बाद नीलगाय को वीटीआर के घने जंगल में मोटर अड्डा के समीप सुरक्षित छोड़ दिया। प्राकृतिक आवास में वापस पहुंचने के बाद नीलगाय जंगल की ओर चली गई।

# गंडक बराज चेकपोस्ट पर फोटोग्राफी प्रतिबंध के पालन का निर्देश

बगहा। इंडो-नेपाल सीमा स्थित गंडक बराज चेक पॉइंट पर फोटोग्राफी एवं वीडियो शूटिंग पर प्रतिबंध को लेकर एसएसबी ने सख्ती बरतने का निर्देश दिया है। 21वीं बटालियन एसएसबी के कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत ने कंपनी इंचार्ज लोकेश बनिया को निर्देश देते हुए कहा कि सीमा क्षेत्र के चेक पॉइंट के अंतर्गत आने वाले प्रतिबंधित स्थानों पर स्थानीय लोगों और पर्यटकों द्वारा फोटो अथवा वीडियो बनाने की गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जाए। कमांडेंट ने कहा कि सीमा सुरक्षा से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करना एसएसबी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए चेक पॉइंट पर तैनात जवानों को भी पूरी सतर्कता के साथ निगरानी रखने और प्रतिबंधित क्षेत्र में फोटोग्राफी करने वालों को नियमों की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। वहीं, सीमा क्षेत्र में कार्य करने वाले मीडिया कर्मियों की सुविधा को लेकर नेपाल एपीएफ के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया है। मीडिया कर्मियों को उनके कार्य संपादन के दौरान पहचान सुनिश्चित करने के लिए विशेष पहचान पत्र (आई कार्ड) की व्यवस्था किए जाने की बात सामने आई है। इससे सीमा क्षेत्र में सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अधिकृत मीडिया कर्मियों को समाचार संकलन में सुविधा मिल सकेगी। एसएसबी अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा और मीडिया कार्य के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियों के बीच आवश्यक स्तर पर बातचीत और सहयोग बनाए रखने पर जोर दिया जा रहा है।

# जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए

प्रात : किरण संवाददाता




मोतिहारी शुक्रवार को पूर्वी चंपारण समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 51 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता लोक शिकायत शैलेंद्र कुमार भारती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा। आज भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में एडीएम (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती के साथ एडीएम विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत वृद्धाश्रम सहारा, पश्चिमी चंपारण में भव्य तिरंगा रैली एवं पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। वृद्धाश्रम सहारा, पश्चिमी चंपारण में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भव्य तिरंगा रैली एवं पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी राकेश कुमार रहे। उनके आगमन पर वृद्धाश्रम सहारा के अधीक्षक श्री आदित्य कुमार मधुकर द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम के सभी वरिष्ठजनों एवं उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक तिरंगा रैली में भाग लिया। रैली के माध्यम से हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा का संदेश जन-जन तक पहुँचाया गया तथा राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया गया। आरोही कला संस्कृति वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव श्री प्रभात झा उर्फ चन्दन झा विशिष्ट अतिथि के तौर पे मौजूद रहें, उनके और उनके टीम द्वारा वृद्धाश्रम में पौधा लगाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश कुमार ने कहा कि वरिष्ठ जन हमारे समाज की धरोहर हैं। उनके अनुभव और जीवन-मूल्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने वरिष्ठजनों के साथ इस प्रकार के राष्ट्रीय एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने की सराहना की। रैली के पश्चात सभी उपस्थित लोगों एवं वरिष्ठजनों द्वारा सामूहिक रूप से पौधरोपण किया गया। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का समापन देशभक्ति एवं पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।

# टीबी मुक्त अभियान के तहत थारूहट क्षेत्र में विशेष जांच शिविर आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत पश्चिम चंपारण जिले के थारूहट क्षेत्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (फ्इरङ) की टीम द्वारा विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर लोगों की टीबी संबंधी जांच की जा रही है। अभियान का उद्देश्य दूरस्थ एवं वंचित क्षेत्रों के लोगों में टीबी की शीघ्र पहचान कर समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में गौनाहा प्रखंड की दोमाढ़ पंचायत अंतर्गत महायोगीन गांव में आरबीएसके टीम द्वारा शिविर लगाकर ग्रामीणों की टीबी संबंधी जांच की गई तथा संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। वहीं, मैनाटांड़ प्रखंड के थारूहट क्षेत्र स्थित पंचायत भवन चौहट्टा में भी विशेष जांच शिविर आयोजित कर लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर के दौरान ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव, समय पर जांच एवं नियमित उपचार के प्रति जागरूक भी किया गया। सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिले के सुदूर एवं थारूहट क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। टीबी का समय पर पता लगने और नियमित उपचार से यह बीमारी पूरी तरह ठीक हो सकती है। सभी नागरिकों से अपील है कि यदि दो सप्ताह से अधिक समय तक खांसी, बुखार, वजन कम होना या रात में अधिक पसीना आने जैसे लक्षण हों तो निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर निःशुल्क जांच अवश्य कराएं।

# हर घर तिरंगा अभियानः एसएसबी ने निकाली भव्य मोटरसाइकिल तिरंगा रैली

बगहा। स्वतंत्रता दिवस के पूर्व हर घर तिरंगा अभियान के तहत शुक्रवार को एसएसबी 21वीं वाहिनी, बगहा की ओर से देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य मोटरसाइकिल तिरंगा रैली निकाली गई। कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत के मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहभागिता में आयोजित रैली का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करना रहा। एसएसबी 21वीं वाहिनी मुख्यालय, बगहा से रवाना होकर रामपुर चेक नाका, मदनपुर होते हुए लक्ष्मीपुर चौक पहुंची। यहां सीमा चौकी प्रभारी के नेतृत्व में स्थानीय सीमा मित्रों, सीमावर्ती नागरिकों और छात्र-छात्राओं ने रैली का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद रैली वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बैराज की ओर रवाना हुई। गंडक बैराज चेक पोस्ट पर एसएसबी जवानों ने वाल्मीकिनगर पुलिस एवं सीमावर्ती लोगों के साथ स्वतंत्रता दिवस के महत्व, राष्ट्रध्वज के सम्मान और नागरिकों के कर्तव्यों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। लोगों से अपने घरों पर तिरंगा फहराकर राष्ट्रीय गौरव और एकजुटता प्रदर्शित करने की अपील की गई। रैली गंडक बैराज चेक पोस्ट से सीमा चौकी गंडक बैराज पहुंची और इसके बाद वापस रस्इ 21वीं वाहिनी मुख्यालय, मंगलपुर पहुंचकर संपन्न हुई। इस अवसर पर कमांडेंट तपेश्वर संबित राउत ने कहा कि तिरंगा देश की स्वतंत्रता, वीर जवानों के शौर्य, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और राष्ट्र की एकता-अखंडता का प्रतीक है। हर घर तिरंगा अभियान नागरिकों को राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्य और गौरव से जोड़ने का सशक्त माध्यम है।

# गंडक बराज के 34 नंबर फाटक में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

बगहा। भारत-नेपाल सीमा को जोड़ने वाले वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज के 34 नंबर फाटक में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बहकर आने की सूचना से सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया। शव पानी में फंसा होने की सूचना मिलते ही नेपाल पुलिस और नेपाल सशस्त्र पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। सूचना पर नेपाल सशस्त्र पुलिस के इंस्पेक्टर ध्रुव प्रसाद भट्ट तथा नेपाल पुलिस के सब इंस्पेक्टर सुरेश पाल के नेतृत्व में सुरक्षाकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे। टीम ने स्थानीय परिस्थितियों का जायजा लेने के बाद काफी मशक्कत करते हुए शव को पानी से बाहर निकाला ।सुरक्षाकर्मियों के अनुसार शव काफी पुराना होने के कारण पूरी तरह सड़-गल चुका था। शव की स्थिति को देखते हुए तत्काल उसकी पहचान नहीं हो सकी। नेपाली अधिकारियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मध्य बिंदु अस्पताल, डंडा भेजे जाने की जानकारी दी ।अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही व्यक्ति की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। समाचार प्रेषण तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस ने शव की पहचान कराने के लिए आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है। रेस्क्यू अभियान के दौरान नेपाल सशस्त्र पुलिस के सब इंस्पेक्टर गोकर्ण राणा, नेपाल पुलिस के असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर अर्जुन प्रसाद हरिजन सहित नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस के अन्य अधिकारी और जवान मौजूद रहे।

# ऐतिहासिक भीतिहरवा गांधी आश्रम में स्वच्छता रैली का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त 2026 को पश्चिम चम्पारण के ऐतिहासिक भीतिहरवा गांधी आश्रम, गौनाहा में मेरा युवा भारत (टȣ ईं१३), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी, पश्चिम चम्पारण, श्री शशांक मित्तल के निर्देशन में स्वच्छता एवं जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 700 से अधिक विद्यार्थियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। रैली के माध्यम से स्वच्छता, सामाजिक उत्तरदायित्व, श्रमदान, सेवा भावना एवं राष्ट्रनिर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि भीतिहरवा गांधी आश्रम पश्चिम चम्पारण ही नहीं, बल्कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। वर्ष 1917 में महात्मा गांधी के चम्पारण आगमन और चम्पारण सत्याग्रह के दौरान भीतिहरवा उनके रचनात्मक एवं जन-जागरण कार्यों का एक प्रमुख केंद्र बना। गांधीजी ने यहां शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक जागरूकता को सत्याग्रह के व्यापक उद्देश्य से जोड़ा। भीतिहरवा में गांधीजी के नेतृत्व में बुनियादी शिक्षा एवं सामाजिक सुधार के कार्यों को गति मिली। कस्तूरबा गांधी ने भी यहां शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रकार भीतिहरवा केवल एक ऐतिहासिक आश्रम नहीं, बल्कि सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, शिक्षा और जनभागीदारी के गांधीवादी विचारों की जीवंत विरासत है। इतिहास से वर्तमान तक—युवाओं का स्वच्छता संकल्प इसी ऐतिहासिक विरासत को वर्तमान पीढ़ी से जोड़ते हुए मेरा युवा भारत द्वारा भीतिहरवा में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली में कैडेट्स, तथा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रमुख रूप सेः

- कस्तूरबा गांधी कन्या विद्यालय, भीतिहरवा
- टी.पी. वर्मा कॉलेज
- यू.एम वी., भीतिहरवा

सहित विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवं युवा संगठनों की सहभागिता रही। युवाओं ने दिया स्वच्छता और सेवा का संदेश रैली के दौरान युवाओं ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए स्थानीय समुदाय को स्वच्छ एवं स्वस्थ परिवेश के लिए प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने स्वच्छता को केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी न मानकर इसे सामुदायिक एवं राष्ट्रीय दायित्व के रूप में अपनाने का संदेश दिया। यह आयोजन विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण रहा क्योंकि जिस भीतिहरवा की धरती पर महात्मा गांधी ने वर्ष 1917 में शिक्षा, स्वच्छता और सामाजिक सुधार के माध्यम से जन-जागरण का कार्य किया था, उसी ऐतिहासिक स्थल पर आज की युवा पीढ़ी ने स्वच्छता और राष्ट्रसेवा का संदेश आगे बढ़ाया। जिस धरती से चम्पारण सत्याग्रह ने जन-जागरण की मशाल प्रज्वलित की थी, उसी धरती से आज युवाओं ने स्वच्छता, सेवा और राष्ट्रनिर्माण का संकल्प आगे बढ़ाया।


स्वतंत्रता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर समाज के सभी देवतुल्य जनता जनार्दन को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।
जितेंद्र गुप्ता ,जिला प्रवक्ता
भाजपा सह
जिला संयोजक, वैश्य समागम
औरंगाबाद बिहार, मो-8541816151


80वां स्वतंत्रता दिवस की अवसर पर समस्त पंचायत वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
निवेदक : ममता कुमारी,
भावी मुखिया प्रत्याशी,
अहमदपुर हरना पंचायत, कुर्था


80वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल की ओर से समस्त छात्र-छात्राओं एवं जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं ।
DELHI PUBLIC SCHOOL
निवेदक: धर्मेंद्र कुमार
प्रिंसिपल, तेजपुरा, अरवल


समाजवाद ! • राष्ट्रवाद ! • लोकतंत्र जिंदाबाद !
लोक जनशक्ति पार्टी (आर)
चुनाव चिन्ह हेलीकॉप्टर
15 TH अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
श्री चिराग पासवान जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री
केंद्रीय भारत सरकार
जय हिंद ! जय भारत !!
जय हिंद जय भारत
रूपक कुमार
लोक जनशक्ति पार्टी (आर)
समाजवाद ! • राष्ट्रवाद ! • लोकतंत्र जिंदाबाद !


स्वतंत्रता दिवस की
समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई ।
रक्षाबंधन
(डॉ) मनीष पंकज मिश्रा
वरीष्ठ भाजपा नेता गयाजी सह राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष
15th August
NAWADA VIDHI MAHAVIDYALAYA
NAWADA (BIHAR)
An ISO Certified Institution 21001:2018
Recognized by BCI New Delhi, Permanently Affiliated to Magadh University, Bodh-Gaya, Approved by Govt. of Bihar, Patna.
ADMISSION NOTICE 2025-26
ONLINE (TUTORIALS) & OFFLINE CLASSES ARE GOING ON:
Bus facility available in Town service, equipped by CCTV & Wi-Fi facility.
Phone No-06324 212205, 212206, 295054, 295055,
Mob No: 9939447474, 7667204644, 8083880786, 9065457964, 8340686180
Dr. D.N. Mishra, Principal | Mob No: 9431224775
A. P. MEMORIAL LAW COLLEGE
GAYA JI (BIHAR)
ADMISSION NOTICE: 2025-26
Bus facility available in Town service, equipped by CCTV & Wi-Fi facility.
Contact us Email: apmemoriallawcollege@gmail.com
Mob No: 9431224775, 9934222071, 8825318149, 8709744952, 7903561682
Prof. Awadhesh Kr Singh, Principal, Mob No: 9934222071
डॉ मनीष पंकज मिश्रा


समस्त क्षेत्रवासियों एवं बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
shanti niketan
Institute of technology
A Polytechnic College
YOUR FIRST CAREER DECISION. STARTS WITH YOUR COURSE.
Choose what you want to become good at.
BBA
BCA
PGDM (MBA)
POLYTECHNIC DIPLOMA
FOR ADMISSION : 8757242999 | 7295990197 www.snitgaya.com
CAMPUS LOCATION : GOVINDPURAM, RAUNA( CHAKAND), GAYA, BIHAR
निवेदक : शांति निकेतन एकेडमी 373, एपी कॉलोनी, नियर आशा सिंह मोड़, गया-823001, बिहार


ABHINEET NURSING HOMES. & LAPAROSCOPIC CENTRE PVT. LTD.
A Centre for Laparoscopic, Laser & General Surgery, Gynae & Obs., Infertility and Endourology
स्वतंत्रता की भावना से ओत-प्रोत
आइए, मिलकर बनाएं
स्वस्थ, सशक्त और विकसित भारत
15 अगस्त 2026
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं!
स्वस्थ समाज, समृद्ध राष्ट्र
जय हिन्द! वंदे मातरम्!
Dr. Ratan Kumar
CONSULTANT SURGEON
MBBS (Hons), MS FAIS, FCGP, FMAS
Dr. (Mrs.) Amita Sinha
CONSULTANT GYNAECOLOGIST
MBBS (Hons), MS (Gyn.), Allahabad, FCGP
बेहतर इलाज की सभी सुविधाएं एक ही छत के नीचे
SERVICES AVAILABLE
GENERAL SURGERY
LAP. GYNAE SURGERY
LAP. SURGERY
ENDOUROLOGY
HYSTROSCOPIC SURGERY
COSMETIC & PLASTIC SURGERY
GYNAE & MATERNITY SERVICES
INFERTILITY & FAMILY PLANNING
SURGICAL ICU
LASER TREATMENT (PILES, FISSURES, FISTULA)
FACILITIES AVAILABLE
SCAN FOR DETAILS
OPD Timings : 10:00 A.M. to 02:00 P.M. & 04:00 PM to 06:00 P.M. (EXCEPT SUNDAY)
21A/42, West Church Road, Professor's Colony, Gaya - 823001, Bihar (India)
9693518422


स्वतंत्रता दिवस 2026 के शुभ अवसर पर चन्द्रधारी मिथिला महाविद्यालय, दरभंगा परिवार की ओर से सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई ।
15 August
(प्रो०. (डॉ) मुश्ताक अहमद)
प्रधानाचार्य
सी०. एम०. कॉलेज, दरभंगा।


स्वतंत्रता दिवस की समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई ।
HAPPY INDEPENDENCE DAY
C. M. SCIENCE COLLEGE, DARBHANGA
(Re-accredited with "A" Grade by NAAC)
(A Premier Institution of Bihar)
Website: www.cmsc.ac.in, E-mail: principal@cmsc.ac.in, Phone: 06272-222051/Mob.: 9430527766
89 Years of Glorious Heritage
Inspiring Minds in Science Education since 1938
Key Features
Extensive Library with Reading Room facility
Advanced Laboratories
High-Speed Wi-Fi Campus
Well-maintained Hostel Accommodation
Co-educational Environment
Fully Equipped Computer Laboratory
Smart Classrooms with Advanced Technology
Separate Common Rooms for Boys and Girls.
AIKTE-Approved BCA Course available under Self-Finance Scheme
6-Month Certificate Course in: Mushroom Cultivation Herbal Medicine PC Hardware Mobile Repair Health Care
(Prof. Sanjeev Kumar Mishra) PRINCIPAL
(प्रो०. संजीव कुमार मिश्रा
प्राचार्य, सी०. एम०. साइंस कॉलेज
दरभंगा।


समस्त देशवासियों को 80 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
स्वतंत्रता केवल राजनीतिक आजादी का नाम नहीं, बल्कि यह हमारी भाषा, संस्कृति, साहित्य और विचारों की स्वतंत्रता का भी प्रतीक है।
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर साहित्य, संस्कृति, राष्ट्र की एकता एवं अखंडता को मजबूत बनाने मे हम अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लें
जय हिंद! जय भारत!
चंद्रभूषण सिंह चंद्र
अध्यक्ष, नूतन साहित्यकार परिषद
कांटी ( मुजफ्फरपुर)


80 वें स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन पर सम्पूर्ण बिहार वासियों एवं कांटी की जनता को हार्दिक शुभकामनाएं
कांटी विधानसभा क्षेत्र के बहुमुखी विकास तथा किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के अधिकारों की रक्षा एवं उन्हें सम्मान दिलाने के लिए मैं पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहूंगा। क्षेत्र की जनता की आकांक्षाओं को मूर्त रूप देना और कांटी को प्रगति के पथ पर ले जाना मेरी प्राथमिकता है।
आइए, इस स्वतंत्रता दिवस पर हम सभी एकता, भाईचारे, सामाजिक समरसता और विकास का संकल्प लें तथा राष्ट्र और समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वाह करें।
जय हिंद! जय भारत!
ई . अजित कुमार
विधायक
, कांटी विधानसभा क्षेत्र
(मुजफ्फरपुर)


समस्त क्षेत्रवासियो व बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
रघुनंदन कुमार
प्रिंसिपल एस.बी.पब्लिक स्कूल
हवेली खड़गपुर, मुंगेर।


समस्त क्षेत्रवासियो व बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
मनोज कुमार सिंह
प्रधानाध्यापक
रंगलाल इंटर स्कूल शेरघाटी


समस्त क्षेत्रवासियों एवं बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
राजकुमार सिंह
प्रधानाध्यापक
प्रोजेक्ट कन्या इंटर विधालय


समस्त क्षेत्रवासियों एवं बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
पिंकी देवी, मुखिया
कायमनगर ग्राम पंचायत
प्रखंड -कोईलवर


समस्त क्षेत्रवासियो व बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव कुमार
जन वितरण प्रणाली विक्रेता
कल्याणपुर उत्तर, विभूतिपुर, समस्तीपुर


कल्याणपुर उत्तर पंचायतवासियों सहित संपूर्ण देशवासियों को 80 वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं।
साधना देवी ,सरपंच
ग्राम पंचायत राज कल्याणपुर उत्तर, बिभूतिपुर समस्तीपुर


समस्त क्षेत्रवासियों एवं बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
गोरेलाल मंडल
प्रवक्ता सह जेपी सेनानी जिला नागरिक परिषद के अध्यक्ष, मुंगेर।


समस्त क्षेत्रवासियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों, शिक्षाप्रेमियों, मीडियाबंधुओं एवं संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
Mr.N K Singh
Managing director
K.m. Academy School


आवासीय सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल, कल्याणपुर विभूतिपुर(समस्तीपुर)-848160 की ओर से सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों, शिक्षाप्रेमियो ,मीडिया बंधुओं एवं संपूर्ण देशवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
डॉ. रमेश कुमार ठाकुर
प्रबंध निदेशक
+91-9931973244
नोट-प्री नर्सरी से 10वे वर्ग तक की पढ़ाई की सर्वोत्तम व्यवस्था।


समस्त बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
रामाकांत राय
एलआईसी अभिकर्ता, संगठन सचिव
मो.9934239509


समस्त क्षेत्रवासियों एवं बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार चौपाल
आवास सहायक
कल्याणपुर उत्तर, विभूतिपुर, समस्तीपुर


समस्त क्षेत्रवासियों, छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों, शिक्षाप्रेमियों, मीडियाबंधुओं एवं संपूर्ण देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
सुधा कुमारी , प्रधानाध्यापिका
प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर कोयना, बिभूतिपुर, समस्तीपुर


15 अगस्त
आप सभी को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ विरेन्द्र कुमार
उर्फ गणेश पासवान
मेयर
गया नगर निगम
चिन्ता देवी
उप मेयर
गया नगर निगम
सशक्त स्थायी समिति सदस्य
डा. अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव
तबस्सुम परवीन
सारिका कुमारी
उपेंद्र कुमार सिंह
विनोद कुमार यादव
चुन्नू खान
मनोज कुमार
निगम की उपलब्धियां
1 निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 1( 92 होल्डिंग टैक्स का संग्रहण किया गया
2 275 रोड / नाली / की योजनाओं का स्वीकृति दिया गया
3 10 तालाबों का ज़ीर्णोद्धार एवं सौंदरीकरण का कार्य जारी है
स्वच्छता में नगर निगम का सहयोग करें
यात्रा के दौरान कचरा नहीं फेंके.. बल्कि डस्टबिन का उपयोग करें
डस्टबिन का उपयोग करें
नगर निगम, गया
स्वच्छ गया – स्वस्थ गया – सुंदर गया
डॉ गगन
नगर आयुक्त


समस्त क्षेत्रवासियों एवं बिहारवासियों को 80वीं स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद साहब मलिक
जन सूराज पार्टी, जिला अध्यक्ष मुंगेर।


खगौल नगर परिषद
निवर्तमान मुख्य पार्षद
सुजीत कुमार के तरफ से खगौल नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं


खगौल नगर परिषद
कार्यपालक पदाधिकारी
अभिनव कुमार के तरफ से खगौल नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी
शुभकामनाएं


खगौल महिला कॉलेज की प्राचार्य डॉ उषा विद्यार्थी की तरफ से खगौल नगर वासी एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं


जय हिन्द
जय भारत
80वें स्वतंत्रता दिवस
के मौके पर
समस्त देशवासियों को
हार्दिक बधाई
अनुराधा सिंह
मुखिया, जरमा नवानगर पंचायत
संजय सिंह 'पप्पू सिंह'
महामंत्री, दरभंगा जिला पूर्वी भाजपा


हर घर तिरंगा, हर दिल में भारत
आइए, हम सभी हर घर तिरंगा अभियान के साथ जुड़ें।
आप सभी को
आजादी के महान पर्व "स्वतंत्रता दिवस" की
हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
डॉ गोपाल जी ठाकुर
सांसद, दरभंगा


हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएँ
डॉ. मुरारी मोहन झा
विधायक, 86-केवटी विधानसभा क्षेत्र, दरभंगा


एकता और अखंडता का उत्सव मनाएं
हर घर तिरंगा
15 अगस्त को जरूर फहराएं
आप समस्त देशवासियो को आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, एवं दुर्गा पुजा की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
CA सुरेश झा


स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की ढेर सारी
शुभकामनाएं!
राजकुमार उर्फ गुड्डू यादव
बोलबम धर्मकांटा
फोरलेन के पास, फतुहा (पटना)


स्वतंत्रता दिवस
रक्षा बंधन
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
शुभकामनाएं
बबन यादव
अंजनी कुमारी


स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की
ढेर सारी
शुभकामनाएं!
टुनटुन यादव
रूपा कुमारी


स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
की
ढेर सारी
शुभकामनाएं
अरविन्द यादव
फतुहा प्रखंड अध्यक्ष, राजद


स्वतंत्रता दिवस
रक्षाबंधन
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
ऋषि जायसवाल
माँ वैष्णो ट्रेडर्स
सोनारू मोड़ के पास, फतुहा


स्वतंत्रता दिवस
की ढेर सारी शुभकामनाएं।
रक्षाबंधन
ढेर सारी शुभकामनाएं।
श्री कृष्ण जन्माष्टमी
विनय कुमार जायसवाल
डायरेक्टर
बेथम एपीजे एकेडमी
जेठुली, फतुहा (पटना)


खगौल जगत नारायण लाल कॉलेज की प्राचार्य डॉ मधु प्रभा सिंह की तरफ से खगौल नगर वासी एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएं


आओ मिलकर मनाएं
80वाँ स्वतंत्रता दिवस
जय हिन्द
15 अगस्त 2026
स्वतंत्रता के इस पावन पर्व पर आइए, हम सब मिलकर देश की एकता, अखंडता और समृद्धि का संकल्प लें।
हार्दिक शुभकामनाएं!
श्रीमती नैना कुमारी
श्री धर्मवीर कुमार उर्फ सरदार जी


15 AUGUST
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द! जय भारत!
डॉ. दीपशिखा काव्या
Consultant Psychiatrist
Samvedna Psychiatric Clinic & De-Addiction Center
हमारी सेवाएं
7367853224
9142183479
आइए, मिलकर बनाएं एक सशक्त, स्वस्थ और आत्मनिर्भर भारत!


गया जिला जनता दल (यूनाईटेड)
हर घर तिरंगा, हर दिल तिरंगा!
15 AUGUST
80


आप सभी को
आज़ादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
तिरंगे की शान, देश का अभिमान आज़ादी के वीरों को शत्-शत् नमन।
जय हिंद!
उदय कुमार सिंह
विधायक, शेरघाटी विधानसभा 226




## संक्षिप्त खबरें

### इसुआपुर में 51 फीट लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई

इसुआपुर । स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को पब्लिक न्यूज के बैनर तले तिरंगा यात्रा निकाली गई। पत्रकार राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में शहीदों के सम्मान में निकाली गई इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा-युवती एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। यह यात्रा पुरसौली महावीर मंदिर से शुरू होकर बजरंग मोड़ आता नगर तक पहुंची। 51 फीट लंबे तिरंगा झंडे के साथ लोग वीर शहीद अमर रहें ,वंदे मातरम, भारत माता की जय जैसे गगन भेदी नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा में थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, पत्रकार राकेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया राज किशोर सिंह, एमडी वारिस, अनवर हुसैन, गोलू कुमार गौरव, रणवीर सिंह, विजय सिंह, खुर्शीद आलम, गुड्डू अंसारी, मिथुन कुशवाहा, रोमियो विद्यार्थी, लाल बाबू सिंह, विनोद महतो, शिवचरण राय, राजीव कुशवाहा, राकेश कुमार राम समेत सैकड़ो लोग थे। फोटो - इसुआपुर में शुक्रवार को शहीदों के सम्मान में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर निकाली गई तिरंगा यात्रा में शामिल थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार, पत्रकार राकेश कुमार सिंह, राज किशोर सिंह व अन्य।

### वीकेएसयू में एमबीए-एमसीए प्रवेश परीक्षा में 324 में 235 अभ्यर्थी हुए शामिल

आरा। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा के एमबीए एवं एमसीए विभाग में शैक्षणिक सत्र 2026-28 में नामांकन के लिए शुक्रवार को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा का केंद्र आरा स्थित एसबी कॉलेज को बनाया गया था। दोनों पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए कुल 324 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें 235 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 89 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

एमसीए प्रवेश परीक्षा में कुल 191 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें 155 छात्र-छात्राएं परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 36 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, एमबीए में 133 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जिसमें 90 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए और 43 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार एमबीए में उपस्थिति की तुलना में अनुपस्थिति अधिक रही, जबकि एमसीए में अधिकांश अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी।प्रवेश परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा के लिए दो घंटे का समय निर्धारित था और अभ्यर्थियों से ओएमआर शीट पर जवाब लिया गया।

## सारण में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन



प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। उत्तराखंड के हल्द्वानी स्थित रामलीला मैदान में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के उपरांत कथित ह्यशुद्धिकरणह्ल और छुआछूत जैसी कुत्सित मानसिकता के विरोध में शुक्रवार को सारण जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आयोजित इस जिलास्तरीय मार्च व सत्याग्रह का नेतृत्व जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर चौधरी ने किया। यह मार्च नगर पालिका चौक से प्रारंभ होकर डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल तक पहुंचा, जहां एक सभा में तब्दील हो गया.

**संवैधानिक मूल्यों पर आघात है ऐसी संकीर्ण सोच**

सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. शंकर चौधरी ने तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि, *गत 8 अगस्त 2026 को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने हल्द्वानी में जनसभा को संबोधित किया था, इसके दो दिन बाद 10 अगस्त को आरएसएस-भाजपा समर्थित संगठनों द्वारा हवन-यज्ञ कर गंगाजल से मैदान का कथित शुद्धिकरण किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, चिंताजनक और समाज को बांटने वाली सोच का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, गरिमा और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मौलिक अधिकार देता है, लोकतंत्र में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं, परंतु किसी दलित या वंचित समाज से आने वाले राष्ट्रीय नेता की उपस्थिति के बाद सार्वजनिक स्थल को ह्यअशुद्धह्ल मानना सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों पर सीधा हमला है।

**नफरत की राजनीति के खिलाफ संघर्ष रहेगा जारी**

डॉ. चौधरी ने स्पष्ट किया कि भारत की वास्तविक ताकत उसकी विविधता, सहिष्णुता और लोकतांत्रिक परंपराओं में निहित है. नफरत और भेदभाव पर आधारित राजनीति के लिए हमारे लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं हो सकता। कांग्रेस पार्टी ऐसी दकियानूसी और विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ सड़क से संसद तक लड़ाई लड़ती रहेगी।इस अवसर पर सत्याग्रह एवं मार्च में मुख्य रूप से मालिक प्रसाद यादव, अब्दुल कादिर खान, कुमार विशाल सिंह, राहुल कुमार यादव, अतुल कुमार आदि थे।






# गायघाट स्थित मूक-बधिर बालिका विद्यालय में हर घर तिरंगा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**प्रातः किरण संवाददाता**

पटनाः सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (भारत सरकार) के केंद्रीय संचार ब्यूरो, पटना द्वारा राजकीय मूक-बधिर बालिका मध्य विद्यालय, गायघाट में हर घर तिरंगा अभियान के तहत जनजागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान और देशभक्ति की भावना जगाना था।



समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय की सबसे छोटी छात्रा शुमैला फिरदौस रहीं। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र कुमार प्रवीण (निदेशक, उफ्छर), लौकिक पारख (उपनिदेशक, उइउ), सीमा कुमारी (वरिष्ठ लेखाधिकारी) और शशांक सिंह (सहायक निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तिकरण) सहित कई गणमान्य अतिथियों ने छात्राओं को अनुशासन, कड़ी मेहनत और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम का विशेष आकर्षण विद्यालय परिसर में निकाली गई उत्साहपूर्ण तिरंगा यात्रा रही।

# मंहिला सशक्तीकरण की सबसे मजबूत आधारशिला है शिक्षा : बिहार विधान सभा अध्यक्ष

**प्रात: किरण संवाददाता**

बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ० प्रेम कुमार आज गौतम बुद्ध महिला कॉलेज, गया जी के 74वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए।इस अवसर पर ह्नबिहार में महिला शिक्षा एवं सशक्तीकरण : अवसर और चुनौतियाँ विषय पर आयोजित एक दिवसीय सेमिनार को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला शिक्षा केवल एक बेटी का जीवन नहीं बदलती, बल्कि पूरे परिवार और आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाती है।
























मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद राय Mob.: 9212228045, 8130691216, (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9971557129, 9334542496